* * * रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

लोकसभा चुनाव 2024

रांची, शनिवार 25 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 46

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में वोट आज

**सभी तैयारियां पूरी**

**सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक पड़ेगा वोट**

शुभम किशोर। रांची

राज्य की चार सीटों रांची, गिरिडीह,धनबाद और जमशेदपुर में शनिवार को वोट पड़ेगा. सभी बूथों पर भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है. तीसरे चरण में 93 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. इनमें गिरिडीह से 16, धनबाद से 25, रांची से 27 और जमशेदपुर सीट से 25 उम्मीदवार शामिल हैं. 40.09 लाख महिलाओं सहित 82.16 लाख वोटर इन क्षेत्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. कुल वोटरों में से 2.5 लाख 18-19 आयु वर्ग के हैं, जो पहली बार वोट करेंगे. वहीं 290 तृतीय लिंगी हैं.

दिलचस्प यह है कि इस चरण में 766 वोटर 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं.उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस चरण में 35,852 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है. उन्होंने बताया कि मतदान दलों को उनके संबंधित स्थानों के लिए शुक्रवार को ही रवाना कर दिया गया. डॉ. अरोड़ा ने कहा कि हर बूथ पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा. चार संसदीय क्षेत्रों में कुल मिलाकर 8,963 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी.

## झारखंड में तीसरा चरण : चार सीटें, 93 प्रत्याशी



**कुल लोस सीट - 4**

**कुल मतदाता 82,16,506**

पुरुष मतदाता 42,06,926 | महिला मतदाता 40,09,260

**फर्स्ट टाइम वोटर - 2,49,994**


| | |
|---|---|
| 100+ वोटर - | 766 |
| पोलिंग स्टेशन - | 8963 |
| बैलेट यूनिट - | 21511 |
| कंट्रोल यूनिट - | 10756 |
| वीवी पैट - | 11652 |
| पोलिंग पर्सन - | 35852 |

**किस लोकसभा में कितने मतदाता**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| रांची | 11,12,524 | 10,84,738 | 21,97,331 |
| धनबाद | 11,96,501 | 10,88,656 | 22,85,237 |
| गिरिडीह | 9,60,489 | 9,04,163 | 18,64,660 |
| जमशेदपुर | 9,37,412 | 9,31,733 | 18,69,728 |

### इनकी प्रतिष्ठा दांव पर

सभी चार सीटों पर इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच सीधा मुकाबला है. रांची सीट पर यशस्विनी सहाय भाजपा के मौजूदा सांसद संजय सेठ के खिलाफ सीधी लड़ाई में हैं. धनबाद में भाजपा के दुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच सीधा मुकाबला है. जमशेदपुर में भाजपा के मौजूदा सांसद विद्युत वरन महतो और झामुमो के बहरागोरा से विधायक समीर मोहंती के बीच भी सीधी लड़ाई होने की संभावना है.गिरिडीह में आजसू पार्टी के चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला झामुमो के टुंडी से विधायक मथुरा महतो से है. एनडीए और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है.









## छठा चरण: देश में 58 सीटों पर मतदान आज

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांच चरण के मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. छठे चरण का मतदान शनिवार को होना है. छठे दौर में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों के लिए वोटिंग होनी है. इन प्रदेशों से कुल 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर मतदान होना है. साथ ही जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी मतदान होगा. छठे चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 15 है. जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें मेनका गांधी, मनोहर लाल खट्टर, महबूबा मुफ्ती, राज बब्बर, दिनेश लाल निरहुआ, धर्मेंद्र यादव, कन्हैया कुमार, मनोज तिवारी समेत कई हाई-प्रोफाइल चेहरे शामिल हैं. इनके साथ ही धर्मेंद्र प्रधान, राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर जैसे मंत्रियों की किस्मत भी शनिवार को ईवीएम में कैद हो जाएगी.

बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में 6 वें चरण में शामिल इन 58 सीटों में से भाजपा ने 40 सीटों पर जीत हासिल की थीं. वहीं दूसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी रही. तब इस चरण की चार सीटें बसपा के खाते में आई थीं. वहीं कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था. पिछले लोकसभा चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22% फीसदी मतदान हुआ था. सबसे ज्यादा 84.59 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था. वहीं, सबसे कम 8.98 फीसदी मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,800 |
| चांदी (किलो) | 92,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### चैनलों ने मेरा इंटरव्यू लिया, दिखाया नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान कहा कि उन्होंने 23 मई को कई चैनलों को इंटरव्यू दिया. वह इंटरव्यू किसी भी चैनल ने नहीं दिखाया. चैनलों को इंटरव्यू का प्रसारण करने से रोक दिया गया. यह तानाशाही नहीं है, तो और क्या है. इस पर टीवी चैनल आज तक के एंकर ने कहा कि हम तो आपका इंटरव्यू दिखा रहें हैं. केजरीवाल ने आगे कहा कि रूस में यही हुआ. बांग्लादेश में यही हुआ. विपक्ष को बंद कर दिया गया और बहुमत हासिल कर सरकार बना ली गयी. यहां भी यही हो रहा है. मुझे जेल भेज दिया, हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया और कह रहे हैं कि आओ चुनाव लड़ें. यह कैसा चुनाव है.

### अभिनेत्री समेत छह की हत्या में पिता को मृत्युदंड

**मुंबई।** मुंबई की कोर्ट ने सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, लैला की मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई. अदालत ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा आईपीसी के तहत अन्य अपराधों का दोषी पाया था. इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है. टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था. लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी.

### चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

# वोट का डेटा जारी करने को लेकर कोई निर्देश देने से किया इनकार

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों के डेटा प्रकाशित करने में हुई देरी को लेकर दायर याचिका पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को राहत दी है. कोर्ट ने शुक्रवार को एक एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत के आंकड़े उसकी वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में निर्देश देने से इनकार कर दिया है.

चुनाव मतदान के 48 घंटे के भीतर प्रत्येक बूथ पर डाले गए मतों के आंकड़े वेबसाइट पर डालने की मांग वाली इस याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई थी. अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कोर्ट से कहा कि इस प्रकार से आंकड़े पूरी तरह से सार्वजनिक करने से चुनावी प्रक्रिया को नुक्सान होगा. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और महुआ मोइत्रा की तरफ से दाखिल की गई इस याचिका पर जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई की.

**चुनाव के बीच दखल देना अनुचित :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव चल रहा है और बीच में दखल नहीं हो सकता है. इसके साथ ही इस मामले की सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद के लिए टाल दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शनिवार को छठे फेज का चुनाव हो जाएगा और ऐसे में चुनाव आयोग की परेशानी को हम समझ सकते हैं क्योंकि उसके लिए मैन पावर चाहिए और ग्राउंड पर स्थिति हम समझते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एडीआर की अर्जी पर सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद के लिए तय कर दी है. बेंच ने कहा कि हम सीधे तौर पर अर्जी पर सुनवाई टालते हैं. सिर्फ यह टिप्पणी करते हैं कि हम इस स्टेज पर रिलीफ देने के पक्ष में नहीं हैं.

**सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर को याचिका के लिए लगाई फटकार**

- अब इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट गर्मियों की छुट्टी के बाद करेगा सुनवाई
- कोर्ट ने कहा चुनाव चल रहा है और बीच में दखल नहीं हो सकता है



**सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर उठाए सवाल**

कोर्ट ने कहा, 2019 और 2024 की अर्जियों में क्या नेक्सस है. आपने अलग से याचिका क्यों दाखिल नहीं की. अतंरिम राहत क्यों मांगी. आपके लिए हमारे पास बहुत सवाल हैं. आप 2019 से क्या कर रहे थे. आयोग के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि इस तरह का रवैया हमेशा चुनाव की शुचिता पर सवालिया निशान लगा कर जनहित को नुकसान पहुंचा रहा है. जब चुनाव चल रहे हैं तो निहित स्वार्थ वाली याचिकाओं पर सुनवाई ना हो. ये लोग कहते हैं कि लोगों के मन में शंका होती है. ये दिखाने के लिए इनके पास कुछ नहीं है. मनिंदर सिंह ने कहा ये सब झूठे आरोप हैं. सिर्फ आशंका और संदेह के आधार पर हैं. ये सब जान-बूझ कर किया जा रहा है. याचिकाकर्ताओं पर भारी जुर्माना लगाया जाए.

**एडीआर की याचिका में क्या**

एडीआर ने कहा था कि याचिकाकर्ता चुनाव के बीच में आवेदन दायर करके एक अधिकार बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि कानून में ऐसा कुछ भी नहीं है. याचिका में यह भी तर्क दिया कि बूथ के पास फॉर्म 17सी अपलोड करने के लिए कोई साधन नहीं है. याचिका में चुनाव आयोग को मौजूदा लोकसभा चुनावों के प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटों के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई थी.

### राजनीतिक दलों व पोलिंग एजेंटों को डीएमके से सीखना चाहिए

सुरजीत सिंह

**टिप्पणी**

चुनाव आयोग वोट का डाटा सार्वजनिक करे या ना करे, इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है. चुनाव आयोग डाटा सार्वजनिक करने में असमर्थ है. इस बीच एक खबर तमिलनाडु से आयी है. राजनीतिक दल डीएमके, जिसके नेता एमके स्टालिन तमिलनाडु के सीएम हैं. डीएमके आईटी विंग ने 20 मई को यह दावा किया है कि उसने 68,320 बूथों से फॉर्म 17सी को जुटा लिया है. डाटा को एकत्र करने और उसके साथ लोकसभा क्षेत्र के साथ विश्लेषण का काम पिछले 25 दिनों से चल रहा है. डीएमके की आईटी विंग पिछले एक महीने से मतदान के बाद भी बिना किसी रुकावट के यह काम कर रही है. फॉर्म 17सी के आंकड़े को जुटाने और इसके डिजिटलीकरण के लिए आईटी विंग ने पार्टी कार्यकर्ताओं, बीएलसी, आईटीडब्ल्यू, बूथ प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया. सभी को बूथ स्तर पर डाले गए वोटों की संख्या पर नजर रखने और पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित तरीके से हो, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया है. साथ ही वोटों की संख्या, मतपत्र, वीवीपैट के डाटा से भी मिलान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है. पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटिंग मशीन के विशिष्ट आईडी को भी एकत्र किया है.

डीएमके ने यह सारा काम क्यों किया? इसलिए, ताकि इवीएम को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं, उसमें सच्चाई भी है, तो उनके पास बूथवार आंकड़े होंगे, ऐसे में गड़बड़ी करना मुश्किल हो जाएगा. संभव है चुनाव आयोग से पहले डीएमके सभी 68,320 बूथों का फॉर्म 17सी को सार्वजनिक कर दे. क्योंकि चुनाव आयोग उसे ऐसा करने से रोकता नहीं है. कुल मिलाकर डीएमके ने जो कर दिखाया है, वह उन राजनीतिक दलों के लिए एक सबक है, जो ईवीएम को लेकर सवाल उठाते हैं. अपनी हार का जिम्मेदार इवीएम को बताते हैं. ऐसे राजनीतिक दलों को डीएमके से सीखना चाहिए. कैसे आंकड़े जुटाये जाते हैं और अपनी जीत सुनिश्चित की जा सकती है.

### 21 संगठनों ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र

## अडानी कोयला निर्यात केस मामले का जल्द समाधान हो

एजेंसी। नयी दिल्ली

कम से कम 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट से राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा लंबे अरसे से दाखिल मुकदमे के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया है.आसूचना निदेशालय इंडोनेशियाई कोयला आयात मामले में अडानी समूह की कंपनियों द्वारा कथित अधि-मूल्यांकन की जांच कर रहा है.

लंदन के फाइनेंशियल टाइम्स ने जॉर्ज सोरोस समर्थित ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के दस्तावेज के हवाले से एक खबर जारी की है, जिसके बाद संगठनों ने यह पत्र लिखा है. खबर में अडानी समूह द्वारा 2013 में खराब गुणवत्ता वाले कोयले को अधिक मूल्य के ईंधन के रूप में बेचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है. द फाइनेंशियल टाइम्स की खबर के मुताबिक, संगठनों ने कहा कि वह जीवाश्म ईंधन के लगातार प्रयोग के खिलाफ सख्ती से खड़े हैं. खबर के मुताबिक, अडानी समूह ने तमिलनाडु के टैंगेडको के साथ मिलकर घटिया गुणवत्ता वाले कोयले को महंगी दर पर साफ ईंधन के रूप में बेचा था, जिसके नये और विस्तृत सबूत पेश किये गये हैं. शीर्ष अदालत में एक हलफनामे में, राजस्व खुफिया निदेशालय ने पहले कोयला आयात के कथित अधि- मूल्यांकन के लिए अडानी समूह की जांच फिर से शुरू करने के लिए अपना रुख दोहराया था.

**इन संगठनों ने लिखा पत्र**

जिन 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है, उनमें ऑस्ट्रेलियन सेंटर फॉर इंटरनेशनल जस्टिस, बैंकट्रैक, बॉब ब्राउन, कल्चर अनस्टेन्ड, एको, एक्सटिंक्शन रिबेलियन, फ्रेंड्स ऑफ द अर्थ ऑस्ट्रेलिया, लंदन माइनिंग, मैके कंजर्वेशन ग्रुप, मार्केट फोर्सेज, मनी रिबेलियन, मूव बियॉन्ड कोल, सीनियर्स फॉर क्लाइमेट एक्शन नाउ, स्टैंड.अर्थ, स्टॉप अडानी, सनराइज मूवमेंट, टिपिंग पॉइंट, टॉक्सिक बॉन्ड्स, बायन कल्चरल कस्टोडियन और क्वींसलैंड कंजर्वेशन आदि शामिल हैं.

**अडानी समूह का इनकार**

अडानी समूह ने हालांकि सभी आरोपों से इनकार किया है. समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोयले की गुणवत्ता का परीक्षण स्वतंत्र रूप से लदान और उतारे जाने वाले स्थानों पर किया गया था. साथ ही सीमा शुल्क अधिकारियों और तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी के अधिकारियों ने भी इसकी जांच की थी. उन्होंने कहा, आपूर्ति किए गए कोयले की विभिन्न एजेंसियों ने विभिन्न जगहों पर विस्तृत गुणवत्ता जांच की थी.

**जेपीसी से हो घोटाले की जांच**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं ने खबर का हवाला देते हुए कथित गड़बड़ी की जेपीसी से जांच की मांग की है. राहुल ने एक्स पर दि फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट को साझा करते हुए कहा, 4 जून के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो इस कोयला घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से जांच करवाई जाएगी.

**रेमल तूफान** कल आधी रात को होगा चक्रवात का लैंडफॉल, लोगों में दहशत का माहौल

## भारी बारिश से बंगाल में मच सकती है तबाही!

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात रविवार आधी रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच टकराएगा. यह बंगाल की खाड़ी में इस मॉनसून पूर्व मौसम का पहला चक्रवात है और हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार इसका नाम रेमल रखा गया है. यह चक्रवात शनिवार सुबह तक तूफान में तब्दील हो जाएगा और शनिवार रात तक और भी तीव्र होकर एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा. आईएमडी ने कहा, इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में रविवार आधी रात के करीब सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की काफी संभावना है. रविवार को चक्रवात के प्रभाव में हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है. मौसम विभाग ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी है. पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है.



**भारी नुकसान की चेतावनी**

आईएमडी ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना जिलों में बाढ़ आने और कमजोर ढांचों, बिजली और संचार लाइन, कच्ची सड़कों, फसलों और बागों को भारी नुकसान की चेतावनी दी है. प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को घरों के अंदर रहने और कमजोर ढांचों को खाली करने के लिए कहा गया है. वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से होने वाली अतिरिक्त गर्मी को महासागरों द्वारा अवशोषित करने के चलते समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने से चक्रवाती तूफान तेजी से बढ़ रहे हैं.

**सौ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं**

चक्रवात के कारण 25 मई को बंगाल के कुछ जिलों में 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से और बांग्लादेश में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है. 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है. तूफान के 25 मई (शनिवार) को गहरे दबाव में और 26 मई को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है.

### कुसुंभा के ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करना पड़ा महंगा

## 130 वाहनों को नहीं मिला ढुलाई का काम

संवाददाता। हजारीबाग

- नाराज ग्रामीणों ने कहा, आदर्श आचार संहिता हटने के बाद होगा उग्र आंदोलन
- सरकार को टैक्स देने के बावजूद कोयला ढोने पर रोक लगाना अनुचित : संरक्षक



कटकम दाग के कुसुंभा के ग्रामीणों को चुनाव का बहिष्कार करना महंगा पड़ गया है. 20 मई से उनके 130 वाहनों को ढुलाई के लिए कोयला नहीं मिल रहा. ग्रामीणों का कहना है कि 20 मई को वोट का बहिष्कार करने के बाद देर रात से ही 130 हाईवा को कंपनी ने कोयले का आवंटन बंद कर दिया है. सभी वाहन खड़े हैं.

इस बाबत ग्रामीण एनटीपीसी के अफसर से मिले, जहां उन्हें बताया गया कि प्रशासन ने उक्त कार्रवाई की है. पूर्व मुखिया सह हाईवा एसोसिएशन के संरक्षक गणेश तुरी ने कहा कि हम लोग सरकार को सभी टैक्स दे रहे. बावजूद प्रशासन की ओर से जो यह कार्रवाई की गई है, वह बदले की भावना से प्रेरित है. 20 मई को मतदान का बहिष्कार करने के बाद कुसुंभा के वाहनों को कोयले के आवंटन पर रोक लगा दी गई. ढुलाई के लिए कोयला नहीं मिल रहा. एनटीपीसी और त्रिवेणी सैनिक कंपनी का कहना है कि यह मामला प्रशासन से संबंधित है. बता दें कि 20 मई को जिला प्रशासन के समझाने के बावजूद ग्रामीणों ने वोट में भाग नहीं लिया. फिर एनटीपीसी और त्रिवेणी कंपनी की ओर से बड़कागांव से बनादाग कॉल साइडिंग में चल रहे 130 हाईवा को कोयला लोडिंग पॉइंट से वापस भेज दिया गया. आरोप है कि हाईवा किस्तों पर हैं या कॉन्ट्रैक्ट पर. ऐसी स्थिति में ग्रामीणों के सामने रोजी-रोटी की समस्या हो गयी है. ग्रामीणों ने बैठक कर कहा कि बानादाग साइडिंग के समीप फ्लाईओवर की मांग लंबे समय से हो रही है. क्योंकि बरसात में कटकमदाग से कुसुंभा लौटने के दौरान आवागमन में परेशानी होती है. लोगों का कहना है कि कंपनी और प्रशासन से मिलने के बाद जो भी निर्णय होगा उस पर अमल होगा. हाईवा के खड़े रहने से लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** नवम चन्द्र केमन्द्रुम दोष में है.भाग्य का साथ देर से मिलेगा. किसी धार्मिक स्थल जाने का अवसर मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होंगे. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे.

**वृषभ** मानसिक तनाव बढ़ेगा. किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है. दौड़धूप अधिक रहेगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. असमंजस की स्थिति बन सकती है.

**मिथुन** जीवनसाथी के साथ आनंद का समय बीतेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार ठीक चलेगा. लाभार्जन होगा. परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा. अन्न का दान करें.

**कर्क** समय सामान्य है. पेट रोग से बचे. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. बेकार बातों पर ध्यान न दें. भोजन सोच विचार कर लें.

**सिंह** शिक्षा को ले कर व्यस्तता रहेगी. शत्रु पस्त होंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड लाभ देंगे. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. किसी नये कार्य में जल्दबाजी न करें.

**कन्या** सुख का सामान एकत्र होगा. माता का स्वाथ पर ध्यान दे. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें. बोलचाल में हल्केपन को न अपनायें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. परिवार में तनाव रह सकता है. यथासंभव यात्रा टालें.

**तुला** भाई के सहयोग से कार्य सिद्ध होगा. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. रुके कामों में गति आएगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. समय अनुसार स्वास्थ्य का ध्यान रखें. कुसंगति से हानि होगी. किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी.

**वृश्चिक** धन का आगमन होगा. पर नये कार्य में बाधा होगी. आर्थिक नीति में सुधार होगा. योजना फलीभूत होगी. मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें.

**धनु** व्यावसायिक कार्य मनोनुकूल रहेगी. बेरोजगारी दूर होगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट तथा म्युचुअल फंड लाभदायक रहेंगे. दुष्टजन तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**मकर** समय सामान्य है. खर्च पर काबू आवश्यक है. साथ ही वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. हो सकता है तो जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य के नजरअंदाज न करें. समय अनुकूल है. आय में वृद्धि होगी. उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे.

**मीन** सही कार्य करने का समय है, लाभ अच्छा मिलेगा. किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. सुख के साधन जुटेंगे. प्रसन्नता रहेगी.

## गोड्डा में भाजपा की हार सुनिश्चित करें: बृंदा करात

**रांची/देवघर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात ने दिल्ली लौटने के क्रम में देवघर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं. देश भर के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अब भाजपा के झांसे को समझ चुका है. मोदी जी के चार सौ पार के नारे वाले गुब्बारे की हवा निकल चुकी है. राजमहल के सांसद विजय हांसदा कंपनियों लिए काम करते है. इसलिए यहां उपलब्ध खनिज संपदा की जो लूट कार्पोरेट घरानों कर रही है. उसके खिलाफ कुछ नहीं बोलते हैं. गोड्डा में स्थापित अडानी पावर प्लांट के लिए साहिबगंज स्थित गंगा नदी से प्रति वर्ष 36 एमसीएम यानी 9 करोड़ 86 लाख लीटर पानी जाता है. वहां उत्पादित बिजली बांग्लादेश को चली जाती है. गंगा जल का यह दोहन भविष्य में इस क्षेत्र में भारी जल संकट पैदा करेगा. माकपा इस चुनाव में तीन राजनीतिक लक्ष्य हासिल करना चाहती है. पहला लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके गठबंधन की हार सुनिश्चित करना, दूसरा संसद में माकपा समेत अन्य वाम दलों की शक्ति बढाना तथा तीसरा देश में एक धर्म निरपेक्ष सरकार का गठन करना.

### गुरुजी के परिवार से बड़ी बहू सीता भाजपा से हैं मैदान में, झामुमो से नलिन सोरेन दे रहे टक्कर

# दुमका की जंग : परिवार और पार्टी की जंग में कौन मारेगा बाजी

कौशल आनंद। रांची

देश के सातवें और झारखंड में चौथे चरण में एक जून को संथाल के तीन सीटों पर वोट डाले जाएंगे. जहां 30 मई को प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा. पूरे झारखंड में दो सीटें सबसे अहम मानी जा रही हैं. जिसमें चाईबासा और दुमका सीट. चाईबासा का चुनाव संपन्न हो चुका है, जहां से वर्तमान कांग्रेस एमपी गीता कोड़ा इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ीं. वहीं दुमका जहां से गुरुजी शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन भाजपा से चुनावी मैदान में हैं. यानी कि दुमका सीट से सीधे तौर पर परिवार और पार्टी के बीच जंग है. जिसमें अंतिम समय में कौन बाजी मारेगा, इस पर न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश की नजर रहेगी. झामुमो की परंपरागत सीट से सीता सोरेन को भाजपा ने अपने पूर्व घोषित प्रत्याशी और सिटिंग एमपी सुनील सोरेन को हटा कर मैदान में उतारा. इसलिए भी यह सीट काफी अहम हो गयी है.



### दुमका में छह विधानसभा में पांच पर इंडिया का कब्जा

दुमका में कुल छह विधानसभा सीटें हैं. जिसमें वर्तमान में पांच पर इंडिया गठबंधन यानी कि शिकारीपाड़ा, नाला, दुमका और जामा पर झामुमो कब्जा है. वहीं जामताड़ा में कांग्रेस और भाजपा का एक सीट सारठ पर कब्जा है. नाला जिससे सीता सोरेन विधायक हैं, वर्तमान में झामुमो से इस्तीफा देकर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं. तीन सीट एसटी सीट है.

### गुरुजी ने तो दिया है दोनों ही प्रत्याशियों को आशीर्वाद

झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने दुमका से दोनों कैंडिडेट परिवार की बहू सीता सोरेन और पार्टी के नलिन सोरेन को अपना आशीर्वाद दिया. मगर जीत किसकी होगी. इस पर सभी की नजरे हैं. गुरुजी के लिए एक तरफ पार्टी है, तो दूसरी तरफ परिवार. हालांकि शिबू सोरेन अभी तक दुमका नहीं गए हैं. हां गुरुजी गांडेय अपने छोटी बहू कल्पना सोरेन की चुनावी सभा में जरूर गए थे, जिसको लेकर सीता सोरेन ने पार्टी और कल्पना पर गंभीर आरोप भी लगाए थे. सीता सोरेन ने कहा था कि एक बीमार इंसान को गर्मी में चुनावी सभा में ले जाकर उन्हें मारने की साजिश हो रही है. हालांकि पार्टी या कल्पना ने इसका जवाब नहीं दिया.

### 18 बार हुए चुनाव में सबसे अधिक आठ बार दिशोम गुरु शिबू सोरेन रहे हैं विजयी

दुमका में 1952 से लेकर 2019 तक कुल 18 बार चुनाव और उपचुनाव हुए. जिसमें से आठ बार शिबू सोरेन दुमका से विजयी रहे हैं. जबकि कांग्रेस पांच बार, बाबूलाल मरांडी और सुनील सोरेन को लेकर भाजपा तीन बार जीती है. वहीं एक बार झारखंड पार्टी और एक बार जनता पार्टी जीतने में सफल रही है. इसलिए दुमका को शिबू सोरेन और कांग्रेस की परंपरागत सीट भी माना जाता है. कांग्रेस ने गठबंधन के तहत झामुमो को यह सीट दी है.

### दुमका विधायक बसंत किए हुए हैं कैंप, चंपाई सोरेन व कल्पना भी लगाएंगे जोर

दुमका से विधायक और शिबू सोरेन के छोटे पुत्र बसंत सोरेन इस सीट को लेकर कोई कोताही बरतने के मूड में नहीं है. वे एक महीने से करीब-करीब दुमका में ही कैंप किए हैं. उनका पूरा फोकस दुमका पर ही है. हर दिन बसंत सोरेन 10 से 12 छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं. अभी तक कल्पना सोरेन और सीएम चंपाई सोरेन खुलकर दुमका में नहीं उतरे हैं. मगर पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शेष बचे हुए पांच-छह दिन में दोनों दुमका और राजमहल में अपनी पूरी ताकत झोंकेगें. पार्टी भी दुमका को लेकर कोई कोताही बरतने के मूड में नहीं दिख रही है. बंसत ने तो यहां तक कह दिया है कि भाभी-देवर का रिश्ता घर पर है. चुनावी समर वे हमारे प्रतिद्वंद्वी हैं. मगर सोरेन परिवार का सीधे तौर पर सीता पर हमला नहीं करना, कई संकेत दे रहा है. हालांकि चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन की जल्द ही संथाल में एंट्री होने जा रही है. इनकी इंट्री होने के बाद चुनावी महौल बदलने की उम्मीद की जा रही है.

### दुमका में अब तक किसने मारी है बाजी

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | पॉल जुझार सोरेन | कांग्रेस |
| 1957 | देवी सोरेन | झापा |
| 1962 | एससी बेसरा | कांग्रेस |
| 1967 | एससी बेसरा | कांग्रेस |
| 1971 | एससी बेसरा | कांग्रेस |
| 1977 | बटेश्वर हेंब्रम | जनता पार्टी |
| 1980 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1984 | पृथ्वी चंद किस्कू | कांग्रेस |
| 1989 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1991 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1996 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 1996 | बाबूलाल मरांडी | भाजपा |
| 1999 | बाबूलाल मरांडी | भाजपा |
| 2002 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2004 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2009 | शिबू सोरेन | झामुमो |
| 2019 | सुनील सोरेन | भाजपा |

### लोकसभा चुनाव : झारखंड के चौथे चरण में गोड्डा, दुमका, राजमहल सीट पर होना है वोट

# नौ प्रत्याशी करोड़पति, 82.35 करोड़ की संपत्ति के साथ निर्दलीय अभिषेक आनंद झा टॉप पर

**रवि भारती/ रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कुल 52 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में हैं. इसमें नौ उम्मीदवार करोड़पति हैं. गोड्डा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रहे अभिषेक आनंद झा के पास सबसे अधिक 82,35,10,522 की संपत्ति है. वहीं दूसरे नंबर पर इसी सीटे से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के पास 74,69,74,208 की संपत्ति है.

### किस लोकसभा सीट से कौन हैं करोड़पति उम्मीदवार

| राजमहल लोकसभा | | |
|---|---|---|
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | संपत्ति |
| लोबिन हेंब्रम | निर्दली | 2,35,40,671 |
| सेबेस्टियन हेंब्रम | निर्दलीय | 1,64,53,613 |
| विजय हांसदा | झामुमो | 6,20,11,168 |
| **गोड्डा लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | संपत्ति |
| अभिषेक आनंद झा | निर्दलीय | 82,35,10,522 |
| ज्ञानेश्वर झा | जागरुक जनमता पार्टी | 2,10,41,149 |
| निशिकांत दुबे | भाजपा | 74,69,74,208 |
| प्रदीप यादव | कांग्रेस | 1,59,41,889 |
| **दुमका लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | संपत्ति |
| नलिन सोरेन | झामुमो | 3,67,01,249 |
| सीता सोरेन | भाजपा | 8,87,74,388 |

### किस उम्मीदवार पर कितने आपराधिक मामले हैं दर्ज

| राजमहल लोकसभा | | |
|---|---|---|
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | आपराधिक मामले |
| अजित मरांडी | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | 01 |
| लोबिन हेंब्रम | निर्दलीय | 02 |
| **गोड्डा लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | आपराधिक मामले |
| अभिषेक आनंद झा | निर्दलीय | 04 |
| बजरंगी महथा | बसपा | 03 |
| निशिकांत दुबे | भाजपा | 08 |
| प्रदीप यादव | कांग्रेस | 05 |
| रामेश्वर मंडल | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 01 |
| तिपाल साह | लोकहित अधिकार पार्टी | 01 |
| **दुमका लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | आपराधिक मामले |
| नलिन सोरेन | झामुमो | 02 |
| सीता सोरेन | भाजपा | 04 |

### उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता

| राजमहल लोकसभा | | |
|---|---|---|
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | शैक्षणिक योग्यता |
| अजित मरांडी | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | ग्रेजुएट |
| दीपा टुडू | निर्दलीय | ग्रेजुएट |
| गोपिन सोरेन | सीपीआई (एम) | ग्रेजुएट |
| खलीफा किस्कू | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 10वीं पास |
| लिलि हांसदा | समता पार्टी | पोस्ट ग्रेजुएट |
| लोबिन हेंब्रम | निर्दलीय | 10वीं पास |
| महेश पहाड़िया | निर्दलीय | 8वीं पास |
| मरियम मरांडी | बसपा | 10वीं पास |
| मुंशी किस्कू | नवयुग प्रगतिशील मोर्चा | साक्षर |
| पॉल सोरेन | एआइएमआइएम | ग्रेजुएट |
| ताला मरांडी | भाजपा | ग्रेजुएट |
| विजय हांसदा | झामुमो | 10वीं पास |
| विनोद मंडल | लोकहित अधिकार पार्टी | पोस्ट ग्रेजुएट |
| **गोड्डा लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | शैक्षणिक योग्यता |
| अनुप कुमार | प्रोटिस्ट ब्लॉक | पोस्ट ग्रेजुएट |
| अरूण कुमार | नवधर्म सभा | ग्रेजुएट |
| अरूण माणिक | निर्दलीय | 10वीं पास |
| अभिषेक आनंद झा | निर्दलीय | 12वीं पास |
| बजरंगी महथा | बीएसपी | ग्रेजुएट |
| ब्रजकिशोर महथा | मानवाधिकार विचार मंच | पोस्ट ग्रेजुएट |
| डॉ के रंगलाल | निर्दलीय | पोस्ट ग्रेजुएट |
| ज्ञानेश्वर झा | जागरूक जनता पार्टी | पोस्ट ग्रेजुएट |
| कालीपद मुर्मू | एसयूसीआई | 12वीं पास |
| केतन कुमार | राइट टू रिकॉल पार्टी | ग्रेजुएट |
| कुमारी दिलेश्वरी | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया | 12वीं पास |
| मुकेश कुमार झा | निर्दलीय | 10वीं पास |
| निलेश कुमार गुप्ता | निर्दलीय | 12वीं पास |
| निशिकांत दुबे | भाजपा | डॉक्टरेट |
| प्रदीप यादव | कांग्रेस | ग्रेजुएट |
| रामेश्वर मंडल | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | ग्रेजुएट |
| सूरज कुमार | भागीदारी पार्टी | ग्रेजुएट |
| तिपाल सिंह | लोकहित अधिकार पार्टी | 12वीं पास |
| उदय शंकर | निर्दलीय | पोस्ट ग्रेजुएट |
| **दुमका लोकसभा** | | |
| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | शैक्षणिक योग्यता |
| अलेश हांसदा | इंडियन नेशनल सोशिलिस्ट | 10वीं पास |
| अनिल टूडू | लोकहित अधिकार पार्टी | 12वीं पास |
| बेबीलता टुडू | निर्दलीय | 12वीं पास |
| भागहरि सोरेन | निर्दलीय | ग्रेजुएट |
| वीरेन मोहली | निर्दलीय | 10वीं पास |
| जोनाथन मार्डी | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | ग्रेजुएट |
| कमिश्नर मुर्मू | निर्दलीय | 10वीं पास |
| महासोन मुर्मू | निर्दलीय | पोस्ट ग्रेजुएट |
| मनोज हेंब्रम | निर्दलीय | 12वीं पास |
| मुन्नी हांसदा | समता पार्टी | 12वीं पास |
| नलिन सोरेन | झामुमो | 12वीं पास |
| निर्मल सोरेन | निर्दलीय | 12वीं पास |
| परेश मरांडी | बसपा | 10वीं पास |
| राजेश किस्कू | सीपीआई | ग्रेजुएट |
| राज मुर्मू | अंबेदरकर पार्टी ऑफ इंडिया | 12वीं पास |
| संजय टुडू | निर्दलीय | 12वीं पास |
| सीता सोरेन | भाजपा | 12वीं पास |
| सुशांति हेंब्रम | निर्दलीय | साक्षर |

### 10 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

गोड्डा, राजमहल और दुमका सीट से किस्मत आजमा रहे 52 उम्मीदवारों में से 10 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें अजीत मरांडी (राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी), लोबिन हेंब्रम (निर्दलीय), अभिषेक आनंद झा (निर्दलीय), बजरंगी महथा (बसपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), प्रदीप यादव (कांग्रेस), रामेश्वर मंडल (पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया), तिपाल साह (लोकहित अधिकार पार्टी), नलिन सोरेन (झामुमो) और सीता सोरेन (भाजपा) के नाम शामिल हैं.

## आईएएस अधिकारी मनीष रंजन ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए

**रांची।** आईएएस मनीष रंजन शुक्रवार को इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं हुए. उन्होंने ईडी कार्यालय लेटर भेजकर इसकी जानकारी दे दी थी. साथ ही एजेंसी से अगली तारीख देने की मांग की है. ईडी के अधिकारियों को मनीष रंजन से टेंडर कमीशनखोरी मामले की पूछताछ करनी है. दरअसल टेंडर कमीशनखोरी मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और निजी सहायक जहांगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन के खिलाफ 22 मई को समन जारी किया था. जारी समन में ईडी ने मनीष रंजन को 24 मई को रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था. ईडी ने मनीष रंजन को अपने और परिवार के सदस्यों की आय और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी साथ लाने को कहा था.

**कमीशनखोरी मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं मंत्री आलमगीर आलम :** बता दें कि टेंडर कमीशनखोरी मामले में ईडी अब तक विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम, सीए मुकेश मित्तल सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. ईडी ने लगातार दो दिनों तक पूछताछ के बाद आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था. अभी वह ईडी की ही हिरासत में हैं. ईडी उनसे पूछताछ कर रही है. ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी के बाद ईडी के हाथ कई सबूत लगे हैं, जिससे लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं. खुलासा हुआ है कि एक एक्सेल शीट पर कथित तौर पर कमीशनखोरी का हिसाब रखा जाता था, जिसमें मनीष रंजन का नाम भी था. उसी के आधार पर मनीष रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

### गोड्डा लोकसभा चुनाव : चौथी बार जीतने के लिए निशिकांत दुबे लगा रहें अब पूरा जोर

# ब्राह्मण वोटों में बिखराव से बिगड़ सकता है समीकरण

प्रवीण कुमार। रांची

झारखंड का सबसे हॉट सीट गोड्डा लोकसभा का चुनाव इस बार दिलचस्प होने वाला है. गोड्डा लोकसभा में इस बार राजनीतिक समीकरण कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है. एक तरफ भाजपा के निशिकांत दुबे मैदान में पसीना बहा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव चुनाव प्रचार में लगे हैं. शुरु में लग रहा था कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन अभिषेक आनंद झा का मैदान में उतरने से माहौल में ट्वीस्ट देखने को मिल सकता है. अभिषेक झा की देवघर और मधुपुर में अच्छी खासी पकड़ है. जिस तरह अभिषेक के नामांकन में सैकड़ों वाहनों का काफिला और भीड़ दिखी, वही हुजूम चुनाव प्रचार में भी देखा जा रहा है. चुनाव में अभिषेक झा की उपस्थिती मुकाबला को रोचक बना रहा है. जातिय गोलबंदी की वजह से गोड्डा लोकसभा में आम जनों के सरोकार के मुद्दे पीछे छुट गए हैं.

गोड्डा झारखंड का इकलौता ऐसा क्षेत्र है, जहां ब्राह्मण जाति के मतदाताओं की संख्या निर्णायक है. ब्राह्मण वोट जिस उम्मीदवार के पक्ष में गोलबंद होता है, जीत उसी की मानी जाती है. भाजपा के प्रत्याशी निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार इसी गोलबंदी के भरोसे जीत की उम्मीद जता रहे हैं. वहीं मुस्लिम, यादव और आदिवासी वोटों को साधने के लिए कांग्रेस ने दीपिका पांडेय सिंह के नाम की घोषणा कर उनके स्थान पर प्रदीप यादव को मैदान में उतारा है. लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह जातीय गोलबंदी की कोशिशें होने लगी हैं, उससे तो यही लगता है कि यहां सबसे ऊपर जाति का ही मुद्दा रहेगा.



### एक नजर : गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर

गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की ज्यादातर आबादी कृषि पर निर्भर है. यहां पर धान, गेहूं और मक्का की फसलें उगाई जाती हैं. गोड्डा में ही ललमटिया कोयला खदान है, जिसके कोयले से दो ताप बिजली घर कहलगांव और फरक्का संचालित होते हैं. यह लोकसभा सीट तीन जिले गोड्डा, देवघर और दुमका में फैली है. यह क्षेत्र कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है. गोड्डा संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों में एक देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है. 2019 के विधानसभा चुनाव में इन छह में से दो सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि दो पर कांग्रेस और एक-एक सीट पर झामुमो और झाविमो की जीत हुई थी.

| | |
|---|---|
| देवघर | भाजपा |
| गोड्डा | भाजपा |
| मधुपुर | झामुमो |
| जरमुंडी | कांग्रेस |
| महगामा | कांग्रेस |
| पोड़ैयाहाट | कांग्रेस |

### भाजपा-कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं

गोड्डा के ललमटिया में राजमहल कोल परियोजना के अंतर्गत एशिया का सबसे बड़ा कोल पिट है. स्थानीय ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिलता है, यह इस लोकसभा क्षेत्र में बड़ा मुद्दा है. गोड्डा शहर में 16 सौ मेगावाट क्षमता वाला अडाणी का पावर प्लांट भी है, जिसको शहर के लोग यहां के तापमान में बदलाव में का सबसे बड़ा कारण मानते हैं. अडानी पावर से 25 प्रतिशत बिजली झारखंड को मिलनी थी, जो नहीं मिल रही है. गोड्डा में बांग्लादेशी घुसपैठ को भी इस बार मुद्दा बनाने की भी कोशिश हो रही है. इसके अलावा गरीबी, पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार साथ लेकर चल रहे हैं.

### मुस्लिम, यादव और आदिवासी की गोलबंदी

गोड्डा संसदीय क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 19,95,192 है. गैर-ब्राह्मण और मुस्लिमों की गोलबंदी पहले भी होती रही है. इस बार भी यदि जातीय गोलबंदी बनीं तो भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को लिए मुश्किल हो सकती है. मुस्लिम, यादव और आदिवासी एकजुट हो गये, तो भाजपा के लिए चुनौती हो सकती है. गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम साढ़े तीन लाख के आसपास हैं. यादवों की आबादी भी करीब तीन लाख है. आदिवासियों की आबादी डेढ़ से दो लाख है. इसके आलवे दलित की संख्या भी अच्छी-खासी है. अगड़ी जातियों की बात करे तो यहां सर्वाधिक चार लाख की आबादी ब्राह्मणों की है, जबकि और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख के करीब है .गोड्डा में ब्राह्मण भी दो समूह में हैं. एक मैथिल और दूसरा कन्नौजिया. कई बार ये एक-दूसरे के आमने-सामने होते हैं. हालांकि यह क्षेत्र मिथिला से सटा हुआ है, इस कारण मैथिलों की संख्या ज्यादा है और इसका प्रभाव अधिक है.

**गोड्डा का चुनावी इतिहास :** गोड्डा लोकसभा सीट को भले ही आज भाजपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन कभी यहां कांग्रेस का राज हुआ करता था. 20 साल पहले साल 2004 में कांग्रेस के फुरकान अंसारी यहां से सांसद बने थे. भाजपा ने अब तक गोड्डा से आठ बार और कांग्रेस ने छह बार जीत दर्ज कर की है. पहली बार 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा से सूरज मंडल ने यहां से जीत हासिल की थी.

# डीएसपी ने सरयू पर फाइल चोरी करने के आरोप को पाया सही

संवाददाता। रांची

हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने विधायक सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने के आरोप को जांच में सही पाया है. स्वास्थ्य विभाग ने साल 2022 में डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी (कांड संख्या 105/ 2022) दर्ज करायी थी. जिसमें कोरोना प्रोत्साहन राशि भुगतान से संबंधित विभागीय की गोपनीय फाइल को चोरी कर सार्वजनिक करने के मामले में विधायक सरयू राय व अन्य को आरोपी बनाया गया था. डीएसपी ने जांच के दौरान सरयू पर लगे आरोप को सही पाया और इसकी रिपोर्ट सिटी एसपी को भेज दी.

**बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर केस दर्ज करने का दिया था निर्देश :** मई 2022 में जब यह मामला सामने आया था, तब मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था. जिसके बाद डोरंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया था. स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के कर्मी विजय वर्मा ने आईपीसी की धारा 409/379/411/120बी/420 और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट की धारा 5 के तहत मामला दर्ज कराया था. जिसमें सरयू राय और अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था. आरोप था कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति के बाद सरयू राय ने प्रेस व अन्य मीडिया के सामने प्रोत्साहन राशि के भुगतान के संबंध में विभागीय फाइल के कुछ अंश को सार्वजनिक किया. साथ ही विभाग और विभागीय मंत्री पर कई तरह के आरोप लगाये. जबकि संबंधित फाइल (संख्या 01/स्वास्थ्य मुख्यालय1-12/2021) की छायाप्रति (फोटो कॉपी) सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत उन्हें उपलब्ध नहीं करायी गयी थी.

## अरबों के मालिक बने कई ब्यूरोक्रेट्स एक ने छपरा में खरीदी कई एकड़ जमीन

सौरभ सिंह। रांची

हम यह सुनते रहे हैं, कई बार जानते भी हैं कि राजनेता पांच साल के लिए सरकार होते हैं. पांच साल बाद उन्हें दोबारा आमलोगों के पास जाना होता है. वह जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं. लेकिन ब्यूरोक्रेट्स! ब्यूरोक्रेट्स 32-25 सालों के लिए सरकार होते हैं. कई ब्यूरोक्रेट्स के बारे में सूचना है कि उन्होंने सरकारी योजनाओं की राशि से कमीशन लेकर करोड़ों कमायी की है. यहां तक कि कई ब्यूरोक्रेट्स के बारे में कहा जा रहा है कि वह अरबों के मालिक बन चुके हैं. कुछ तो कई सौ करोड़ के संपत्ति के मालिक बन चुके हैं.उनके रिश्तेदार और मित्र करोड़ों में खेल रहे हैं. जमीन खरीद रहे हैं. मॉल-अपार्टमेंट बना रहे हैं. उनके स्वजनों ने महज कुछ सालों में ही तेजी से तरक्की की है. बड़े कारोबारी या बड़े बिल्डर बन गये हैं. कुछ ब्यूरोक्रेट्स तो ऐसे हैं, जिनकी नौकरी महज आठ-दस साल ही हुई है. इनके बारे में खबर है कि बात सिर्फ कमीशन तक की नहीं रही है. कुछ ब्यूरोक्रेट्स तो छोटे-बड़े ठेकेदारों के स्लीपिंग पार्टनर बन चुके हैं. ताजा जानकारी यह है कि झारखंड के एक ब्यूरोक्रेट्स के पारिवारिक सदस्यों ने छपरा में कई एकड़ जमीन खरीदी है. बताया जाता है कि जमीन करीब 15-16 एकड़ है. मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है. इंफोर्समेंट डाइरेक्टोरेट (ईडी) को इसकी जानकारी है. अभी वह ईडी की रडार पर है. खबर है कि ईडी जल्द ही उनके और उनके पारिवारिक सदस्यों की संपत्ति का ब्यौरा मांगने वाली है. जानकारी के मुताबिक, वह ब्यूरोक्रेट्स कई जिलों में पदस्थापित रहने के दौरान चर्चा में रहा. फिर सचिवालय में भी ज्यादा बजट वाले विभागों में पदस्थापित रहा.




## क्लासिफाइड






तापमान
35.1[0] अधिकतम | 23.2[0] न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in रांची, शनिवार 25 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 46 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# सदर अस्पताल... कहीं डॉक्टरों की कमी, कहीं दवाएं नहीं, कैसे हो इलाज

राज्य के हर जिले में सदर अस्पताल हैं. स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इन अस्पतालों में बेहतर इलाज की व्यवस्था है, लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकांश जिलों के सदर अस्पताल में जैसे-तैसे मरीजों का इलाज हो रहा है. कहीं डॉक्टर की कमी है, तो कही दवा नहीं मिलती. कही आईसीयू की सुविधा नहीं है, तो कहीं अस्पताल में साफ-सफाई की दिक्कत है. कई जिलों के सदर अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं भी मरीजों को नहीं मिल पातीं. कई सदर अस्पताल तो सिर्फ रेफरल सेंटर बन गये हैं, क्योंकि डॉक्टरों की कमी के कारण इलाज नहीं हो पाता, तो कई सदर अस्पतालों में सुविधाएं ही नहीं हैं. यही वजह है कि ज्यादातर जिलों के सदर अस्पतालों में हादसे में घायलों को पहुंचाने पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जैसे-तैसे प्राथमिक उपचार कर रेफर कर देते हैं.

### सिमडेगा



## डॉक्टर, दवा, साफ-सफाई सब बेहतर, दवाएं उपलब्ध

पंचम प्रसाद । सिमडेगा

सदर हॉस्पिटल में 20 डॉक्टर हैं. ओपीडी के साथ सभी इमरजेंसी भी 24 घंटे खुला रहता है. पांच डॉक्टर कांट्रेक्ट पर हैं. सदर अस्पताल में हर दिन करीब 300 मरीज आते हैं. अस्पताल में सीटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था है. अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अभी 47 तरह की सरकारी दवाएं उपलब्ध हैं. जिसमें पारासिटामोल, एजिथ्रोमाइसीन, सीट्राजिन, ओआरएस, विटामिन, मल्टीविटामिन, एंजाइम, मेट्रोन, खांसी की सिरप आदि शामिल है. अस्पताल में साफ-सफाई ठीक है. इस काम के लिए 18 कर्मचारी नियुक्त हैं. हमने कुछ मरीजों से बात की, तो सबने यही बताया कि कोई दिक्कत नहीं है.

### लातेहार




## डॉक्टरों का रोस्टर नहीं, 31 की जगह सिर्फ 11 डॉक्टर

आशीष टैगोर । लातेहार

सदर अस्पताल में संसाधन हैं. लेकिन डॉक्टरों का रोस्टर डिस्प्ले नहीं है. किस की ड्यूटी कब, पता नहीं चलता. सब है, लेकिन 31 की जगह सिर्फ 11 डॉक्टर हैं. रोस्टर डिस्प्ले को लेकर उपाधीक्षक डॉ अखिलेश्वर प्रसाद से बात करनी चाही. वे नहीं मिले. ओपीडी में मरीजों की बेतरतीब भीड़ दिखी. पर्ची काटने वाले कर्मी ने बताया, यहां रोज 250 से अधिक मरीज आते हैं. यहां जीवन रक्षक दवाओं के साथ अन्य दवाएं उपलब्ध हैं. 12 बेड का आईसीयू है. इस बारे में सिविल सर्जन डॉ. एके सिंह ने बताया, आइसीयू चालू है. डॉक्टरों की कमी है. इसके लिए विभाग से पत्राचार किया है. कमांडो सिक्यूरिटी फोर्स नामक कंपनी अस्पताल के मेस का काम देखती है.

### रामगढ़



## आईसीयू न होने से परेशानी बाहर की दवा लिखते हैं डॉक्टर

दुर्वेज आलम । रामगढ़

जिला बने 15 साल हो गये, लेकिन अभी यहां के सदर अस्पताल में आईसीयू नहीं है. हां, एसएनसीयू है. इससे गंभीर मरीजों को या तो हजारीबाग रेफर किया जाता है या रांची. हालांकि अस्पताल में सामान्य इलाज के लिए बेहतर व्यवस्था है. ट्रॉमा सेंटर, ओपीडी, आई, डेंटल, ऑर्थो, शिशु रोग, ईएनटी, एसएनसीयू व इमरजेंसी में मरीज देखने की सुविधा है. अस्पताल में दवाइयां तो उपलब्ध रहती हैं, लेकिन डॉक्टर बाहर की दवा लिखते हैं, जिससे मरीजों को बाहर की दुकानों में दवाई खरीदनी पड़ती है. हालांकि अस्पताल के कर्मचारी बताते हैं कि जो दवा अस्पताल में उपलब्ध नहीं होती, वही दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती है.

### पलामू



## एक साल से बंद है सदर अस्पताल मेदिनीनगर का आईसीयू वार्ड

अरुण कुमार सिंह । मेदिनीनगर (पलामू)

सदर अस्पताल का आईसीयू वार्ड एक साल से डेड है. एनआईसीयू ठीक है. 20 बेड का नया आईसीयू बन रहा है. इससे गंभीर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को विवश हैं. अस्पताल में 4 प्रोफेसर, 25 सीनियर डॉक्टर, और 20 जूनियर रेसिडेंट हैं. अस्पताल जाकर देखा, तो पता चला कि डॉक्टर रोस्टर के मुताबिक नहीं आते. जब वक्त मिलता है, ड्यूटी पर आते हैं और चले जाते हैं. मरीजों को 80% दवाएं मुफ्त मिलती हैं. यह उस आदेश की वजह से संभव हो रहा है, जिसमें कहा गया है कि डॉक्टर वहीं दवा लिखें, जो उपलब्ध हो. अस्पताल के ओपीडी में करीब 800 मरीज रोज आते हैं. सामान्य और मौसमी बीमारियों के मरीज अधिक होते हैं.

### हजारीबाग



## मेडिकल कॉलेज का बुरा हाल स्टाफ की कमी, दवा मिलती नहीं

प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का बुरा हाल है. अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है. 40 की जगह सिर्फ 21 डॉक्टर हैं. कांट्रेक्ट पर 30 डॉक्टर हैं. कई डॉक्टर बाहर प्रैक्टिस करते हैं, इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है. अस्पताल प्रबंधन को 300 बेड वाले इस अस्पताल को संभालने में परेशानियां होती हैं. दो आईसीयू वार्ड है. पुराने में 11 और नए में 20 बेड हैं. अस्पताल में डॉक्टर वही दवा लिखते हैं, जो होती नहीं. अस्पताल के हालात को लेकर अधीक्षक डॉ विनोद कुमार ने बताया कि डॉक्टर समेत स्टाफ की भारी कमी है. दवाएं न होने को लेकर कहा कि यह पता नहीं है. जल्द ही जरूरी दवाएं मंगाने के लिए विभाग को लिखेंगे.

- रांची में 2377 पोलिंग स्टेशन पर पड़ेंगे वोट, रहेगी कड़ी नजर
- मतदानकर्मियों को पारंपरिक तरीके से किया गया रवाना

# रांची में आज लोकतंत्र का महापर्व

शुभम किशोर । रांची

झारखंड के तीसरे चरण के मतदान के लिए शनिवार को रांची लोकसभा सीट के लिए वोट पड़ेंगे. इसके लिए संसदीय क्षेत्र में बनाये गये 2377 पोलिंग स्टेशनों पर मतदान कराने की व्यवस्था की गयी है. रांची लोकसभा में 21 लाख 97 हजार मतदाता 27 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे. इनमे 11 लाख 12 हजार पुरुष और 10 लाख 84 हजार महिला मतदाता है.

रांची लोकसभा में 6 विधानसभा ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके आते हैं. शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को रवाना किया गया. इस दौरान सभी मतदान कर्मियों को लोटा-पानी कर पारंपरिक तरीके से रवाना किया गया. रांची संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान कर्मियों को रवाना करते हुए कहा कि आप सभी पर बड़ी जिम्मेवारी है, अपने दायित्व का निर्वहन पूरी कर्मठता से करें.

पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के बाद निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी साझा की. इस दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच, बूथों पर की गई तैयारी, मतदाता जागरूकता के लिए किए गए प्रयासों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दिवस पर पेड हॉलीडे इत्यादि के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान के लिए रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम है. प्रशासन की तरफ से सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें.




मतदानकर्मियों को शुक्रवार को बूथों पर रवाना करने के दौरान जिले के निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा.







## वेब कास्टिंग से रखी जाएगी बूथ पर नजर: के. रवि कुमार

शुक्रवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण के चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी जाएगी. यही जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने कंट्रोल रूम से निभाएंगे. हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगे हैं. सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की गयी हैं. निर्वाचन आयोग वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग करेगा और जरूरत के अनुसार मतदानकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा. स्पीडी वोटिंग के लिए मतदानकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है, ताकि मतदाता को मतदान के लिए कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े. उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवार संग चुनाव पर्व में उत्साह से हिस्सा लेते हुए मतदान जरूर करें और पड़ोसियों, परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें.

### रांची लोकसभा से 27 उम्मीदवार

| प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|
| मनोज कुमार – | बहुजन समाज पार्टी |
| यशस्विनी सहाय – | कांग्रेस |
| संजय सेठ – | भारतीय जनता पार्टी |
| धनंजय भगत 'गांधी' – | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल |
| धर्मेंद्र तिवारी – | भारतीय जनतंत्र मोर्चा |
| निपु सिंह – | राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी |
| पंकज कुमार रवि – | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) |
| प्रवीण कच्छप – | सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी |
| बिनोद उरांव – | बहुजन मुक्ति पार्टी |
| बिरेंद्र नाथ मांझी – | अबुआ झारखंड पार्टी |
| मिंटू पासवान – | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया |
| रंजना गिरि – | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) |
| रामहरि गोप – | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया |
| श्याम बिहारी प्रजापति – | भागीदारी पार्टी |
| सर्वेश्वरी साहू – | एकम सनातन भारत दल |
| सोमा सिं – | जय महाभारत पार्टी |
| हरिनाथ साहू – | लोक अधिकार पार्टी |
| हेमंती देवी – | समता पार्टी |
| अरसद अयूब – | निर्दलीय |
| अंजनी पांडे – | निर्दलीय |
| ऐनुल अंसारी – | निर्दलीय |
| कामेश्वर प्रसाद साव – | निर्दलीय |
| कोलेश्वर महतो – | निर्दलीय |
| देवेंद्र नाथ महतो – | निर्दलीय |
| प्रबीण चन्द्र महतो – | निर्दलीय |
| मनोरंजन भट्टाचार्य – | निर्दलीय |
| संतोष कुमार जायसवाल – | निर्दलीय |

### रांची लोकसभा सीट के मतदाता

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल |
|---|---|---|---|
| ईचागढ़ | 1,44,915 | 1,42,208 | 2,87,125 |
| सिल्ली | 1,10,810 | 1,11,034 | 2,21,846 |
| खिजरी | 1,82,151 | 1,82,271 | 3,64,424 |
| रांची | 1,85,777 | 1,74,993 | 3,60,799 |
| हटिया | 2,52,525 | 2,46,865 | 4,99,413 |
| कांके | 2,36,346 | 2,27,367 | 4,63,724 |
| कुल | 11,12,524 | 10,84,738 | 21,97,331 |

# हार से बौखलाई भाजपा अब कायस्थ और क्षत्रिय समाज को टॉरगेट कर रही : सुप्रियो

कौशल आनंद । रांची



- अभिषेक झा मामले में हलफनामा देकर खुद फंसते और घिरते जा रहे भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे
- क्या वह वहीं अभिषेक झा तो नहीं जिससे ईडी ने पूछताछ की थी, इसकी तो जांच होनी ही चाहिए

झामुमो ने भाजपा पर धर्म की राजनीति के बाद जातीय राजनीति का आरोप लगाया है. पार्टी ने कहा कि पहले क्षत्रिय समाज और कायस्थ समाज को टॉर्गेट किया जा रहा है. झारखंड में अब तक सात सीट पर चुनाव हो चुका है. शेष चार सीटों रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह में शनिवार को वोट पड़ेगा. पहले भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षत्रिय समाज को अपनमानित किया. इसका असर झारखंड में भी दिख रहा है. जहां यह समाज भाजपा से क्षुब्ध है. अब जबकि भाजपा यह जान चुकी है कि वह हजारीबाग और धनबाद सीट हारने जा रही है, तो कायस्थ समाज को निशाना बना रही है.

पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और उनके पुत्र जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा को नोटिस दिया जा रहा है. अब जबकि इन लोगों ने अपना जवाब दे दिया है, तो उन्हें सामंतवादी बता कर टॉर्गेट किया जा रहा है. यह जनता जान एवं समझ चुकी है. यही कारण है कि जनता अब भाजपा के झांसे में नहीं आ रही है. उक्त बातें शुक्रवार को झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

**अभिषेक झा मामले में निशिकांत के खुद हाथ जल रहे :** सुप्रियो ने कहा कि गोड्डा के सिटिंग एमपी निशिकांत दुबे खुद ही फंसते जा रहे हैं. पहले तो हलफनामे में कई अहम जानकारियां छिपाईं. निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अभिषेक झा मामले में उनके खुद के हाथ जल रहे हैं. निशिकांत को बताना चाहिए कि उन्होंने उनके ट्वीट का कैसे राजनीतिक इस्तेमाल किया. निशिकांत कह रहे हैं कि अभिषेक झा से करोड़ों रुपये मिले हैं, उधारी में. और वह कह रहा है कि हम तो दिए ही नहीं हैं. तो क्या ईडी ने अभिषेक झा से पूछताछ की थी, कहीं वो ये वही अभिषेक झा तो नहीं, क्योंकि प्रत्याशी तो मना कर रहा है. जबकि खुद निशिकांत अपने हलफनामे में कह रहे हैं कि हमें तो अभिषेक झा ने दिया है. यह पूरा मामला संदेह के घेरे में है, इसकी जांच होनी चाहिए. अभिषेक झा आपकी खबर ट्वीट करता है. आपका इस्तेमाल वो कर रहा है. आप सांसद होकर कुछ नहीं कर पा रहे हैं.

**इलेक्शन कमीशन की भूमिका संदेहास्पद :** सुप्रियो भट्टाचार्या ने एक बार फिर से इलेक्शन कमीशन की आम चुनाव में भूमिका पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि अब जाकर भाजपा को नोटिस दिया जा रहा है. यह आईवाश है. जब चुनाव अंतिम चरण मे हैं, मोदी जी और भाजपा को जो जहर फैलाना था, फैला दिया तब नोटिस देने से क्या फायदा. रही बात सुप्रीम कोर्ट की तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को खारिज नहीं किया है. बल्कि यह कहा है कि अवकाश के दिनों में सिंगल बेंच में सुनवाई हो रही है. उसे कोर्ट ने रेगुलर बेंच को ट्रांसफर किया है. इससे साबित हो गया है कि इलेक्शन कमीशन की भूमिका संदेहास्पद है.

# पेश हैं अर्ज की चार अर्जियां...



विद्याभूषण
वरिष्ठ साहित्यकार

मितरों, अर्ज है कि गांधी जी के तीन बंदरों वाली आचार नीति से मैं इत्तेफाक नहीं रखता. उनके तीन बंदर सदाचार संदेश देते हैं, तो वे बेशक उम्दा करते हैं. यहां तक तो ठीक है, लेकिन अगले मोड़ पर अपना रास्ता उनसे जुदा हो जाता है. मेरा अंदाज भटकाने वाला लग सकता है. चूंकि इस पर्ची के साथ मेरी जो तस्वीर चस्पा है, उसमें मैं खासा संजीदा लग रहा हूं. यानी कुछ-कुछ गुरु गंभीर मार्का. वैसे मैं हूं भी कुछ उसी मिजाज का आदमी. अपनी बुनियादी फितरत है भी खोजबीन करने वाली. इसके लिहाज से विश्लेषण व विवेचन मेरे जुड़वां भाई हैं. उन दोनों ने बड़े प्यार से मेरी आंखों पर खुर्दबीनी चश्मा चढ़ा दिया है, मगर मेरे हाथ में माइक भी थमा दिया है, इस हिदायत के साथ कि बोलना मत. इसीलिए दुनिया-जहान-ईमान के बारे में कोई टीका-टिप्पणी करने से मैं बच-बच कर निकलता हूं. लेकिन अपनी राष्ट्रभाषा की एक कहावत का भावार्थ मुझसे भुलाये नहीं भूलता, कि चोर चोरी से भले बाज आ जाए, लेकिन तुंबाफेरी के बिना चित्त शांत कैसे रहेगा!

लिहाजा आज अपना नया टॉपिक जमाने को जरा छेड़ने वाला है. वैसे मेरा उसूल कुछ ऐसा है कि कोई मुझे छेड़े भी तो मैं उसे नजरअंदाज करते हुए छोड़ देता हूं. मुझे उम्मीद है कि आप भी इस उदार नीति पर आस्था रखते होंगे और आदरणीय मोदी जी से इत्तेफाक नहीं रखते होंगे. मुझे उम्मीद है कि इस बड़बोलेपन को नादानी मान कर आप बुरा नहीं मानेंगे.

दोस्तो, अर्ज नंबर दो ये है कि इनदिनों मैं फेसबुक के प्रवेश द्वार पर खड़ा हूं, एक अनाड़ी आदमी की तरह. इसी कारण उसकी आचार संहिता से कायदे-फायदे से पूरा वाकिफ नहीं हूं. सुना है, वहां इफरात आजादी है. लेकिन बेशी नुक्ताचीनी की मनाही भी है. मगर सरेआम दिखता तो यह है कि वहां तू-तड़ाक पर कोई रोक-टोक नहीं है. चरित्रहनन की भारी भरकम शब्दावली को असंसदीय मानने की सख्ती अभी शुरू भी नहीं हुई. लिहाजा मैं अपने फेसबुकिया दोस्तों से अपील करता हूं कि वे मेरे शायराना मूड के बेमुरब्बत इजहार का बुरा नहीं मानें! हम सब जानते हैं कि इस मोबाइल दुनिया में शब्द-सागर की सीमा पर कोई पहरा नहीं है. वहां आप निरंकुश मत-विहार का आनंद ले सकते हैं. बेखौफ. आपकी धर-पकड़ के लिए वहां गश्ती दल तैनात नहीं हैं, न कफन की पगड़ी बांधने वाले बुल्डोजर हाजिर नाजिर होंगे. लेकिन याद रखिए कि फिलहाल चुनाव का मौसम है. इसलिए संवादों की दलबदली पर नजर रखने के लिए तीसरी आंखें हमेशा मुस्तैद हैं. इसके बावजूद कोई आला दर्जे का फकीर आपको अपना चेला या भगत बनाने की जुगत करे तो आप उस चक्कर में हरगिज नहीं पडें, वरना अक्ल हो जाएगी गुम और सब्ज बाग में घास छीलने का होम टास्क होगा शुरू. लिहाजा अड़ियल किस्म का फ्रेंड भेंटा जाए, तो आप अहिंसक विधि से उसे ब्लॉक कर सकते हैं. इसी को कहते हैं कि न हर्रे लगे न फिटकरी और रंग भी चोखा. इसलिए इस सुभाषित पर आप जरूर गौर फरमाएं कि बड़े धोखे हैं इस राह में, बाबूजी धीरे चलना... बाकी तो आप खुद होशियार हैं. तो भी मेरी सरेआम गुजारिश है कि बहस की मेज पर जूतम-पैजार की नौबत हरगिज नहीं आना चाहिए. अन्यथा रंग में भंग डालने वाले प्रवचनों का सियासी सरगम सुनते हुए आप बेखबर हो जाएंगे.

भाइयों और बहनों, अर्ज नंबर तीन ये है कि हर बहस में फर्ज के नाम पर बकाया कर्ज जरूर उतार दीजिए. कहते हैं, प्यार किया तो डरना क्या! सच है कि चुनावी घमासान में बड़े लोग निगरानी एजेंसियों के सिग्नल का रत्ती भर लिहाज नहीं कर रहे. तो भी आप अपने नरम-गरम खयालों का इजहार संभल कर किया करें. हर सूरत में भाईचारे के जज्बे को सलाम करते रहें. साथ ही, कानून की किताब में कुछ भी लिखा हो, सरकारी महकमा हाकिमों के इशारे पर ही मुस्तैद व जुझारू हुआ करता है. चुनावी दंगल में बुनियादी सवालों से जूझते लोग अक्सर पेशेवर उपद्रवी माने जाते हैं. मेरी मानिए तो हाथी के पांवों के नीचे आ जाने पर आत्मरक्षा धुन हर किसी को बेहद प्यारी लगती है. इसके बावजूद आपसे कहना है कि 'हम होंगे कामयाब एक दिन' वाला तराना याद रखने में कोई बुराई नहीं है.

दोस्तों, अर्ज नंबर चार और आखिरी अर्जी यह है कि आप जरूर वोट-चोट कीजिए. अपनी पसंद के रंग पर मुहर लगाइए. मगर असली और फर्जी रंगों की जांच जरूर कीजिए. खुली आंखों से चलते हुए राह के कुश-कांटे भी साफ करते चलिए. लेकिन बदलाव के इस दौर में जोश में होश खो कर हुड़दंगियों की जमात में साझेदार मत बनिए. इस मतपर्व पर यह दोस्ताना तजबीज पेश है कि इस त्योहार में आप हाथ पर हाथ रख कर चुप हरगिज नहीं रहना और जो भी सही लगे, उसे जरूर करना.

# 648 बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का औचक निरीक्षण करेगी 6 वकीलों की कमेटी

- जांच रिपोर्ट झारखंड हाईकोर्ट को सौंपेगी कमेटी

संवाददाता । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची शहर की बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए 6 अधिवक्ताओं की कमेटी बनाई है. इस कमेटी में अधिवक्ता कुमार हर्ष, तरुण कुमार महतो, राहुल आनंद, आसिफ खान, बजरंग कुमार एवं अभिजीत शामिल हैं.

यह कमेटी औचक निरीक्षण कर रांची शहर के 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग (जी प्लस 5) में रेन वाटर हार्वेस्टिंग चालू स्थिति में है या नहीं इसकी जांच करेगी. अधिवक्ताओं की छह सदस्य वाली इस कमेटी का नेतृत्व अधिवक्ता पीएएस पति एवं विभाष सिन्हा करेंगे. अधिवक्ताओं की कमेटी के साथ रांची नगर निगम के तीन अभियंता भी रहेंगे, जो तकनीकी रूप से अधिवक्ताओं की कमेटी को सहयोग करेंगे. अधिवक्ताओं की कमेटी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच पड़ताल के बाद कमेटी के नेतृत्वकर्ता पीएएस पति एवं विभाष सिन्हा हाईकोर्ट को मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग के संबंध में रिपोर्ट देंगे. हाईकोर्ट ने रांची डीसी को निर्देश दिया है की कमेटी को कार्य करने में किसी तरह की कोई बाधा ना आए, इसके लिए वह एक नोडल अधिकारी नामित करें. हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम को भी रांची शहर के जी प्लस 3 भवनों एवं जी प्लस 4 भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सर्वे कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है. मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी. दरअसल, रांची के जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर हाईकोर्ट जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है.

### क्या बताया था रांची नगर निगम ने हाईकोर्ट को

हाईकोर्ट में पूर्व की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजधानी रांची की 710 बहुमंजिली इमारतों (जी प्लस 5) में से 648 बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जा चुकी है. जिस पर कोर्ट ने उनसे पूछा था कि जिन बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है, वह मेंटेन होता है या नहीं.

# हाईकोर्ट के नये भवन के उदघाटन का एक वर्ष पूरा

## पिछले साल की तुलना में 2110 ज्यादा मामले निष्पादित हुए

लीगल रिपोर्टर। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन के उद्घाटन के आज एक वर्ष पूरा हो गये. पिछले साल आज ही के दिन (24 मई 2023) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाईकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन किया था. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूर्ण, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र मौजूद थे.

उद्घाटन के बाद हाईकोर्ट का नया भवन राज्य को समर्पित कर दिया गया था. हाईकोर्ट के नये भवन में अधिवक्ता 12 जून को शिफ्ट हुए थे और इसी दिन पहली बार न्यायिक कार्य भी शुरू हुआ था. एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन 12 जून को कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों को आमंत्रित करने की तैयारी है. बता दें कि लगभग 600 करोड़ की लागत से बना झारखंड हाईकोर्ट का नया कैंपस सुप्रीम कोर्ट से करीब तीन गुना बड़ा है.

### खास बातें

- 1 जनवरी से 30 अप्रैल 2023 तक 16,918 मामले निष्पादित हुए थे
- इस साल इसी समयावधि में 19, 028 मामलों का निष्पादन हुआ



### इस साल एक जनवरी से 30 अप्रैल तक कुल 19,028 मामले निष्पादित

नये भवन में शिफ्ट होने के बाद हाईकोर्ट में लंबित मामलों के निष्पादन में भी तेजी आई है. इस साल झारखंड हाईकोर्ट द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक कुल 19,028 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें सिविल और क्रिमिनल नेचर के मामले शामिल हैं. एक जनवरी 2024 को हाईकोर्ट में सिविल नेचर के कुल 38,445 मामले लंबित थे. वहीं क्रिमिनल नेचर के कुल 47,148 मामले सुनवाई के लिए लंबित थे. लेकिन 30 अप्रैल तक हाईकोर्ट ने सिविल नेचर के 6,942 मामले सुनवाई के बाद निष्पादित कर दिए, वही क्रिमिनल नेचर के 12,286 मामले सुनवाई के बाद निष्पादित कर दिये. पिछले वर्ष ईसी समयावधि का यह आंकड़ा 16,918 था. लंबित मामलों के निष्पादन के ये आंकड़े तब हैं, जब हाईकोर्ट में फिलहाल सिर्फ 19 न्यायधीशों की बेंच ही बैठ रही है, जबकि हाईकोर्ट में बेंच की टोटल संख्या 25 है.

### जानिए नये भवन में पुराने हाईकोर्ट से क्या अलग है

- झारखंड सरकार ने 72 एकड़ जमीन पर हाईकोर्ट की बिल्डिंग और वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार करायी है. पुराने भवन में जहां गाड़ी पार्क करने की समस्या थी, वहीं नये कैंपस में वकील और मुवक्किलों की 2000 गाड़ियां एक साथ पार्क करने की व्यवस्था है.
- नये हाईकोर्ट के स्टेट ऑफ द आर्ट बिल्डिंग में एक चीफ जस्टिस कोर्ट रूम और 24 अन्य कोर्ट रूम के अलावा 576 एडवोकेट चैंबर हैं. पुराने भवन में वकीलों के लिए करीब 120-125 चैंबर ही थे. नई बिल्डिंग में हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ताओं के बैठने के लिए 76 चैंबर बनाए गए हैं.
- सभी कोर्ट रूम में 120 लोगों के बैठने की व्यवस्था की है. इसके साथ ही नये हाईकोर्ट भवन में न्यायाधीशों के लिए अलग से लाइब्रेरी है.

---

### कांग्रेस-झामुमो का प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला

### गोड्डा के निवर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

# ईसी ने दिया भरोसा, ईडी से जवाब मांग कर निशिकांत पर होगी एफआईआर : सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो-कांग्रेस का एक प्रतिनिधमंडल शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिला. प्रतिनिधमंडल ने गोड्डा के सांसद और भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी. झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने बताया कि 23 मई को गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को ईडी द्वारा समन भेजे जाने संबंधी बयान दिया. कुछ मीडिया में बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को ईडी का समन जारी किये जाने की खबरें प्रसारित की गयी. मगर ईडी के अधिकारियों ने न ही इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया. सुप्रियो ने कहा कि ईडी का कोई समन बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को नहीं भेजा गया है. मंत्री बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जरमुंडी एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के चुने हुए विधायक सह मंत्री हैं. गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आम जनता के बीच इनकी काफी लोकप्रियता है.



#### दोनों की छवि खराब करने की कोशिश मतदान प्रभावित करने का प्रयास

सुप्रियो ने कहा, भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की नीयत से मंत्री बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए गलत खबर प्रमुखता से प्रसारित कराई गयी .गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता के बीच इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और झामुमो के प्रति नकारात्मक छवि बनाने के लिए साजिश रची गयी. प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से आग्रह किया कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए निशिकांत दुबे पर चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में कानूनी कार्रवाई की जाये. सुप्रियो ने बताया कि ईसी ने भरोसा दिया है कि वह इस संबंध में ईडी से जवाब मांगेगा, इसके बाद निश्चित तौर पर प्रत्याशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर शामिल थे.

## आचार संहिता उल्लंघन को लेकर भाजपा इरफान और सेल को आयोग ने चेताया

संवाददाता। रांची

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, बोकारो को चेतावनी देते हुए नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा है. भाजपा पर झारखंड में चतुर्थ और पंचम चरण के मतदान के दौरान मतदान केंद्रो पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चिह्न आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण का आरोप है. इसे लेकर एफआईआर भी दर्ज है. मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार द्वारा भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के तहत वोटरों को अनधिकृत पहचान पत्र सादे कागज पर देना है और उस पर किसी दल विशेष का चिह्न, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिए. इस दिशा निर्देश को पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है.

### निवर्वाचन आयोग ने विधायक इरफान अंसारी को भी चेताया

वहीं विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गए पोस्ट को जांच के बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है. निर्देश में कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों, जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने. साथ ही अपुष्ट आरोपों, आलोचना से बचने को कहा गया है. वहीं वोट के लिए ऐसी अपील से भी बचने को कहा गया है, जिससे जाति या सांप्रदायिक भावना उभरती हो. निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य धार्मिक स्थलों का चुनावी प्रोपेगंडा के लिए उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा.

## ईडी ने जहांगीर के फ्लैट की फिर से तलाशी ली

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलु सहायक जहांगीर आलम के घर ईडी टीम शुक्रवार की शाम पहुंची. ईडी के अधिकारियों ने जहांगीर के फ्लैट की फिर से तलाशी ली. हालांकि तलाशी में ईडी को क्या हाथ लगा है, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है. इससे पहले ईडी की टीम ने बीते पांच मई को जहांगीर आलम के प्लैट छापेमारी कर करीब 32.20 करोड़ रुपये नकद बरामद किया था. रिमांड पर लेकरईडी ने पीएस संजीव लाल व उनके घरेलु सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ की थी. पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ही शुक्रवार को ईडी की टीम ने दुबारा जहांगीर आलम के फ्लैट की तलाशी ली.

## शैलेश सिन्हा ने छोड़ी भाजपा उपेक्षा का लगाया आरोप

**रांची।** चुनाव के बीच प्रदेश भाजपा में अंतर्कलह अब खुल कर सामने आने लगा है. प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के बयान को लेकर भी पार्टी में विरोध हो रहा है. इसी क्रम में पूर्व मीडिया प्रभारी शैलेश सिन्हा ने भाजपा को अलविदा कर दिया. इसके साथ ही उन्होंने पार्टी पर कई आरोप लगाये हैं. शैलेश ने कहा है कि प्रदेश भाजपा में जिस तरह आम कार्यकर्ताओं से लेकर विधायक-सांसद तक को अपमानित करने की साजिश हो रही है, वह दुखद है. उन्होंने कहा कि संजय सेठ जब महानगर अध्यक्ष हुआ करते थे, तब मैंने महानगर में मीडिया प्रभारी का दायित्व निभाया. तब कार्यकर्ताओं को भी सम्मान मिलता था. जिस तरह जयंत सिन्हा से स्पष्टीकरण पूछा गया और सार्वजनिक कर दिया गया, वह शर्मनाक है. स्पष्टीकरण के तौर तरीके पर पहले पार्टी को विचार करना जाहिए. झारखंड में कई संसदीय क्षेत्र में चुनाव बाकी है. पार्टी के अंदर हजारों की संख्या में उपेक्षित कार्यकर्ताओं पर इसका क्या असर पड़ेगा. इस पर भी उन्हें सोचना चाहिए था.

## न्यूज अपडेट

### झारखंड चैंबर की आईटी उप समिति की बैठक



**रांची।** झारखंड चैंबर की आईटी उप समिति की बैठक चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमैन मनोज मिश्रा और अल्तमश आलम की अध्यक्षता में चैंबर भवन में शुक्रवार को हुई. बैठक में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यशाला जून माह में कराये जाने पर चर्चा की गयी. कहा गया कि साइबर सिक्योरिटी से जुड़े लोगों को कार्यशाला में बुला कर लोगों को साइबर क्राइम से बचने के उपायों की जानकारी दी जाएगी. जो लोग आईटी और उद्योग व्यापार से जुड़े हुए हैं, उनको भी कार्यशाला में बुलाया जाएगा. बैठक में कहा गया कि डोरंडा स्थित संत जेवियर स्कूल के एचओडी संतोष कुमार ने हाल ही में सब से लंबा कोडिंग प्रोग्राम चला कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है. उन्हें चैंबर की ओर से सम्मानित किया जाएगा.

### एसएसपी ने बाइक से किया संकरी गली के बूथों का निरीक्षण



**रांची।** निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसएसपी चंदन सिन्हा ने बाइक से संकीर्ण गलियों में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया. शुक्रवार की देर शाम एसएसपी ने इस्लामी मरकज, मारवाड़ी कॉलेज, लिटिल गार्डन स्कूल,कर्बला चौक पर स्थित बूथ का निरीक्षण किया. इस दौरान एसएसपी ने बूथ पर तैनात जवानों को कई निर्देश भी दिए. शांतिपूर्ण मतदान को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया. एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी और कोतवाली डीएसपी नेतृत्व में मोहाजिद नगर, निजाम नगर, समेत कई इलाके में फ्लैग मार्च किया गया.

### वीमेंस कॉलेज की छात्राओं को मिली वायुसेना में भर्ती से संबंधित जानकारियां



**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज में भारतीय वायुसेना सेवा के ऑफिसर्स द्वारा छात्राओं को वायुसेना सेवा में चार वर्ष की नियुक्ति से संबंधित संवाद सत्र का आयोजन कर जानकारी दी गयी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल छात्राओं ने भारतीय वायुसेना में भर्ती से संबंधित विभिन्न जानकारियां हासिल कीं.सेना के जवानों ने छात्राओं को बताया कि किस प्रकार की ट्रेनिंग उन्हें दी जाएगी. किन-किन जांच प्रक्रियाओं के तहत उन्हें गुजरना होगा. यह भी बताया गया कि इसके लिए उन्हें मेडिकल जांच प्रक्रिया में सफल होना जरूरी है. इस नियुक्ति के लिए फॉर्म भरने का समय 22 मई से पांच जून है. कार्यक्रम में डॉ किरण तिवारी, डॉ पूनम धान और डॉ किरण कुमारी उपस्थित थीं. यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ कुमारी उर्वशी ने दी.

### सीआरपीएफ कैंप में तनाव प्रबंधन कार्यक्रम



**रांची।** सीआरपीएफ कैंप में शुक्रवार को ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का खास आयोजन किया गया. राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने जवानों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इसके बाद आशीर्वचन प्रदान करते हुए तनाव मुक्ति के लिए कई टिप्स दिए. कहा कि वर्तमान समय में तनाव मानव के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को खोखला बना रहा है. ऐसे में राजयोग साधना पद्धति व्यक्ति के लिए बेहतर विकल्प है. इससे तन और मन दोनों सशक्त होते हैं.

### जल है तो जीवन है, जल है तो कल है : डॉ. प्रभात कुमार



**रांची।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा के तत्वावधान में वासुदेव प्रसाद, अमित कुमार और अंता देवी के सौजन्य से सदर अस्पताल में स्थाई प्याऊ का निर्माण किया गया, जिससे अस्पताल में मरीज के साथ आए परिजनों को ठंडे पानी की सुविधा मिले. इस प्याऊ का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने किया. डॉ. प्रभात ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा किए जा रहे हैं जनसेवा कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि अस्पताल में स्थाई प्याऊ का निर्माण होने से मरीजों एवं सभी लोगों को शुद्ध पीने का ठंडा पानी मिलेगा, उन्होंने कहा कि जल है तो जीवन है. समारोह में अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. विमलेश सिंह तथा रूपा अग्रवाल भी मौजूद थे. पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, सीमा पोद्दार, स्वर्ण लता जैन, रेखा जैन, सुनीता सरावगी, करुणा अग्रवाल, उषा सोंथालिया, मंजू तुलस्यान आदि का सहयोग रहा.

---

## राजद की भाषा बोल रहे आदित्य साहू, तत्काल पदमुक्त करे भाजपा

मुख्य संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू सामंती बयान से राज्य के कार्यकर्ताओं में रोष है. इसे लेकर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह एक बार फिर मुखर हुए हैं. उनका कहना है कि भाजपा में बड़े पद पर रहकर महामंत्री आदित्य साहू राजद की भाषा बोल रहे हैं, इसलिए दलहित में इन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाना जरूरी है.

इस पूरे मामले को लेकर सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने कहा दल के आंतरिक मामलों को सार्वजनिक किये जाने के मुद्दे को उठाया, तो आदित्य साहू को इसमें सामंतीपन नजर आने लगा. क्या दल और कार्यकता हित में बात करना सामंती होने का परिचायक है? जब इस सामंती शब्द पर सवाल उठने लगा, तो पार्टी के एक प्रवक्ता इसे महामंत्री आदित्य साहू का निजी विचार बताने लगे.

पूर्व मोर्चा अध्यक्ष सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निजी विचार व्यक्त करने का अधिकार हमें पार्टी का संविधान देता है क्या? भाजपा मूल्यों और आदर्शों के साथ काम करने वाली पार्टी है. पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे मजबूती प्रदान की है, तो आज नरेंद्र मोदी जैसे करिश्माई नेतृत्व, जिसका पूरा विश्व लोहा मान रहा है. आदित्य साहू जिस जाति सूचक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, इससे उनकी संकीर्ण और जातिवाद से संक्रमित मानसिकता उजागर हो रही है.

## कुम्हार महासभा का प्रतिभा सम्मान 26 को

**रांची।** झारखंड कुम्हार महासभा की प्रदेश कार्यालय डंगरा टोली में शुक्रवार को बैठक हुई. जिसमें आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह की रूपरेखा तय की गई. निर्णय अनुसार रविवार को 10.30 बजे से प्रतिभा सम्मान का आयोजन दिगंबर जैन भवन हरमू रोड में होगी. जिसमें 10वीं व 12वीं जैक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थयों को सम्मानित किया जाएगा.

मौके पर त्रिवेणी कांशी, राजू प्रजापति, पीताम्बर महतो, संजय प्रजापति, रेखा देवी, गोपाल पंडित, तुलसी पण्डित, पूरण प्रजापति, प्रसाद महतो, तपेश्वर महतो, संजय कुमार, संजीत प्रजापति, अनिल प्रसाद, ललितादेवी, रुद्रदेव कुमार, सुनील प्रजापति, निरंजन कुमार, श्वेत कमल, रमेश प्रसाद, रमेश महतो आदि शामिल थे.

### कभी दोस्त को जिताने के लिए रात -दिन एक किया, अब हराने को बहाया पसीना

# जमशेदपुर में दो दोस्त आमने-सामने

प्रवीण कुमार ।रांची/ जमशेदपुर

जशेदपुर लोकसभा सीट से 25 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हैं. राजनीति में न दोस्ती लंबे समय तक चलती है और दुश्मनी. 2019 के लोकसभा चुनाव में समीर मोहंती ने भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने के लिए रात -दिन एक कर दिया था. लेकिन पांच साल में ही स्थितियां बदल गईं हैं. आज समीर मोहंती झामुमो प्रत्याशी हैं और विद्युत वरण महतो चारो काने चित्त करने के लिए खूब पसीना बहाया है. अब उनकी मेहनत कितनी कारगर होती है, यह सोमवार को होनेवाले मतदान के बाद चार जून को मतगणना के परिणाम से ही पता चल पाएगा.

### 2019 में साथ थे, अब दोनों एक-दूसरे को हराने में जुटे

पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त अभी झामुमो के प्रत्याशी समीर मोहंती भाजपा में थे. लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा छोड़ कर झामुमो में चले गए और झामुमो के टिकट पर बहरागोड़ा के विधायक बन गये. अब सियासी हालात ऐसे बन गये हैं कि पांच साल पहले जिस विद्यु वरण महतो के लिए समीर मोहंती ने जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा था, इस बार उसी महतो के खिलाफ समीर मोहंती ताल ठोंक कर खड़े रहे और पटकनिया देने के लिए खूब मेहनत की है.

#### विद्युत और मोहंती का बहरागोड़ा से शुरू हुआ था सियासी सफर

विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती के सफर की शुरुआत बहरागोड़ा से ही हुई. शुरूआत में दोनों को नाकामी ही हाथ लगी. झामुमो से महतो साल 2000 और 2005 में बहरागोड़ा से चुनाव हार गए. लेकिन 2009 में विस चुनाव जीतने के बाद 2014 में झामुमो से भाजपा में आए और संसद पहुंच गये. मोहंती भी बहरागोड़ा से लगातार तीन बार विस चुनाव हारे. लेकिन 2019 में चुनाव से पहले भाजपा छोड़ झामुमो में आये. उन्होंने झामुमो के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और पहली बार विजयी हुए. अब पांचवें साल में विद्युत की तरह संसदीय चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं.

---

**लगाई गुहार** 892 व्यावसायिक प्रशिक्षकों को बेरोजगार करने की हो रही सरकार की तरफ से तैयारी

# लगाये कई आरोप, की न्याय की मांग, वर्ना होगा जोरदार आंदोलन

संवाददाता। रांची

राज्य के 446 सरकारी प्लस 2 हाईस्कूलों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों को बेरोजगार करने की तैयारी की जा रही है. व्यावसायिक प्रशिक्षकों की संख्या 892 है. प्रशिक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2015-16 में कांट्रैक्ट पर की गयी थी.

झारखंड शिक्षा परियोजना कांट्रैक्ट पर नियुक्ति के लिए एजेंसी नियुक्त करती है. अभी 11 कंपनियां राज्य के सभी प्लस-टू स्कूलों में प्रशिक्षकों को नियुक्त करती है. इन प्रशिक्षकों के पास नौ सालों का अनुभव है. परियोजना ने अब दूसरी कंपनियों को प्रशिक्षकों की नियुक्ति का काम दे दिया है. जिसके बाद सभी प्रशिक्षकों को ई-मेल के जरिये सूचना दी गयी है कि उनका कांट्रैक्ट खत्म हो चुका है. लिहाजा वह अब नौकरी पर नहीं है.

इस मामले को लेकर व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ ने आंदोलन की तैयारी कर ली है. साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर उन्हें बेरोजगार किया गया तो सभी प्रशिक्षक परियोजना कार्यालय के सामने आत्मदाह करने को मजबूर होंगे. संघ की कहना है कि युवाओं के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को भी खराब किया जा रहा है. हर दो साल में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, उम्र व इंटरव्यू परीक्षा लेने के नाम पर प्रशिक्षकों को हटाया जा रहा है. जब पहली बार नियुक्ति के समय परीक्षा ली ही गयी तो हर दो साल बाद एग्जाम लेने का कारण समझ नहीं आता. संघ ने आरोप लगाया है कि इस तरह की प्रक्रिया को अपनाकर परियोजना और आउटसोर्स कंपनी भ्रष्टाचार करती है. संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव मिथिलेश पांडेय, उपाध्यक्ष श्रवण मेहता, उप सचिव रोजलिन स्नेहलता तिग्गा सहित अन्य ने प्रेस बयान जारी कर मांग की है कि इस मामले में सरकार उनके साथ न्याय करे.

### जानें क्या-क्या प्रशिक्षण देते हैं व्यावसायिक प्रशिक्षक




मल्टी स्किल, मीडिया इंटरटेमेंट, हेल्थ केयर, ग्राफिक, वेब डिजाइनिंग, फूड टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी, ऑटोमोटिव रिपेयर, प्लंबिंग, एयरकंडिशनिंग.

### चल रहा लूट का खेल !

झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स करवाया जाता है. परियोजना ही यह तय करती है कि किस कंपनी को कंसल्टेंट दिया जाये, जो प्रशिक्षकों को नियुक्त करेंगे. अभी राज्य भर में प्रशिक्षकों को नियुक्त करने का काम 11 कंपनियों को मिला था. करीब दो माह पहले सभी प्रशिक्षकों को एक ई-मेल भेजा गया है. जिसमें कहा गया है कि आपका कांट्रैक्ट खत्म हो चुका है. कंपनियों ने फिर से नयी वेकेंसी निकाली है. नये स्तर से फॉर्म भरा जायेगा और फिर से परीक्षा देनी होगी. यह काम हर दो-तीन साल में किया जाता है. उन्हीं प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाती है, जो पहले से नियुक्त हैं. लेकिन हर दो-तीन साल में दोबारा नियुक्ति किये जाने पर प्रशिक्षकों को हर बार परीक्षा देना पड़ती है. बताया जाता है कि दोबारा नियुक्ति के नाम पर पर्दे के भीतर वसूली का खेल चलता है. लाख-दो लाख की मांग की जाती है. परियोजना निदेशालय के तत्कालीन निदेशक सैलेश कुमार चौरसिया ने वर्ष 2018 में एक आदेश जारी किया था, जिसमें साफ कहा गया था कि सिर्फ कंपनी बदलेगी, प्रशिक्षक नहीं. लेकिन इस आदेश का पालन ही नहीं होता.

# रिम्स शैक्षणिक परिषद की बैठक में कई जरूरी फैसले

संवाददाता। रांची

रिम्स में शुक्रवार को निदेशक प्रो राजकुमार की अध्यक्षता में शैक्षणिक परिषद की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, शुल्क और शैक्षणिक पदों के स्थानांतरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये. पूर्व में तत्कालीन निदेशक द्वारा रंग रोगन के आदेश दिये गये थे, जिसके अंतर्गत रिम्स के कई कॉरिडोर में सफेदी का काम चल रहा था. निदेशक ने इन कार्यों को बंद करने का निर्देश दिया, क्योंकि इन भवनों की योजनाबद्ध मरम्मत होनी है. निदेशक ने ऑर्डर के अनुमोदन के पश्चात रंग रोगन में इतना विलंब होने पर भी नाराजगी जताई.

### निदेशक ने अस्पताल का निरीक्षण किया

निदेशक ने आज अस्पताल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एनेस्थिसिया विभाग के सामने वाले गलियारे से काफी बदबू आ रही थी, इस संदर्भ में निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक और उपाधीक्षक को संबंधित वेंडर पर दंडात्मक कार्रवाई करनेके निर्देश दिये. जान लें कि वेंडर को अस्पताल परिसर में साफ सफाई के लिए नियमित रूप से भुगतान किया जाता है, लेकिन उसके द्वारा सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. साथ ही नालियों की भी सफाई नहीं की जा रही है.

## आसमान से भोक्ताओं ने बरसाये आस्था के फूल



## भक्ति के मेले में झूलन उत्सव का रहा धमाल

# हुंडरू, रातू और अरगोड़ा के मंडा पूजा में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता। रांची

एयरपोर्ट स्थित हुंडरू, रातू और अरगोड़ा में शुक्रवार को मंडा पूजनोत्सव की धूम रही. इसी के साथ भोक्ताओं ने अनुष्ठान का अंतिम चरण भी पूरा कर लिया. 40 फीट की ऊंचाई से झूलते हुए आस्था के फूल बिखेरे. पुष्प पाने को जनसैलाब उमड़ पड़ा. ऐसा लगा मानो आसमान से फूल के रूप में वरदान बरस रहा हो और उसे पाने को सब लालायित हो.माना जाता है कि भोक्ता के बिखेरे पुष्प पाने वालों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. इसी भाव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भागीदारी निभाते हैं.

**नागपुरी गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम आज**



**एयरपोर्ट स्थित हुंडरू गांव :** दोपहर बाद तक विभिन्न अनुष्ठान पूर्ण कर 158 भोक्ता और सोक्ताइनो ने स्थानीय तालाब में स्नान-ध्यान कर साज-श्रृंगार किया. शोभायात्रा के रूप में शिव मंदिर आये. यहां पूजन कर परिक्रमा की. इसके बाद संदीप गोप की अगुवाई में सभी मंडा स्थल आये. यहां खूंटे से बंध आसमान से फूल बिखेरे. शनिवार की रात नागपुरी गीत-संगीत कार्यक्रम के साथ पूजनोत्व संपन्न हो जायेगा. अध्यक्ष सन्नी कुमार साहू और जितेंद्र कुमार साहू इसके सफल आयोजन पर सबका अभार जताया.

**हुरहुरी, रातू :** झूलन उत्सव में साढ़े चार सौ भोक्ता और सोक्ताइनो ने हिस्सा लिया. फूल पाने को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े.भक्ति के मेले से इलाकार गुलजार रहा. संरक्षक लाल वैभव नाथ शाहदेव, पंचम सिंह, महेश सिंह, अध्यक्ष मकसूदन उरांव, विनोद साहू, लाल शिव कुमार नाथ शाहदेव, लाल गोपाल नाथ शाहदेव, महेश महतो, राजकुमार सिंह, जोगेश्वर सिंह, शैलेंद्र मुंडा, दुर्गा उरांव, कमल खलखो, मोहित सिंह, सुनील मुंडा आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

**अरगोड़ा :** आकर्षक परिधानो में लिपटे पांच सौ भोक्ता और सोक्ताइन शाम चार बजे मंडा स्थल पहुंचे तो चहुंओर मनोहारी छटा छा गयी. मंच पर ऊंचे खंभे से बंध कर बारी-बारी से भोक्ताओ ने आस्था के पुष्प बिखेरे, कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टालों से मेला स्थल गुलजार रहा. अध्यक्ष मुनेश्वर साहू,अंजित साहू, पवन साहू, नरेंद्र प्रसाद साहू, शिव प्रसाद, दिलरंजन साहू, सुनिल साहू, शंकर साहू, राजेश साहू, भोला साहू, प्रकाश साहू, पंकज साहू, शिबु तिग्गा, राजकुमार साहू, संजय साहू ने इसमें मुख्य योगदान दिया.

### ब्रीफ खबरें

#### मानस पाठ कर भक्तों ने अर्पित की श्रद्धा-भक्ति



**रांची।** राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने सस्वर श्रीरामचरित मानस पाठ कर अपने इष्ट के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की. शाम चार बजे भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भक्ति के ज्योत जगाये. इसके बाद पाठ प्रारंभ हुआ.रामचंद्र तलेजा ने पाठ कर भक्ति की धारा प्रवाहित की तो चंद्रभान तलेजा श्रद्धालुओं को भावार्थ समझाते रहे.

#### गंध बनिक समिति ने की मां गंधेश्वरी दुर्गा की पूजा



**रांची।** अलकापुरी, रातू रोड में गंध बनिक समिति का दो दिनी मां गंधेश्वरी दुर्गा पूजनोत्सव शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया. यहां मां की भव्य प्रतिमा विराजमान कर विशेष पूजा की गयी. अंतिम दिन सुबह पुरुलिया के आये पुजारी बुद्धदेव बनर्जी ने नेम-निष्ठा से हवन संपन्न कराया. प्रसाद वितरण के बाद मां की प्रतिमा का विसर्जन देर शाम बड़ा तालाब में किया गया. अशोक कुमार दास ने बताया कि यहां 46 साल से पूजा की जा रही है.

## शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में समर कैंप का समापन

# ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ बच्चों ने की खूब मस्ती

संवाददाता। रांची

मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में चल रहे तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का को समापन हुआ, तीसरे दिन 85 छात्राओं ने भाग लिया. इस तीन दिवसीय समर कैंप में 200 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया और ज्ञानवर्द्धक गतिविधियों के साथ खूब मस्ती की.

सम्मेलन की मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने बताया कि समर कैंप के अंतर्गत बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, देशभक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी गई. समर कैंप में सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे एवं बहुत रुचि के साथ सभी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लिया. समापन समारोह में डॉ अर्चना अग्रवाल द्वारा लड़कियों को मासिक धर्म के समय किन-किन स्वास्थ्य संबंधी बातों का ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई. बच्चियों के बीच सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए. विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लड़कियों के चेहरे खुशी से खिल उठे. उन्होंने कहा कि समर कैंप के आयोजन से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और हम किसी भी विषम परिस्थिति का मुकाबला कर सकते हैं. कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों को उचित मानदेय और उपहार दिए गए, विद्यालय की कर्मचारियों को छाता, साड़ी और रुपए का लिफाफा दिया गया. प्रभाकर अग्रवाल और रूपा अग्रवाल के मार्गदर्शन में मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा द्वारा 11वें समर कैंप का समापन प्रादेशिक उपाध्यक्ष अलका सरावगी ने किया. मौके पर गीता डालमिया, शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, कोषाध्यक्ष शशि डागा, निवर्तमान अध्यक्ष नैना मोर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाटोदिया और सरिता अग्रवाल, रीता केडिया, अरुण गुप्ता, सीमा टांटिया, ललिता नारसरिया, सुनीता सरावगी, पुष्पा अग्रवाल, शशि अग्रवाल, स्वर्णा लता जैन, शोभा हेतमसरिया, प्रीति पोद्दार, रीना सुरेखा, छाया अग्रवाल, सुनैना लॉयलका, प्रीति फोगला, मंजू तुलस्यान, सरिता अग्रवाल उपस्थित थीं. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने तीन दिवसीय समर कैंप की सफल आयोजन की सराहना करते हुए प्रशंसा की है.



शिवनारायण कन्या पाठशाला रांची में समर कैंप में मस्ती करती छात्राएं.



कार्यक्रम स्थल पर पाठशाला की शिक्षिकाओं के आयोजन दल की सदस्य.

## अग्रवाल सभा का 21वां समर कैंप 28 मई से



संवाददाता ।रांची

अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वावधान में 21वां समर कैंप 28, 29 और 30 मई को आयोजित किया जाएगा. कैंप कक्षा एक से 12 तक के अग्रवंशी बच्चे भाग ले सकते हैं. सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार, योग, मार्शल आर्ट, चित्रकला, शतरंज, वक्तृत्व कला, हस्तकला, अभिनय, गायन, नृत्य की बेसिक जानकारी रोचक तरीके से दी जाती है, जिससे वे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान सकें और उसे विकसित कर सकें. रांची के निपुण प्रशिक्षकों ने अपनी सहमति दे दी है. अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, निर्मल बुधिया, आकाश एवं महिला समिति की मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, मंजू केडिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, संगीता गोयल, सीमा पोद्दार की उपस्थिति में शुक्रवार को अग्रसेन भवन समर कैंप के पोस्टर का विमोचन किया गया. अग्रसेन भवन में फार्म उपलब्ध है, विस्तृत जानकारी महाराजा अग्रसेन भवन से या संयोजिका रूपा अग्रवाल (फोन 9708603305) से प्राप्त की जा सकती है.

**खास बातें**

- कक्षा एक से 12 तक के अग्रवंशी बच्चे लेंगे भाग
- अग्रसेन भवन में हुआ समर कैंप के पोस्टर का विमोचन

## आरएसओवी, एवीआर व पल्मोनरी वाल्व रिपेयर से किया सफल इलाज

संवाददाता। रांची

एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल में औरंगाबाद के रहने वाले 27 वर्षीय मरीज का वलसाल्वा एन्यूरिज्म (आरएसओवी) , एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (एवीआर) व पल्मोनरी वाल्व रिपेयर कर सफल ऑपरेशन किया गया. मरीज को सांस लेने में परेशानी थी वह लगातार खांस भी रहा था. हॉस्पिटल के डॉ कुणाल हजारी व उनकी टीम ने चार अप्रैल को सफलतापूर्वक सर्जरी की. सर्जरी के दौरान कई जटिलताएं भी थीं, जिसे चिकित्सकों की टीम ने कुशलतापूर्वक इलाज कर नई जिंदगी दी. मरीज को 11 अप्रैल को डिस्चार्ज कर दिया गया, इसके तीन सप्ताह के बाद चेकअप के बाद मरीज की स्थिति बहुत ठीक है. हार्ट के चार वाल्व में तीन वाल्व खराब थे. एक ही वाल्व नॉर्मल था. सर्जरी के बाद दो वॉल्व को रिपेयर किया गया. वहीं एक वॉल्व को चेंज किया गया. मरीज अब पूर्णतः ठीक महसूस कर रहा है.



**जटिल बीमारी है वलसाल्वा एन्यूरिज्म :** वलसाल्वा एन्यूरिज्म (आरएसओवी) बहुत ही जटिल बीमारी है, जो बहुत ही कम पायी जाती है. उसे पारस हॉस्पिटल एचईसी द्वारा ठीक किया गया है. पारस हॉस्पिटल के डॉ. कुणाल हजारी ने कहा कि फरवरी माह में मरीज को अचानक चेस्ट पेन हुआ. इसके बाद मरीज के परिजन इन्हें पटना एम्स में ले गये, जहां इको कार्डिएकग्राफी की गयी. उसमें आरएसओवी डिक्टेकट हुआ, यह एक गंभीर बीमारी है. पटना एम्स से दिल्ली एम्स रेफर कर दिया, मरीज एम्स दिल्ली जा नहीं पाया. मरीज के मामा का 10 साल से पहले यहां ऑपरेशन किया था. उन्होंने डॉ. कुणाल से संपर्क किया. मार्च के पहले सप्ताह में मरीज को उनके पास लाया गया. आयुष्मान भारत के तहत इस मरीज का सफल सर्जरी की गयी. डॉ. हजारी ने कहा कि मैं करीब 1997 से कार्डिएक सर्जरी कर चुका हूं, इतने लंबे कैरियर में ऐसे छह से सात केस देखे हैं. झारखंड में 15 वर्षों से हूं, यहां यह चौथा ऑपरेशन है, सभी आपरेशन सफल रहे, ऑपरेशन से पहले की पीरियड में मरीज को तैयार करना बड़ी चुनौती है.

## फ्री ईएनटी डायग्नोस्टिक चेकअप कैंप कल

**रांची।** एलईबीबी हाई स्कूल के एक्स स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से 26 मई को केसी राय मेमोरियल अस्पताल, लालपुर में फ्री ईएनटी डायग्नोस्टिक चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा. एसोसिएशन के फॉर्मर प्रेसिडेंट डॉ. बीएन बनर्जी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कैंप सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगा. इसमें दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के वरीय ईएनटी माइक्रो सर्जन डॉ. आशीष कुमार लाहिरी मरीजों की निःशुल्क जांच कर उचित सलाह देंगे.

## रांची के गुरुद्वारों में श्रीसुखमनी साहिब पाठ के पूरे हुए 22 दिन

संवाददाता। रांची

राजधानी के विविध गुरुद्वारा साहिब में इन दिनों गुरु श्री अर्जन देव के शहीदी गुरु पर्व को लेकर सुखमनी साहिब का पाठ किया जा रहा है. गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड में भी 40 दिनी पाठ चल रहा है. शुक्रवार को इसके 22 दिन पूरे हुए. स्त्री सत्संग सभा की तीन सौ सदस्यों ने श्रद्धाभाव से पाठ कर सब सुख-समृद्धि की कामनाएं कीं. दिन के साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक पाठ चला. नीता मिढा, गीता कटारिया, बेबी मिढा, दुर्गा देवी मिढा, उषा ढंढई, नीतू किंगर, शीतल मुंजाल आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया. मीडिया प्रभारी नरेश



पपनेजा ने बताया कि इसका समापन दस जून को होगा. इसके बाद 15 जून को गुरुपर्व मनाया जायेगा.

**गुरमत प्रशिक्षण शिविर 28 से :** गुरुद्वारा साहिब की ओर से गुरमत ट्रेनिंग कैंप भी लगाया जा रहा है. इसकी शुरुआत मंगलवार से होगी. शिविर दो जून तक नित्य सुबह आठ से दिन के साढ़े तीन बजे तक चलेगा. प्रो हरविंदर बीर सिंह ने बताया कि इसमें पांच से 15 वर्ष के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे.

**पर्व-त्योहार**

## सुख-समृद्धि, पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत छह जून को

# बरगद के पेड़ के नीचे पूजा और परिक्रमा कर कथा सुनेंगी सुहागिनें

संवाददाता। रांची

अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत छह जून को है. इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है. बहुत से लोग यह भी मानते हैं कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है. इस दिन सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा करती हैं. पूजा के दौरान बरगद के पेड़ के नीचे कथा सुनती हैं. वट सावित्री पूजा और व्रत हिंदू चंद्र कैलेंडर के ज्येष्ठ महीने की



अमावस्या तिथि को मनाया जाता है.

वट सावित्री व्रत, जिसे सावित्री अमावस्या या वट पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है. छह जून को मनाया जाएगा. इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. इस त्योहार को लेकर यह मान्यता है कि इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है. माना जाता है कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है. इस दिन व्रत रख कर सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश करने वाली मानी जाती है.

ज्योतिषी एवं कर्मकांडी पं. रामदेव पांडेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर रखा जाता है. पंचांग के अनुसार अमावस्या तिथि की शुरुआत पांच जून की शाम को पांच बजकर 54 मिनट पर हो रही है. इसका समापन छह जून शाम छह बजकर सात मिनट पर होगा. उदया तिथि को देखते हुए इस साल वट सावित्री व्रत छह जून को रखा जाएगा. वहीं इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त प्रातः 11 बजकर 52 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर होगा. वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं सुबह उठकर स्नान आदि करके सोलह श्रृंगार करती हैं और व्रत का संकल्प लेती हैं. मान्यता है कि वट सावित्री व्रत के दिन विधिवत पूजन करने से महिलाओं अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है. पूजा का सामान तैयार करके बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करती हैं और कथा सुनती हैं.

### वट सावित्री की पूजा विधि

उन्होंने बताया कि विधि इस दिन महिलाएं प्रात: जल्दी उठकर स्नानादि करके लाल या पीले रंग के वस्त्र धारण करें . फिर श्रृंगार करके तैयार हो जाएं . साथ ही सभी पूजन सामग्री को एक स्थान पर एकत्रित कर लें और थाली सजा लें . किसी वट वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा स्थापित करें . फिर बरगद के वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करें और पुष्प, अक्षत, फूल, भीगा चना, गुड़ व मिठाई चढ़ाएं . वट के वृक्ष पर सूत लपेटते हुए सात बार परिक्रमा करें . अब हाथ में चने लेकर वट सावित्री की कथा पढ़ें या सुनें .

गोड्डा में खरगे, तेजस्वी व चंपाई ने प्रदीप यादव का किया प्रचार | **चुनावी समर** | अमित शाह ने जामताड़ा में सीता सोरेन के लिए मांगा वोट

# अंग्रेजों की तरह मोदी की नजर जल, जंगल और जमीन पर

- आदिवासी सीएम को मोदी ने जेल में डाला, आप वोट देकर उसका जवाब दें, देंगे सरना धर्म कोड
- 10 साल में सबसे अधिक अपमान मोदी जी ने आदिवासियों, दलित और पिछड़ों का किया है



विशेष संवाददाता। रांची/देवघर

गोड्डा से महागठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव और सीएम चंपाई सोरेन ने चुनावी सभा की. गोड्डा के मोहनपुर हाई स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी सभा में खरगे ने कहा कि जोहार साथियों, बाबा बैजनाथ और वीर सिद्धू-कान्हू की धरती को नमन करता हूं. इन्होंने करो और मरो का नारा दिया था.

यहां के आदिवासियों ने आजादी की लड़ाई लड़ी.आज फिर वही हालात हो गए हैं. अंग्रेजों ने जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया. पिछले दस साल में मोदी जी ने भी अंग्रेजों की तरह जल, जंगल और जमीन पर प्रहार किया. इसे पूंजीपतियों को देने का काम किया. देश के पब्लिक सेक्टर पूंजीपतियों को देने का काम कर रहे हैं. हम 55 साल का हिसाब देंगे, आप दस साल का हिसाब दीजिए. जो हमने किया उसे बेचने का काम कर रहे हैं. गरीब जनता को लूट रहे हैं. यह लड़ाई और जनता के खिलाफ है. प्रदीप यादव के रूप में आपको बहुत मजबूत नेता को दिया है. हमारे एक सीएम को मोदी ने जेल में डाल कर चुनाव करवा रहे हैं. हेमंत सोरेन को जेल में डालने का बदला चुनाव में लेकर रहेंगे.

### झूठ के होलसेलर और डिस्ट्रीब्यूटर हैं मोदी : तेजस्वी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें डॉक्टर ने तीन सप्ताह तक बेड रेस्ट की सलाह दी. हमने डॉक्टर से कहा कि हम अब मोदी जी को बेड रेस्ट करा ही बेड रेस्ट करेंगे. इस देश में सबसे झूठा कोई प्रधानमंत्री हुआ, तो वह हैं मोदी जी. हर बात पर झारखंड और बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया. कहते थे कि मोदी जी आएगा तो अच्छा दिन आएगा. काला धन लाएंगे. 2 करोड़ नौकरी देंगे. किसानों की आय दुगुना कर देंगे.

### भाजपा पूंजीपतियों के लिए काम कर रही : चंपाई

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि 2014 में जिन मुद्दों को लेकर भाजपा ने महंगाई को लेकर प्रचार किया. आज वही चरम पर है. मुट्ठी भर पूंजीपति को बढ़ाने की इनकी राजनीति है. आज बहुत समय है. पांच साल में यह समय मिलता है. देश का नेतृत्व बदलने के लिए. अगर चूक गए तो फिर पांच साल इंतजार करने होगा. पांच साल में तानाशाही और बढ़ जाएगी. यहां के हक-हकूक की बात नहीं होगी. इंडिया गठबंधन ने बहुत सोच समझ कर सबकुछ आईने की तरह रख दिया है.

# झामुमो-कांग्रेस के लिए एटीएम बन गया है आपका झारखंड

- देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद, गरीबी, बेरोजगारी, भूख से उबारना है, इसलिए भाजपा जरूरी
- शाह का दावा : पांच चरण में हमने 310 का आंकड़ा छू लिया है, शेष चरण में 400 लक्ष्य हासिल करना है




विशेष संवाददाता। रांची/जामताड़ा

देश के गृह मंत्री एवं भाजपा के स्टार प्रचारक अमित शाह दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा की. अमित शाह ने इससे पहले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी. जामताड़ा विधानसभा के मेझिया छाता डंगाल मैदान में शाह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के लिए झारखंड भ्रष्टाचार का एटीएम बन गया है. उन्होंने कहा कि पांच चरण के चुनाव में हमने 310 का आंकड़ा छू लिया है. अब आने वाले दो चरण में चरण के चुनाव में 400 का लक्ष्य हासिल करना है.

**अपने परिवार को सम्मान नहीं देते, राज्य की जनता को क्या देंगे :** शाह ने कहा कि देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद, नक्सलवाद, गरीबी, बेरोजगारी, भूख से उबारना है. इसलिए भाजपा की सरकार को लाना होगा. कांग्रेस की गोद में बैठी सरकार अपने परिवार के सदस्यों को सम्मान नहीं दे पाती है. इस राज्य की जनता को क्या सम्मान देगी. जिसके सीएम भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हों, जिसके मंत्री के पीएस के नौकर के घर से 35 करोड बरामद होते हों, जिस कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के घर से साढे तीन सौ करोड़ रुपए बरामद होते हों, वैसी सरकार से जनता क्या उम्मीद करेगी.

### हमने संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में डाला

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जितनी भी बातें कर लें, पर उन्हें याद होना चाहिए कि इस झारखंड को राज्य का दर्जा भाजपा सरकार ने दिया. अटल बिहारी बाजपेयी ने दिया था. संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में अटल बिहारी वाजपेयी ने शामिल किया. इस देश की बड़ी-बड़ी जनहित की योजनाओं को झारखंड से पीएम मोदी ने शुरू किया.आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत झारखंड से की गई.

### कांग्रेस को राम मंदिर निर्माण बहुत खलता है

शाह ने कहा कि भाजपा के शासन में आदिवासियों के सम्मान और उनके संवर्धन का पूरा ख्याल रखा गया है और उसी के तहत सरकार यहां पर योजनाएं भी मुहैया करा रही है. आप बताइए क्या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना गलत है. अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास हुआ, भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और उद्घाटन भी हुआ. यह सब बातें इस देश की कांग्रेस पार्टी को बहुत ही खलती है, जिसका वह हमेशा विरोध करते रहते हैं.

## न्यूज अपडेट

### संविधान बचाने की लड़ाई में भूमिका निभाएं : कांग्रेस



**ओरमांझी।** जिला प्रवक्ता अमाल खान ने शुक्रवार को झारखंड के मतदाताओं से आह्वान किया है कि वह झारखंड की सभी 14 सीट पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताएं, क्योंकि यह लोकसभा चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है. उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संदेश में कहा है कि यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है. कांग्रेस के जिला प्रवक्ता ने कहाकि मेरे प्यारे झारखंडवासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है. यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है. यह चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है. आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है. अमाल खान ने कहा मैं आपसे अपील करता हूं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को झारखंड की सात सीटों पर भारी मतों से विजय बनाएं. सभी सात लोकसभा सीटों पर 25 मई व एक जून को मतदान होना है.

### खलारी कोयलांचल में मतदान आज, तैयारी पूरी



**खलारी ।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज शनिवार को होने वाले मतदान को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. शुक्रवार को मतदानकर्मी ईवीएम मशीन के साथ खलारी में बने क्लस्टर पर पहुंचे. प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि प्रखंड के 60 बूथों पर कुल 55,609 मतदाता शनिवार को मतदान करेंगे. इनमें 29,088 पुरुष व 26,521 महिला मतदाता हैं. सभी बूथों के नियंत्रण के लिए पांच कलस्टर बनाए गए हैं. जिनमें आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज, शिशु विद्या मंदिर करकट्टा, जनता उच्च विद्यालय प्लस टू खलारी, डीएवी स्कूल खलारी एवं सरस्वती शिशु मंदिर पुरानी राय शामिल हैं.

### कोयलांचल में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरीं



**पिपरवार।** छठे चरण में रांची लोकसभा क्षेत्र आज शनिवार को होने वाले मतदान के लिए पूरी तरह तैयार है. खलारी प्रखंड के बमने पुरानी राय आदि पंचायतों के मतदान केंद्रों के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानी राय में 10 बूथों पर एक क्लस्टर बनाया गया है. इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छायायुक्त स्थान, पीने का पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है. खलारी बीडीओ संतोश कुमार, सीओ प्रणव अम्बष्ठ आदि को सभी मतदान केंद्रों के क्षेत्र में गर्म मौसम की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है.

### कड़ी सुरक्षा के बीच बूथों पर पहुंचे मतदानकर्मी

**डकरा।** लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर डकरा के 15 बूथों में चुनाव कर्मी कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम व वीवीपैट लेकर शुक्रवार की शाम निर्धारित बूथों पर पहुंच गए. मतदान व सुरक्षा कर्मियों को बूथों पर ही रात्रि विश्राम के लिए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी की ओर से व्यवस्था की गई है. हालांकि कई बूथों पर उमस भरी गर्मी होने के बावजूद पंखा नहीं रहने से मतदान कर्मी रूम से बाहर निकलकर अपना कार्य में लगे रहे. क्षेत्र के डकरा पीओ ऑफिस में तीन बूथ 40, 4, 42 सेल्स ऑफिस 46, 47, दुर्गा मंडप 43, 44 मोहननगर उड़िया स्कूल 36, 37, अंगनबाड़ी मोहननगर 45, राजकीय मिडिल स्कूल 38, 39 और सुभाषनगर क्लब 48, 49 50 बूथ बनाये गए हैं.

### जेठ जतरा आरंभ, मांदर की थाप पर थिरके लोग



**इटकी ।** 12 पड़हा कुंदी के तत्वावधान में दाल टांड मेला मैदान में शुक्रवार को जेठ जतरा का आरंभ किया गया. रात्रि 12 बजे के बाद सोमरा पाहन और विकास पाहन द्वारा संयुक्त रूप से रंगवा मुर्गा की बलि देकर ईस्टदेव की पूजा गई. इसके बाद दाल टांड जतरा स्थल में सरना झंडा स्थापित किया गया. काठ का जोड़ घोड़ा में पंचू मिंज और विजय केरकेट्टा को सवार कर नचाते हुए जतरा स्थल तक लाया गया. जतरा में आदिवासी समुदाय के युवक, युवतियां सहित महिलाएं आदिवासी लिवास में मांदर की थाप पर जमकर थिरकते नजर आए. मेले में मिठाई, आइसक्रीम, चाट, फूचका सहित अन्य सामानों की दुकानें लगाई गई थीं. मौके पर ग्राम प्रधान सुरा तिग्गा, डब्बू केरकेट्टा, अजय मिंज, रतनु तिग्गा, अमित तिग्गा, ऐतवा केरकेट्टा, जतरू कच्छप, संजय मिंज, परवीन केरकेट्टा, अमित खलखो, अनूप केरकेट्टा, विजय तिग्गा आदि उपस्थित रहे.

### निःशुल्क शिविर में 54 बच्चों को लगाया गया टीका



**खलारी।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में 5 साल तक के बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत नन्हें बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने के साथ की गई. शिविर में डीपीटी, बुस्टर, एमआर वन, एमआर टू, पेंटा वन, पेंटा टू, पेंटा थ्री जेइ वन, जेइ टू और ओआरवी का इंजेक्शन 54 बच्चों को दिया गया. इसके साथ ही सभी बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई.शिविर को सफल बनाने में एएनएम फुलकुमारी, एएनएम नलीता कुमारी, एएनएम ललीता कुमारी, सहिया आशा देवी, सहिया यशोदा देवी एवं पिपरवार क्षेत्रीय अस्पताल के पारा मेडिकल स्टाफ ने सराहनीय भूमिका निभाई.

### समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल, दिखाई प्रतिभा



**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, बलून रेस, निबंध प्रतियोगिता, फन गेम, बिस्किट रेस, बनाना रेस, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, कबड्डी, सेक रेस, क्रोकोडाइल रेस, चम्मच रेस, हिट द विकेट, बलून बैलेंस रेस, म्यूजिक गेम, सुई धागा रेस, रिले रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया. इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी और खूब मस्ती कर धमाल मचाया. इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि बच्चों में खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि बच्चे इससे अनुशासन सीखते हैं और शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम भी होता है. आज के समय में बच्चे मोबाइल गेम की ओर बहुत अधिक आकर्षित होते जा रहे हैं, जो बच्चों पर बहुत अधिक दुष्प्रभाव डाल रहा है. इससे बच्चे आउटडोर गेम भूलते जा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### डीएवी स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**ओरमांझी।** डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा के प्रांगण में ग्रीष्मावकाश के दौरान एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया. इसमें प्ले वन से लेकर कक्षा वन तक के बच्चों ने भाग लिया. विद्यालय के प्राचार्या पूनम दूबे ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, चित्रकला एवं संगीत पर भी विशेष ध्यान देते हुए समर कैंप का आयोजन किया गया. कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय बोझ से मुक्त कर विभिन्न खेल क्रीड़ाओं के माध्यम से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ ही साथ अनुशासन, नेतृत्व की भावना एवं सहयोग की भावना का विकास करना है. वर्तमान जीवनशैली में अभिभावकों के व्यस्त होने एवं मोबाइल फोन की सरल उपलब्धता से बच्चों का शारीरिक विकास नहीं हो पाता है.

### मस्ती के बाद बच्चों को दिया गया ग्रीष्मावकाश

**बेड़ो ।** साईं ग्राम रोड स्थित विद्यासागर पब्लिक स्कूल एवं उप शाखा मुरतो में शुक्रवार को बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसमें बैलेंस मेकिंग, योगासन, डिबेट इन इंग्लिश लैंग्वेज, बूझो पहेली एवं राइम्स टुगेदर ऑन सोंग सहित अनेकों एक्टिविटी कराए गए. इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने बच्चों को ग्रीष्मावकाश के दौरान गर्मी से बचने एवं यात्रा के दौरान सावधानी बरतने का निर्देश दिया. समर कैंप की मस्ती को केवल विद्यालय में ही नहीं, बल्कि अपने घर परिवार के साथ भी बांटें, खुश रहें एवं खुशियां बांटे. समर कैंप की मस्ती के बाद बच्चों को गृह कार्य दिया.

# साइबर अपराधियों ने किसान के बैंक खाते से उड़ाये एक लाख

संवाददाता। इटकी


- अपराधियों ने भुक्तभोगी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलनेवाले लाभ का झांसा देकर दिया घटना को अंजाम

साइबर अपराधियों ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिलकसूति गांव के एक किसान महादेव दास के बैंक अकाउंट से एक लाख रुपये उड़ा लिये. मामला गुरुवार शाम चार बजे का बताया जा रहा है. साइबर ठगों ने भुक्तभोगी महादेव को 7365811230 नंबर से कॉल कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले लाभ के बारे समझा कर कहा कि यह रुपये आपके अकाउंट में भेज दिये जाएंगे, आप अपना अपना आधार नंबर दो. इस पर किसान ने साइबर ठगों को अपना आधार नंबर दे दिया. इसके उपरांत में ठगों ने एक लिंक भेजकर उसे खोलने को कहा और वीडियो कॉलिंग कर यूनियन बैंक के बचत खाता से एक लाख रुपये उड़ा लिए. थोड़ी देर बाद उसके मोबाइल फोन पर खाते से एक लाख रुपये की निकासी का मैसेज आया. भुक्तभोगी ने कॉल किए गए नंबर पर कॉल कर सादगी के साथ कहा कि आपने मुझे बर्बाद कर दिया. महादेव दास ने बताया कि वह राशि खेत बेचकर कुछ व्यापार करने के लिए रखी गई थी. महादेव दास और उनके स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. इस संबंध में भुक्तभोगी ने इटकी थाने में आवेदन दिया था, किंतु पुलिस वालों ने उसे साइबर थाने में भेज दिया. यूनियन बैंक से मिली जानकारी के अनुसार एक लाख रुपये पांच किश्तों में निकली गई है, जिसमें चार किश्त पोस्ट लेन-देन हुआ है, जबकि एक किश्त पचास हजार रुपये का पंजाब नेशनल बैंक में किसी राहुल के खाते में ट्रांसफर किया गया है.

# सोनारी में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से 50 लाख रुपये के गहने लूटे, दो लाख कैश भी ले गए

रोहित कुमार। जमशेदपुर

- 15 मिनट में ही घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गये, पुलिस कर रही जांच





जमशेदपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. ऐसे में जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. लेकिन अपराधी पुलिस की इस सुरक्षा तैयारी से डरे बिना बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं. गुरुवार को ही अपराधियों ने कदमा में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी थी.

इधर, शुक्रवार को सोनारी एयरोड्रम के पास दोपहर 1.45 बजे बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे एमबी ज्वेलर्स के शोरूम में हथियार के बल पर दो लाख नकद और करीब 50 लाख रुपए के जेवर लूट कर फरार हो गए. बैखौफ लुटेरे दुकान में लूटपाट कर बाहर खड़ी बाइक पर बैठकर आराम से निकल भागे. इधर, दुकान संचालक ऋषभ जैन ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच कर रही है.

**ग्राहक बन कर दुकान में घुसे लुटेरे :** ऋषभ ने बताया कि वो दुकान में ही थे. दुकान में दो स्टाफ और एक ग्राहक भी मौजूद था. तभी दुकान में तीन युवक घुसे और गहने दिखाने को कहा. युवकों की गतिविधि देखकर उन्होंने गहने दिखाने से मना कर दिया. इसी बीच युवकों ने चांदी की अंगूठी देखने के लिए मांगी. अंगूठी दिखाते ही तीनों ने हथियार निकाल लिया. एक युवक के पास कार्बाइन थी. तीनों ने हथियार के बल पर दुकान में गहने और नकद लूटे और 15 मिनट में बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए. इधर, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली.

# संजय सेठ ने चामा व अरसंडे के ग्रामीणों को मनाया, चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस

- जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम ने निभाई भूमिका

संवाददाता। कांके



रांची लोकसभा क्षेत्र के कांके विधानसभा अंतर्गत चामा और अरसंडे के गांवों में ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है. इस संबंध में भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ तथा भाजपा नेता एवं जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन राम के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें सेठ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा रांची के उपायुक्त से बात की. उपायुक्त द्वारा चुनाव के बाद समस्या के समाधान का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने का एक स्वर में निर्णय लिया.

ज्ञात हो कि कांके विधानसभा क्षेत्र के चामा तथा अरसंडे के गांव में मंगलवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया था. ग्रामीणों ने इसको लेकर एक बैठक कर कहा था कि चामा, अरसंडे क्षेत्र में दलालों तथा सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से जमीन की खरीद बिक्री हो रही है. इस क्षेत्र के खतियान व पंजी टू को आज तक ऑनलाइन नहीं किया गया है. सिर्फ आश्वासन मिलता रहा. रैयतों को जमीन की खरीद-बिक्री व दाखिल-खारिज में परेशानी हो रही है.

# सीएमपीएफ की राशि के लिए भटक रहे हैं असंगठित मजदूर

संवाददाता। खलारी

सैनिक माइनिंग कंपनी से हटाए गए असंगठित क्षेत्र के मजदूर सीएमपीएफ की राशि के भुगतान के लिए तीन वर्षों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. इस संबंध में सभी मजदूरों ने पिपरवार महाप्रबंधक और अशोका परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखकर सीएमपीएफ की राशि का भुगतान करने की मांग की है. मजदूरों ने पिपरवार प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर हमारी मेहनत की कमाई सीएमपीएफ की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर विवश होंगे. पत्र में असंगठित मजदूरों ने 2014 से लेकर 2021 तक सैनिक माइनिंग कंपनी में कार्य कर रहे थे. जमीन के अभाव में मशीन खड़ी होने पर अगस्त 2021 से हमलोगों को नौकरी से हटा दिया गया. इसके बाद से हम अपनी खून पसीने की कमाई सीएमपीएफ की राशि का भुगतान कराने को लेकर आवेदन फार्म भरा, लेकिन अभी तक हमारा भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण हमारी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है. पिपरवार प्रबंधन को पत्र लिखने वाले असंगठित मजदूरों में प्रेम राम, सुरेश पंडित, बहादुर मुंडा, राम केवल ठाकुर, बबलू राम, सुहैल अंसारी, अली हसन अंसारी आदि शातिल हैं.

**विडंबना** कांके, हटिया, रांची, खिजरी, सिल्ली के मतदानकर्मियों के बीच डिस्पैच का काम किया, नाश्ता तक नसीब नहीं

# बीआरपी सीआरपी को नहीं मिलता चुनाव कार्यों का पारिश्रमिक

- सात से आठ घंटे तक लगातार काम करने के बाद भी किसी ने सुध नहीं ली

संवाददाता। रांची



भूखे रहकर भी ड्यूटी की जा सकती है. यह रांची जिले के बीआरपी सीआरपी ने शुक्रवार को मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में निर्वाचन आयोग के कार्य को ईमानदारी पूर्वक करने के दौरान साबित कर दिया. मतदान कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करने के लिए बीआरपी सीआरपी और परियोजना कर्मी सुबह पांच बजे ही स्टेडियम पहुंच गए थे. तमाड़ , बुंडू, लापुंग, बेड़ो, बुढ़मू, चान्हो, मांडर, इटकी सहित रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों से सुबह तीन बजे उठकर पांच बजे मोरहाबादी मैदान पहुंचने वाले बीआरपी सीआरपी के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है. चुनाव ड्यूटी में डिस्पैच का कार्य लगातार सात घंटे तक करने के बावजूद नाश्ता तक नसीब नहीं हुआ. भूखे पेट सफलतापूर्वक कार्य किया. चुनाव कार्य में लगने वाले बीआरपी सीआरपी का दुर्भाग्य है कि उन्हें चुनाव कार्य करने का मेहनताना भी नहीं मिलता. संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि चुनाव कार्य को बखूबी करने वाले बीआरपी सीआरपी को चुनाव आयोग की ओर से किसी तरह का भुगतान नहीं किया गया, जबकि अपने-अपने वाहनों में अपनी पॉकेट से पेट्रोल भरकर दूरदराज से मोरहाबादी मैदान आए हैं. सभी तरह के कार्यों को करने वाले बीआरपी सीआरपी से निःशुल्क काम कराना दुर्भाग्यपूर्ण है. किसी भी विभाग को पढ़े लिखे अच्छे डिग्रीधारी बीआरपी सीआरपी के रूप में ऐसे कर्मी मिल गए हैं जिनका मानदेय उनके कार्यों के अनुरूप सबसे कम है.

### वर्ष 2019 में भी भुगतान नहीं किया गया था

वर्ष 2019 में भी बीआरपी सीआरपी को भुगतान नहीं किया गया था. ईमानदारी पूर्वक पिछले चार-पांच वर्षों से सबसे कम मानदेय पर काम करने वाले बीआरपी सीआरपी के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि दिनभर मोरहाबादी मैदान में काम करने के बाद बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में बीआरपी सीआरपी को बूथों पर भेज दिया गया. चुनाव कार्य के दौरान बीआरपी सीआरपी कृष्णा प्रसाद, रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, मनीरूद्दीन , मनोज कुमार मिश्रा, सीताराम झा, सरिता कुमारी, रजनी रानी बाड़ा, जयंत लकड़ा, पवन कुमार तिवारी, ललित सेन गुप्ता, कमलाकांत मेहता सुशांत कुमार मिश्रा, विकास कुमार गुप्ता, अब्दूल नासिर हुसैन, दिलीप कुमार सिंह, साजिद आलम, अरविंद मिश्रा, आनंद कुंडु, श्रीकांत प्रसाद, दिलीप कुमार लकड़ा, सुनीती शोभा खलखो रविंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों बीआरपी सीआरपी मौके पर मौजूद थे.

# पिपरवार के बचरा स्टेशन रोड में दो दुकानों से हजारों की चोरी

संवाददाता। पिपरवार



पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्टेशन रोड मे बीती रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों में सीट तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. दोनों चोरों की तस्वीर पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की आधी रात चोरों ने नंदनी एटुजेड इलेक्ट्रीकल दुकान में सीट तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और दुकान में रखे वाइडिंग वायर, 50 पीस कंडेंशर व नकद पांच हजार रुपये की चोरी कर ली. दुकान संचालक सदानंद शर्मा ने बताया कि चोरों ने लगभग 17 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली. भुक्तभोगी ने बताया कि करीब सात माह पूर्व भी दुकान की सीट तोड़कर चोरों ने चोरी की थी. वहीं उसके बगल गोल्डेन ऑटो बाइक की दुकान में भी चोरों ने सीट तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली. दुकान संचालक सन्नी आलम ने बताया कि चोरों ने दुकान में रखी बैट्री, इंडीकेटर, एलईडी बल्ब सहित नकद दो हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली.

## मतदानकर्मी सुरक्षा बलों के साथ केंद्रों में मतदान कराने के लिए तैयार

रांची। इस समय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है. शनिवार को देश में छठे और झारखंड में तीसरे चरण का मतदान होना है. रांची, जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम),गिरिडीह और धनबाद लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा. प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. मतदानकर्मी ईवीएम के साथ अपने अपने केन्द्रों में पहुंच चुके हैं. सुरक्षा की चाक -चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान होगा. प्रशासनिक स्तर पर यह भी कोशिश की गई है कि मतदाताओं को वोट करने में कोई दिक्कत न हो.



रांची की तस्वीर : रमीज

## आज ईवीएम में कैद होगी रांची,जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद के प्रत्याशियों की किस्मत

# आपका वोट, आपकी सरकार

### रांची









फोटो : रमीज

रांची : ईवीएम लेकर केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदानकर्मी, सुरक्षाबलों को तिलक लगाकर दी विदाई.

### कहां कितने वोटर

**रांची**
21,62,169 कुल मतदाता
10,95,469 पुरुष | 10,66,632 महिला
68 थर्ड जेंडर

**जमशेदपुर**
18,69,278 कुल मतदाता
937412 पुरुष | 931733 महिला
133 थर्ड जेंडर

**गिरिडीह**
18,40,349 कुल मतदाता
949266 पुरुष | 89,1,023 महिला
60 थर्ड जेंडर

**धनबाद**
22,54,445 कुल मतदाता
11,81,197 पुरुष | 10,73,170 महिला
78 थर्ड जेंडर

### गिरिडीह









फोटो : सुरेश सिंह

गिरिडीह : निर्वाचन कैंप में ईवीएम के लिए दिनभर लगी रही मतदानकर्मियों की भीड़, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम.

### जमशेदपुर









फोटो : आनंद मिश्रा

जमशेदपुर : निर्वाचन कैंप में दिनभर लगा रहा मतदानकर्मियों का तांता, ईवीएम लेकर हुए रवाना.

### धनबाद









फोटो : आफताब आलम

धनबाद : सुबह से ही ईवीएम के लिए लगी रही भीड़, मतदान कर्मी अपने-अपने केंद्र के लिए रवाना हुए.

# पिछड़ते जाने का सिलसिला

वैश्विक पैमानों पर भारत के पिछड़ते चले जाने का सिलसिला और आगे बढ़ा है. अब खबर है कि वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम (डब्लूईएफ) के ट्रेवल एंड टूरिज्म डेवलपमेंट इंडेक्स (टीटीडीआई) पर भारत 2019 की तुलना में दस पायदान नीचे चला गया है. डब्लूईएफ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की यह सूरत स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी और पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर की कमजोरी के कारण उभरी है. रिपोर्ट के मुताबिक सेवा क्षेत्र क्षेत्र में मौजूद कर्मियों के निम्न कौशल के कारण भी इंडेक्स में भारत को कम अंक प्राप्त हुए. इंडेक्स तैयार करने के क्रम में विभिन्न देशों को एक से सात तक अंक दिए गए. भारत को 4.25 अंक प्राप्त हुए. इस तरह सूचकांक पर दस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत का स्थान पांच साल पहले की तुलना में दस पायदान गिर गया. यहां तक कि उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों में भी भारत का दर्जा चीन और ब्राजील के नीचे आया. रिपोर्ट में कहा गया कि जिन देशों की स्थिति गुजरे पांच वर्ष में सबसे ज्यादा बिगड़ी, उनमें भारत और ब्रिटेन प्रमुख हैं. दूसरी तरफ जिन देशों की स्थिति सबसे अधिक सुधरी, उनमें चीन उल्लेखनीय है. सूचकांक में अमेरिका पहले, चीन आठवें और भारत 39वें स्थान पर आया है. उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों में चीन एवं ब्राजील के अलावा इंडोनेशिया, तुर्किये, मलेशिया और मेक्सिको को भारत से अधिक अंक मिले हैं. यह रिपोर्ट एक बार फिर हमें आगाह करती है कि जब देश के अंदर भारत उदय की अयथार्थ कहानी में अधिक से अधिक लोग यकीन कर रहे हैं, उसी समय पर्यटन जैसे क्षेत्र में भी भारत की असल छवि दुनिया में बिगड़ रही है. क्या यह गंभीर चिंता का विषय नहीं है कि जिस समय भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर में तीव्र विकास की कहानियां प्रचारित हैं, उसी समय इन्फ्रास्ट्रक्चर में कमजोरी के कारण टीटीडीआई पर भारत के अंक कटे हैं? एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल पर ज्यादा समय गुजारने का कम उम्र बच्चों पर खराब असर होता है. यह बात ना सिर्फ आम माता-पिता का तजुर्बा है, बल्कि विशेषज्ञों ने भी अपने शोध से इस बात की पुष्टि की है. इसके बावजूद बच्चों के अधिक समय तक स्क्रीन के सामने रहना एक आम चलन बन गया है. यह चलन भारत में 89 प्रतिशत माताओं की एक प्रमुख चिंता बन गया है. रिपोर्ट में माताओं के अनुभव के आधार पर कहा गया कि स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है. लंबे समय तक स्क्रीन के करीब रहने पर छोटे बच्चों की संवाद क्षमता और समस्याएं हल करने के उनके कौशल प्रभावित हो सकते हैं. अक्सर होता यह है कि खुद माता-पिता छोटे बच्चों को उलझाए रखने के लिए एनीमेशन वीडियो दिखाते या गाने सुनाते हैं और मोबाइल उन्हें पकड़ा देते हैं. जबकि विशेषज्ञों के मुताबिक जरूरत छोटे बच्चों को संवाद के लिए प्रोत्साहित करने की होती है. मोबाइल पर टिके रहने से बच्चों में खुल कर बातचीत करने या अपनी इच्छाओं को जाहिर करने का कौशल ठीक से विकसित नहीं हो पाता है.

> सूचकांक में अमेरिका पहले, चीन आठवें और भारत 39वें स्थान पर आया है. उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों में चीन एवं ब्राजील के अलावा इंडोनेशिया, तुर्किये, मलेशिया और मेक्सिको को भारत से अधिक अंक मिले हैं.

## सुभाषित

**अल्पानामपि वस्तूनां संहति कार्यसाधिका।**
**तृणैर्गुत्वमापन्नैर्बध्यन्ते मत्तदन्तिनः॥**


इस सुभाषित में यह सन्देश दिया गया है कि छोटी-छोटी बातों के समायोजन से बड़ा कार्य सिद्ध हो जाता है जैसे कि तृणों को जोड़कर बनाई गई डोर हाथी को बांध देता है. इसीलिए नीतिकार का कहना है कि किसी को छोटा या बेकार नहीं समझना चाहिए, छोटी-छोटी चीजों से भी बड़ा कार्य हो सकता है.

# एक आंख में सूरमा, एक में काजल

**झारखंड की 14 सीटों पर हो रहे चुनाव में प्रमुख दलों द्वारा 16 दलबदलुओं को टिकट दिया गया है. जाहिरन इससे उनका तो रूतबा बढ़ा लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह भंग हुआ लेकिन दल चला रहे बड़े नेताओं पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला. उनको केवल और केवल अधिक से अधिक जीत और अपनी सरकार बनाने से मतलब होता है. नीति और सिद्धांत जैसे शब्द राजनीति से दूर कर दिये गये हैं. वे अब पोथियों में ही शोभा पाते हैं.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


चुनाव 2024 के दौरान झारखंड में सियासी दलों के आंतरिक लोकतंत्र और अनुशासन के नाम पर की गईं कार्रवाइयां बहुत लोकतांत्रिक नहीं प्रतीत होतीं. ये कार्रवाइयां पार्टी के रुख के विपरीत आचरण करने के नाम पर की गई हैं. देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आम चुनाव कराये जा रहे हैं. लोकतंत्र को अधिक पुख्ता करने की मंशा प्रकट की जा रही है. दूसरी ओर परस्पर प्रतिद्वंद्वी दल और गठबंधन एक-दूसरे पर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने का सार्वजनिक तौर पर आरोप मढ़ने में किसी लोक-लाज का ख्याल तक नहीं रख रहे. 18वीं लोकसभा के गठन के लिए कराये जा रहे इस चुनाव में पहली बार दोनों पक्षों की ओर से संविधान को भी घसीटा जा रहा है. जिस तरह से आरक्षण की सुमिरनी फेरी जा रही है, वह मुतमइन नहीं करती. दस साल की सत्ता भी उसी में उलझी हुई है.

बहरहाल, झारखंड में सत्ताधारी झामुमो और केंद्र में सत्ताधारी भाजपा द्वारा अपने लोगों पर की गई कार्रवाइयां सवालों के घेरे में हैं. झामुमो ने अपने तीन विधायकों और दो पूर्व विधायकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है. ये पांचों पार्टी/गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं. झामुमो के पितृ पुरुष शिबू सोरेन की बड़ी बहू विधायक सीता सोरेन ने तीर-धनुष त्याग कर कमल अपना लिया है और पार्टी के मजबूत किला दुमका से चुनाव लड़ रही हैं. उनको दल से निष्कासित कर दिया गया है. ऐसे ही विधायक लोबिन हेम्ब्रम राजमहल सीट पर पार्टी प्रत्याशी विजय हांसदा के सामने जा खड़े हुए हैं. उनको भी पार्टी से निष्कासित किया गया है. वे पिछले दो वर्षों से संगठन में रहते हुए समझाइश के नाम पर बगावती तेवर अपनाये हुए थे. इन दोनों पर की गई कार्रवाई समझ में आती है. तीसरे विधायक चमरा लिंडा गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के सुखदेव भगत के विरूद्ध लोहरदगा के चुनाव मैदान में डट गये. उनको निलंबन का दंड देकर बख्श दिया गया. उनका शायद कोई विकल्प नहीं है. ऐसे ही एक पूर्व विधायक बसंत लोंगा और जेपी वर्मा को भी निलंबन का दंड दिया गया. ये दोनों भी गठबंधन प्रत्याशियों के विरुद्ध क्रमशः खूंटी और कोडरमा में किस्मत आजमाने कूद पड़े हैं.

ऐसे ही केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अंदर भी खेल खेला गया. केस-मुकदमों से लदे-फदे और छोटी-छोटी ही सही सजा प्राप्त विधायक ढुलू महतो को धनबाद का प्रत्याशी बनाया गया. उनकी बोली-बानी पर उंगली उठानेवाले दूसरे विधायक राज सिन्हा को कारण बताओ नोटिस सर्व करा दी गई. राज सिन्हा संग कुछ अन्य कार्यकर्ताओं के साथ भी यही न्याय किया गया. 14 वर्षों तक भाजपा की बखिया उधेड़ते रहे जेवीएम नामक दल से ढुलू कमलागत हुए थे. चुनाव मैदान में उतारे जाने के बाद उनका एक वीडियो ट्रोल किया जाने लगा, जिसमें वे सार्वजनिक रूप से राज सिन्हा और पार्टी सांसद पीएन सिंह पर आरोप लगाते और उनकी खिल्ली उड़ाते देखे-सुने गये. अपने ही दल के विधायक और सांसद के प्रति उनको सम्मान भाव नहीं रखना चाहिए था? पार्टी संगठन का मौन बहुत कुछ कहता है. जिस राज सिन्हा पर अनुशासन का डंडा चलाया गया, वे तब से भाजपा से जुड़े हुए हैं, जब यह बहुत मजबूत पार्टी नहीं हुआ करती थी. वे पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं. इसी प्रकार दो बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके जयंत सिन्हा को कारण बताओ नोटिस इसलिए जारी किया गया कि उन्होंने वोट क्यों नहीं दिया. इस बार जब उनको अंदेशा हुआ कि प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा तो टिकट बंटवारे के चंद घंटे पहले दो मार्च को उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने की मंशा जाहिर कर एक तरह से पार्टी का मान बढ़ा दिया था. यह अलग बात है कि हाल ही उनके पुत्र अशीर कांग्रेस का पट्टा धारण किये इंडिया ब्लॉक के मंच पर नजर आये. जयंत सिन्हा कभी भाजपा के स्टालवार्ट नेता रहे यशवंत सिन्हा के पुत्र हैं और इसी कारण 2014 में उनको हजारीबाग से प्रत्याशी बनाया गया था. चुनाव बाद गठित पहली मोदी सरकार में उनको वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय में जगह दी गई थी. राजनीतिक क्षेत्र में माना यही जा रहा है कि भाजपा से बागी हुए और कटु आलोचक बने अपने पिता के कारण उनको बेटिकट किया गया.

जिन महानुभावों ने दल की उपेक्षा कर बागी बनने का रास्ता अपनाया, वे दलबदलू तो कहे ही जाएंगे, चाहे वे कुछ अरसा बाद अपनी पार्टी में वापस हो जाएं या वापस बुला लिए जाएं. ऐसे भी दल बदल अब कारपोरेटी चाकरी की मानिंद एक्स्ट्रा क्वालिफिकेशन हो गया है. अपार बहुमत प्राप्त दल भी कुनबा विस्तार और सामनेवाले को कमजोर करने की नीयत से खूब दल बदल कराते हैं. यहां तक कि चुनाव बाद भी यह कारनामा छाती ठोंककर किया जाने लगा है. वह जमाना गया, जब दल बदल को अच्छा नहीं माना जाता था और इस पर कमान कसने के लिए नियम-कानून कड़े किये जाते थे. झारखंड की 14 सीटों पर हो रहे चुनाव में प्रमुख दलों द्वारा 16 दलबदलुओं को टिकट दिया गया है. जाहिरन इससे उनका तो रूतबा बढ़ा लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह भंग हुआ लेकिन दल चला रहे बड़े नेताओं पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला. उनको केवल और केवल अधिक से अधिक जीत और अपनी सरकार बनाने से मतलब होता है. नीति और सिद्धांत जैसे शब्द राजनीति से दूर कर दिये गये हैं. वे अब पोथियों में ही शोभा पाते हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अहिंसा की सार्वभौम शक्ति

भारत में आदिकाल से, कुछ अपवादों को छोड़कर अहिंसा के प्रयोग प्रायः व्यक्तिगत ही हुए है. किन्तु महात्मा गांधी ने अहिंसा का मंथन कर अनेक प्रयोग द्वारा अहिंसा को सामूहिक साध्य बनाया. अतएव विश्व को अहिंसा की सामूहिक प्रस्थापना के प्रेरक महात्मा गांधी है. निष्ठापूर्वक सामूहिक प्रयोग ही अहिंसा की गति में तीव्रता ला सकते हैं और उसे अधिक क्षमतावान बना सकते हैं. महात्मा गांधी के इस अवदान के लिए समग्र विश्व ऋणी रहेगा. मार-काट, जबरदस्ती दंड या अत्यधिक दबाव द्वारा समाज में परिवर्तन का क्षणिक आभास आ सकता है, परन्तु वास्तविक या स्थायी परिवर्तन नहीं आता. स्थायी परिवर्तन के लिए अहिंसा को ही माध्यम बनाना होगा. हिंसक मानसिकता में परदुख कातरता नहीं होती. परिणाम स्वरूप हिंसकता शोषक बन जाती है. हिंसा पहले अन्याय के प्रतिकार का आवरण ओढ़ती है और हिंसा से शक्ति सामर्थ्य व सत्ता मिलते ही वह स्वयं अत्याचार और शोषण में बदल जाती है. परिणाम स्वरूप नए शोषित व असंतुष्ट पैदा होते है. और हिंसा-प्रतिहिंसा का एक दुष्चक्र चलायमान होता है. परिवार, समाज, देश और विश्व में यदि शांति के संदर्शन हो सकते हैं तो वह मात्र अहिंसा से ही. वर्तमान युग में हिंसा के साधनों की प्रचुरता और तनाव उपार्जित अधैर्य ने हिंसा की सम्भावनाओं को अनेक गुना बढ़ा दिया है. हिंसा द्वारा हिंसा का उन्मूलन कर अहिंसा की प्रतिष्ठा सम्भव ही नहीं. स्याही से सने वस्त्र को स्याही से धोना बुद्धिमत्ता नहीं, स्याही के दाग पानी से ही धोए जा सकते है, ठीक उसी प्रकार हिंसा का प्रतिकार अहिंसा से ही किया जा सकता है. यदि कोई कहे कि हम हिंसा का प्रतिकार हिंसा से ही करेंगे तो यह दुराशा मात्र है. कुछ लोगों की ऐसी धारणा बन गई है कि अहिंसा केवल धार्मिक क्षेत्र की वस्तु है, मगर यह भ्रांति है. अहिंसा का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है. मानव जीवन के जितने भी क्षेत्र है, सभी अहिंसा की क्रिड़ा-भूमि है. धर्म, राजनीति, समाज, अर्थनीति, व्यापार, अध्यात्म, शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में अहिंसा का अप्रतिहत प्रवेश है. उसके लिए न स्थान की कोई सीमा है और न काल की किसी परिधि से आबद्ध है. अहिंसा किन्तु परन्तु के विचलन से प्रभावित होते ही स्वच्छंद बनकर विपरित परिणामी हो जाती है. जो लोग अहिंसा को कायरता का चिन्ह कहकर अहिंसात्मक प्रतिकार को अव्यवहार्य मानते है, उन्होने जिन्दगी की पोथी को अनुभव की आंखों से नहीं पढ़ा. वे अहिंसा की असीम शक्ति से अनभिज्ञ है और अहिंसा के स्वरूप को भी शायद नहीं समझते. क्या ईंट का जवाब पत्थर से देना या पद-पद पर संघर्ष करना ही शूर-वीरता का लक्षण है?

# मोदी खेमे और संघ के बीच दरार

• सियासत

अरुण श्रीवास्तव

यह अपरिहार्य था. अपने अस्तित्व के सौ वर्षों में इससे पहले कभी भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), जो दक्षिणपंथी राजनीतिक संगठन भाजपा का मूल संगठन है, के किसी भी सरसंघचालक को इस तरह के अपमान का सामना नहीं करना पड़ा था, जैसा कि वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत को झेलना पड़ा है. उनका अपमान किसी और ने नहीं, बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया है. यह समझ से परे है कि नड्डा संघ परिवार के सभी समूहों के प्रमुख का अपमान कैसे कर सकते हैं!

लेकिन ऐसा हुआ. केवल चंद दिन पहले, उन्होंने एक सार्वजनिक बयान दिया था: 'हम (भाजपा) बड़े हो गये हैं, हम अब और अधिक सक्षम हैं. भाजपा खुद चलती है. मथुरा और काशी में विवादित स्थलों पर मंदिर को लेकर पार्टी की कोई योजना नहीं है. यह उस समय से विकसित हुआ है, जब इसे आरएसएस की जरूरत थी और अब यह 'सक्षम' है और अपना काम खुद चलाता है. आरएसएस एक 'वैचारिक मोर्चा' है और अपना काम खुद करता है.' नड्डा के इस दुस्साहस से पूरा आरएसएस नेतृत्व स्तब्ध है. ऐसा नहीं है कि वे उस व्यक्ति से अनभिज्ञ हैं, जिसने नड्डा को इस तरह का अभद्र और घटिया बयान देने के लिए उकसाया था. लेकिन इसके लिए वे फिर भागवत को दोषी मानते हैं. लगभग सभी वरिष्ठ नेता यह महसूस करते हैं कि भागवत ने एक फ्रेंकेंस्टीन बनाया है. ये नेता लगातार नरेंद्र मोदी की शासन शैली और कार्यप्रणाली को उनके ध्यान में लाते रहे हैं, लेकिन उन्होंने इन्हें गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया. दो साल पहले, आरएसएस के दूसरे नंबर के महासचिव, दत्तात्रेय होसबले ने भाजपा सरकार की एक बहुत ही जर्जर छवि पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि मोदी सरकार चलाने के प्रति गंभीर नहीं हैं. आरएसएस नेताओं का कहना है कि यदि भागवत ने कुछ कार्रवाई की होती तो स्थिति इतनी खराब नहीं होती, जहां आरएसएस के अस्तित्व और कद को एक ऐसे व्यक्ति के माध्यम से चुनौती दी जा रही है, जिसके साथ मोदी और अमित शाह एक आश्रित से अधिक व्यवहार नहीं करते हैं. आरएसएस आकाओं को अपनी मिसाइल भेजने के लिए नड्डा ने एक ऐसा समय चुना, जो सीधे तौर पर संकेत देता है कि सबसे बुरा समय अभी आना बाकी है. किसी भी चतुर राजनेता ने कभी भी अपने राजनीतिक और वैचारिक गुरु के अधिकार को अपमानित करने की हिम्मत नहीं की होगी, वह भी महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव से समाप्त होने के ठीक पहले, क्योंकि इससे पूरे देश में, खासकर कार्यकर्ताओं के बीच एक गलत संदेश जायेगा. लेकिन उन्होंने परिणामों की परवाह किये बिना ऐसा किया. इसका मुख्य कारण यह है कि उनके राजनीतिक आका भाजपा को संघ के प्रभुत्व से मुक्त कराने और उसे दक्षिणपंथी विचारों और हिंदुत्व की राजनीति के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में पेश करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं. भयावह परिणामों से बेपरवाह, नड्डा ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कुछ मिथकों को तोड़ देगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देगी. हालांकि उन्होंने कहा कि मोदी को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक लोगों का अपार आशीर्वाद प्राप्त है, लेकिन उन्होंने 'मिथको' की वास्तविक प्रकृति का खुलासा नहीं किया. उन्होंने फिर भी यह संकेत दिया कि आरएसएस भाजपा का वैचारिक गुरु नहीं रहेगा. उनका बयान काफी भरा-पूरा है, लेकिन इससे मोदी के इरादे नहीं छुपते कि वह अपनी सत्ता और व्यक्तित्व पर किसी भी तरह का क्षरण नहीं आने देंगे. वह चुपचाप आरएसएस के आदेश को स्वीकार नहीं करने वाले हैं. तथ्य यह है कि उन्होंने कभी भी आरएसएस की बात नहीं मानी और यहां तक कि कई मौकों पर उन्होंने उन्हें कूड़ेदान में फेंकने का साहस भी किया. 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने अपने जौहर दिखाने शुरू कर दिये, लेकिन आरएसएस नेतृत्व ने उनकी जांच नहीं की. अजीब बात है कि भागवत मोदी के माध्यम से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के अपने मिशन की सफलता से इतने खुश थे कि उन्होंने उनके गलत कामों को नजरअंदाज करना पसंद किया. मोदी के प्रति उनका दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि भागवत को मिशन हासिल करने के लिए अपनाये गये तंत्र की तुलना में अंतिम लाभ की अधिक चिंता थी. उनके लिए शुद्धता, शुचिता और पारदर्शिता महत्वपूर्ण नहीं थी. नड्डा ने अपने इंटरव्यू के जरिये मोदी को आधुनिक भारत के निर्माता के तौर पर पेश करने की कोशिश की, जिन्हें आरएसएस की जरूरत नहीं है.

> भयावह परिणामों से बेपरवाह, नड्डा ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कुछ मिथकों को तोड़ देगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देगी. हालांकि उन्होंने कहा कि मोदी को पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक लोगों का अपार आशीर्वाद प्राप्त है, लेकिन उन्होंने 'मिथको' की वास्तविक प्रकृति का खुलासा नहीं किया.

# राष्ट्रीय हित में नहीं चीन से कारोबारी असंतुलन

• कारोबार

जयंती लाल भंडारी

यकीनन इस समय चीन से आयात बढ़ने से कारोबार असंतुलन का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है. हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर वस्तुओं के चीन से आयात को नियंत्रित करने के मद्देनजर शुरू की गई ऑनलाइन निगरानी प्रणाली के बावजूद नवंबर, 2023 से मार्च, 2024 के पांच महीनों में चीन से लैपटॉप एवं टैबलेट सहित कंप्यूटरों की आवक 47.1 प्रतिशत बढ़ गई है. इस अवधि में भारत ने चीन से 27.36 करोड़ डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर आयात किए हैं. यद्यपि इन उत्पादों के ताइवान और हांगकांग से भी आयात किए गए हैं, लेकिन उनकी तुलना में चीन से किए गए आयात का मूल्य कई गुना अधिक है. हाल ही में 17 मई को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उद्योग चैंबर सीआईआई के सालाना वार्षिक सम्मेलन में उद्योग जगत को संबोधित करते हुए कहा कि चीन के साथ कारोबार असंतुलन एक बड़ा मुद्दा है. यह पिछले 20 वर्षों में पैदा हुआ है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 के बाद से चीन से होने वाले आयात में लगातार वृद्धि हुई है और आयात में 44 फीसदी का इजाफा हो चुका है, जबकि चीन को होने वाला निर्यात तकरीबन स्थिर है. चीन के साथ सीमा पर चल रहे तनाव के बावजूद वहां से आयात में हो रही लगातार वृद्धि पर पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत को भी आड़े हाथों लिया और सम्मेलन में उपस्थित भारत के उद्योग जगत के सैकड़ों प्रतिनिधियों की तरफ चीन से हुई घुसपैठ के मद्देनजर इशारा करते हुए उन्होंने पूछा कि, क्या आप उसके साथ कारोबार करेंगे जो आपके ड्राइंग रूम में घुस कर आपके घर को नुकसान पहुंचा रहा है.विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने बहुत ही स्पष्ट तरीके से यह सीख दी कि उद्यमियों को राष्ट्रीय हितों से जुड़ी संवेदनाओं का ख्याल रखना होगा. उन्होंने कहा कि, हमें चीन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखना होगा. जहां तक संभव हो भारत में बनायें, भारत में खरीदें. जो राष्ट्रीय हित में है, वह लंबी अवधि में कारोबार के हित में भी होगा. उन्होंने कहा कि कारोबार की अपनी जरूरतें हैं, लेकिन लंबी अवधि के लिए हमें घरेलू सोर्सिंग व उत्पादन को बढ़ावा देना होगा और इसी आधार पर हमें फैसला करना होगा. उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से आयात 44.7 प्रतिशत बढ़कर 70.32 अरब डॉलर से 101.75 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन को भारत का निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा. चीन बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 118.41 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है. भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार के मामले में चीन ने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है. चीन से आयात में वृद्धि के कारण चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ गया है. चीन के साथ व्यापार घाटा 2018-19 में 53.57 अरब डॉलर था, वह बढ़ते हुए 2023-24 में 85.09 अरब डॉलर हो गया. विश्लेषण करें तो पाते हैं कि चीन से आयात में कमी नहीं आने के कई कारण हैं. भारत आवश्यक व रणनीतिक तौर पर बेहद जरूरी सेक्टर में भी चीन से आयातित उत्पादों पर काफी निर्भर है. यद्यपि चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है. इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं. वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया है. चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं. ऐसे में हमें चीन से कारोबार असंतुलन को कम करने के लिए नए कारगर प्रयासों से देश को नया मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने और चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से बाहर निकल रहे विदेशी निवेश को भारत की ओर मोड़ने के अधिक प्रयास करने होंगे. अब एक बार फिर से देश के करोड़ों लोगों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा.

> पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन से आयात 44.7 प्रतिशत बढ़कर 70.32 अरब डॉलर से 101.75 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में चीन को भारत का निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा. चीन बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 118.41 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है.

## मीडिया में अन्यत्र

# जस्टिस चितरंजन दास के भाषण पर सवाल

**कलकत्ता हाईकोर्ट** के तीसरे सबसे सीनियर जज रहे जस्टिस चितरंजन दास ने सोमवार को अपने कार्यकाल के आखिरी दिन विदाई भाषण में जिस तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अपनी सदस्यता का जिक्र किया, वह न्यायाधीश पद के साथ जुड़ी गरिमा और संवेदनशीलता से वाकिफ किसी भी शख्स को हैरान कर सकता है. उन्होंने बताया कि वह न केवल अतीत में इस संगठन के सदस्य रहे हैं, बल्कि अब रिटायरमेंट के बाद अगर संगठन उन्हें कोई उपयुक्त काम सौंपता है तो उसे खुशी-खुशी अंजाम देंगे. हालांकि यह दलील दी जा सकती है कि आरएसएस कोई प्रतिबंधित संगठन नहीं है. यह भी कि देश के हर नागरिक को वैचारिक स्वतंत्रता हासिल है और न्यायाधीश भी एक व्यक्ति के रूप में किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद कर सकते हैं. मगर गौर करने की बात यह है कि जस्टिस दास ने यह खुलासा घर-परिवार या मित्रों-रिश्तेदारों के बीच व्यक्तिगत हैसियत से नहीं, बल्कि कार्यकाल के आखिरी दिन बाकायदा कलकत्ता हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ के सामने किया. देश के एक हाईकोर्ट में बतौर जज 15 साल बिता चुके किसी शख्स से यह उम्मीद तो होती ही है कि वह न केवल अपने कार्य की गंभीरता को समझेगा, बल्कि उसके लिए जिस वैचारिक गहराई और परिपक्वता की जरूरत होती है, उसे भी महसूस करेगा. अफसोस की बात है कि जस्टिस दास के इस भाषण ने इन दोनों मोर्चों पर देश के नागरिकों को ही नहीं, दुनिया भर में फैली न्यायिक बिरादरी को भी निराश किया है. यह भाषण कितना कमजोर था, इसका अहसास इसके कुछ अंशों पर एक नजर डालने से ही हो जाता है. मिसाल के तौर पर, इस भाषण में जस्टिस दास खुद अपनी तारीफ करते हुए कहते हैं कि उन्होंने कभी किसी के लिए किसी तरह का पूर्वाग्रह नहीं रखा. अब देश के एक प्रतिष्ठित हाईकोर्ट के इतने वरिष्ठ जज से यह जानने की अपेक्षा गलत नहीं कही जाएगी कि पूर्वाग्रह कोई ऐसी चीज नहीं है, जो जानबूझकर रखी या न रखी जाए. पूर्वाग्रहों से मुक्ति अपनी चेतना का स्तर ऊपर उठाने के हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम होता है, लेकिन किसी भी खास बिंदु पर कोई व्यक्ति अपने पूर्वाग्रहों को लेकर सौ फीसदी आश्वस्त नहीं हो सकता. इसका पता तब चलता है, जब दूसरे लोग इस ओर हमारा ध्यान खींचते हैं. यह अकारण नहीं कि जस्टिस दास के फैसले में निहित पूर्वाग्रह को लेकर अतीत में विवाद हो चुके हैं. उदाहरण के लिए, उनकी अगुआई वाली एक खंड पीठ के इसी साल दिए एक फैसले को गलत करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'जजों का काम कानून और तथ्यों के आधार पर फैसला देना है, उपदेश देना नहीं.' (एनबीटी)



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### उदार/उधार

**ऐसो** को उदार जग माहीं, बिना हेतु जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं. गोस्वामी तुलसीदास विनय पत्रिका में राम की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं कि ऐसा कौन उदार होगा, जो बिना किसी मतलब के किसी दीन-दुःखी व्यक्ति पर तरस खाये. वह तो भगवान रामचंद्र ही हैं, जो ऐसा कर सकते हैं और बिना किसी स्वार्थ के असहायों को सहायता प्रदान करते हैं. इस पद में उदार शब्द हिंदी भाषा में बहुप्रचलित तत्सम विशेषण है. संस्कृत भाषा में भी इस शब्द के प्रयोग का बाहुल्य है. उदाहरण के लिए उदार चरित्रानांतु वसुधैव कुटुंबकम्. विभिन्न शब्दकोशों से प्राप्त ज्ञान के अनुसार उदार का सामान्य अर्थ है दाता, दानशील, जो संकीर्णचित्त न हो, ऊंचे दिल का, महान, बड़ा, श्रेष्ठ, सरल, सीधा, शीलवान, शिष्ट, सुंदर, उत्कृष्ट, उम्दा, धैर्यशील, धीर, दयावान. दानी का अर्थ है स्वतंत्र रूप से और सहजता से देनेवाला. उदार लोग वे होते हैं, जो अपेक्षा से अधिक देते हैं. यह आपके मित्र की उदारता है कि जब आप उसके स्थान पर रुकते हैं तो वह सोफा ले लेता है और आपको बिस्तर पर सोने देता है. मतलब किसी को मदद या समर्थन के लिए विशेष रूप से तैयार. उदार से मिलता-जुलता शब्द है उधार. इसका मतलब है किसी चीज के उपयोग की अनुमति इस शर्त पर देना कि उसे या उसके समतुल्य को वापस कर दिया जाएगा. पैसा या धन इस शर्त पर देना कि इसे वापस कर दिया जायेगा. किसी उद्देश्य के लिए अपनी सहायता प्रदान करना, अस्थायी रूप से लेना, देना या प्राप्त करना. हिंदी शब्दसागर के अनुसार उधार का अर्थ है कर्ज, ऋण, बिना ब्याज का ऋण, उधार करना. एक मुहावरा है उधार खाये बैठना. इसके दो मतलब हैं. पहला किसी अनुकूल होनेवाली बात के लिए अत्यंत उत्सुक रहना. जैसे कभी न कभी रियासत हाथ आयेगी, इसी बात पर तो वे उधार खाये बैठे हैं. दूसरा मतलब है कि किसी की मृत्यु के आसरे में रहना.

# आखिर लिखना छोड़ ही दिया हमने

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

हमें लगता है कि हर लिखने वाले के लेखन का कोई न कोई विरोधी होता है. सबसे पहला विरोधी उसकी पत्नी ही होती है. यदि लिखने वाला शादी-शुदा है तो. शादी-शुदा न होने पर कोई दूसरा विरोध करेगा. कुछ को छोड़कर बाकी का कोई न कोई तो विरोध करता ही है. यहां मैं जान-बूझकर लेखक के स्थान पर लिखने वाला लिख रहा हूं. क्योंकि लिखने वाला कोई भी बन सकता है, लेकिन लेखक हर कोई नहीं बन पाता. पते की बात यह है कि आजकल ज्यादातर लोग लिखने वाले ही हैं. लेखक तो गिने-चुने ही हैं. वैसे साहित्य में रुचि तो बचपन से ही थी, लेकिन यह पता नहीं था कि एक दिन लिखने वाला बन जाऊंगा. और व्यंग्य भी लिखूंगा. यदि लिखने वाला व्यंग्य लिखने लगता है तो पत्नी कुछ ज्यादा ही विरोधी बन जाती है. एक दिन पत्नी ने कहा क्यों लिखते हो? और कोई काम नहीं है. फालतू समय क्यों बरबाद करते हो? मैंने कहा, हर लिखने वाले के साथ ऐसा ही होता है. हर कोई उसके लेखन को फालतू ही समझता है. मन में इच्छा होती है, विचार आते हैं, लिखना अच्छा लगता है. अच्छा लिखता हूं. इसलिए लिखता हूँ. पत्नी ने कहा तुम्हारे अच्छा लगने से क्या होगा? मैंने कहा, तुम्हें भी अच्छा लगेगा. पढ़कर तो देखो. पत्नी बोली नहीं पढ़ना है. मेरे पास फालतू समय नहीं है. मैंने कहा, चलो हम पढ़कर सुना देते हैं. पत्नी बोली, मुझे दुनिया भर की बकवास नहीं सुननी है. मैंने कहा कि यह बकवास नहीं है. व्यंग्य है. उन्होंने कहा, रखो अपना व्यंग्य अपने पास. और खुद पढ़कर सुन लो एक साथ दोनों काम हो जाएगा. उन्होंने आगे कहा, आजकल लिखने वालों की तरह गीत गाने वाले भी बहुत अधिक हो गए हैं. ये लोग भी खुद गाते हैं और खुद सुनते हैं. मैंने कहा, तुम्हें हमारे लेखन से इतनी जलन क्यों होती है ? कहीं यह तो नहीं कि तुम हिंदी में एमए होकर भी नहीं लिखती हो और मैं गणित में पीएचडी होकर भी अच्छा लिखता हूं. वह बोलीं क्यों लिखूं? लिखकर क्या करूं? खुद लिखूं और खुद पढ़ूं. लिखकर अपने स्वाभिमान को गिराऊं. यह मैं नहीं कर सकती. और कहती हूं कि लिखना छोड़ दो. नहीं तो किसी दिन ये सब बटोरकर किसी कबाड़ी के हाथ बेच दूंगी. मैंने कहा कि ऐसा मत करना, क्योंकि ये सब रद्दी नहीं है. वो बोलीं कि यह तुम्हारा वहम है, जो हर लिखने वाले को होता है, यह रद्दी से ज्यादा और कुछ नहीं है. और तो और उन्होंने यह भी कहा कि यदि नहीं माने और लिखते रहे तो एक दिन यह लैपटाप भी गिरा दूंगी. न रहेगी बांस और न बजेगी बासुरी. वे आगे बोलीं, आज के समय में न लिखने वालों का और न ही उनके साहित्य की कदर कोई करता है. और प्रकाशक लिखने वालों को सबसे बड़ा उल्लू समझते हैं और ऊपर से और उल्लू बनाते हैं.



मनोज वाजपेयी की 100वीं मूवी रिलीज

## शाहरूख-रजनीकांत बनने की कोशिश में दिखे "भैया जी"




*मनोज वाजपेयी की 100वीं मूवी का इंतजार भैया जी के आने के साथ खत्म हुआ. फिल्म के जबर्दस्त ट्रेलर ने बता दिया था कि यह एक्शन से भरी फिल्म है जिसमें भैया जी के किरदार में मनोज वाजपेयी एकदम डिफरेंट लुक में नजर आएंगे. बिहार के इस टैलेंटेड कलाकार के बिहारी अंदाज की लोगों को प्रतीक्षा भी थी, पर भैया जी फिल्म के रूप में जो सामने आया वह साउथ की मूवी की कोई मिक्सचर टाइप प्रस्तुति थी, एकदम फार्मूला मूवी. साउथ की आम एक्शन मूवी की तरह जहां मीडिया, पुलिस के साथ लॉजिक भी नदारद दिखती. हालांकि इस फिल्म में भी मनोज वाजपेयी ने अपना पूरा दम लगा दिया है. लिहाजा उनके फैंस उनकी इस 100वीं मूवी को देखने जा सकते हैं, लेकिन गर नहीं देखें तो भी यकीनन कुछ खास मिस नहीं किया.*

- **यह है कहानी**

कभी खलनायकों के दुश्मन और गरीबों के मसीहा रहे भैयाजी उर्फ रामचरण (मनोज बाजपेयी) को अपने गांव के एक कार्यक्रम में अपने पुत्रवत छोटे सौतेले भाई का इंतजार है, लेकिन दिल्ली में एक माफिया नेता (सुविंदर विकी) का बिगड़ैल बेटा (जतिन गोस्वामी) उससे उलझ जाता है और उसकी हत्या कर देता है. इसके बाद जमकर बदला लेने, लाशें गिराने की कहानी है. इस सौंवी फिल्म में मनोज वाजवेयी ने एक्शन के वे तमाम दृश्य पूरे कर लिए जो अक्सर सलमान, शाहरूख या रजनीकांत के हिस्से आता है. हवा में कलाबाजी, मारकाट सब...भावी पत्नी का किरदार जोया हुसैन ने निभाया है. उन्हें नेशनल शूटर बनाकर क्लाइमैक्स में इस्तेमाल कर लिया गया और इस अंतिम दृश्य में वे मनोज वाजपेयी पर भी भारी दिखीं.

आम फामूर्ला फिल्म की तरह बिना सिर-पैर की कहानी जिसका लॉजिक से कोई वास्ता नहीं था. दिल्ली की सड़कों पर लाशों पर लाशें बिछ जाएं और पुलिस तो दूर मीडिया का नाम भी न हो, शहर में कोई सीसीटीवी ही ना हो. कभी भैया जी को इतना ताकतवर दिखाना कि सरकारें पलट दें और कभी इतने कमजोर कि जान बचाते फिर रहे थे.

- **अन्य कलाकार**

एक्ट्रेस भागीरथी बाई कदम, फिल्म में मनोज की छोटी अम्मा बनी हैं. भागीरथी की परफॉरमेंस भी काफी सही है. विपिन शर्मा जैसे कुछ किरदार थे, जो मूवी में बीच-बीच में हंसने का मौका देते रहे. जतिन गोस्वामी इस मूवी में पुराने जैसा असर नहीं दिखा सके, वो ज्यादातर सीन्स में दबते नजर आए हैं. विलेन बने सुविन्द्र विक्की भी असर नहीं छोड़ पाए.

- **गीत संगीत**


संदीप चौटा का बैकग्राउंड स्कोर प्रभावशाली था, इंस्टाग्राम सेंसेशन सांची पर फिल्माया आइटम सॉन्ग पतली कमरिया पर चक्का जाम.. और बेहतर हो सकता था. मनोज तिवारी का बाघ का करेजा.. गीत अच्छा है.

- **डायरेक्शन और राइटिंग**

अपूर्व सिंह कार्की ने 'भैया जी' का निर्देशन किया है. इससे पहले उन्होंने मनोज बाजपेयी के साथ 'सिर्फ एक बंदा काफी है' फिल्म की थी. फिल्म का स्क्रीनप्ले हाफ के बाद लुढकता नजर आता है.

हस्ताक्षर


# वाद्ययंत्रों के प्रति कोमल भावों की कथा कहती द लास्ट रिपेयर शॉप



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म समीक्षक

**आस्कर में इस वर्ष शार्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में 'द लास्ट रिपेयर शाप' को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यूज एंड थ्रो के जमाने में यह फिल्म किसी एक दुकान की कथा कहते हुए उस जमाने की दास्तां याद दिला देती जब अपनी छोटी-छोटी चीजों के प्रति हम संवेदना पाला करते थे. 39 मिनट की इस डाक्यूमेंट्री को देखते हुए आप कई-कई भावों में डूबते-उबरते जाते हैं. जिंदगी में संगीत की अहमियत बताती यह फिल्म चुपके से दिल के कई सुप्त पड़े कोनों में स्पंदन कर जाती है.**

कुछ चीजें हमारे जीवन से इतने आहिस्ते से गुम हो जाती हैं कि हमें उसके जाने का अहसास भी नहीं हो पाता. यूज एंड थ्रो के इस दौर में हम इतने विकल्पों से घिरे हैं कि किसी रिक्तता का आभास ही नहीं हो पाता. एक पुरानी चीज हटती है, चार उसका जगह ले लेती है. जहां मोबाइल ही नहीं, गाडियों तक के बदलने का प्रचलन बढ रहा हो, वहां अपनी चीजों के प्रति संवेदनात्मक लगाव की बात ही व्यर्थ लगती है. स्याही भरते, नींब साफ करते, वर्षों तक कलम की देखभाल करते जो लगाव हो जाता था, और जिसके खोने पर हम रोने लगते थे, आज की पीढी वह लगाव समझ ही नहीं सकती. वह समय था जब मरम्मती हमारे जीवन का हिस्सा था, जूते से लेकर चश्मे तक सब कुछ मरम्मत होते थे. वाद्ययंत्र भी...बहुत समय नहीं बीते जब अमूमन हर छोटे बडे शहर में वाद्ययंत्रों के मरम्मति की एक दुकान होती थी. दुकान के साइनबोर्ड पर नीचे लिख होता था, "यहां हारमोनियम, तबला आदि सभी तरह के वाद्ययंत्रों की मरम्मत की जाती है." अब ऐसी दुकानें नहीं दिखती हैं. कब इन दुकानों की जरुरतें हमारी जिंदगी से खत्म हो गई, हमें पता भी नहीं चला. वास्तव में ये दुकानें सिर्फ दुकानें नहीं थी, शहर में संगीत के होने का प्रतीक थीं.



### संवेदना को कुरेदने की कोशिश

आस्कर में इस वर्ष शार्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित 'द लास्ट रिपेयर शाप' भी इसी तरह के किसी एक दुकान की कथा कहते हुए हमारी संवेदना को कुरेदने की कोशिश करती है. वहां पियोनो की मरम्मति करने वाले स्टीव बैगमेनियन कहते हैं, यह सिर्फ एक इंस्ट्रूमेंट रिपेयर शाप नहीं, हम समझते हैं कि जब एक इंस्ट्रूमेंट टूटता है तो कहीं एक छात्र बगैर इंस्ट्रूमेंट के है...नहीं, नहीं, नहीं, मेरे शहर में तो ऐसा नहीं हो सकता. मुझे पता है यह उसकी जिंदगी बदल सकती है.

### लॉस एंजेल्स के वर्कशॉप की कहानी

बेन प्राउडफुट और क्रिस बोवर्स निर्देशित यह फिल्म लास एंजेल्स में चल रहे वाद्ययंत्रों के उस वर्कशाप से हमें जोडती है, जो वहां के स्कूलों के बच्चों के वाद्ययंत्रों की निःशुल्क मरम्मत करता है. क्रिस बोवर्स खुद भी संगीतकार हैं, वे कहते हैं, इन वाद्ययंत्रों के साथ जो प्यार और स्नेह बाहर जाता है उसका साक्षात्कार करना मेरे लिए भावनात्मक अनुभव रहा है.

- **फिल्म के अंदर कई फिल्में**

39 मिनट की इस डाक्यूमेंट्री के पहले ही दृश्य से आप इसमें शामिल हो जाते हैं, कुछ इस तरह कि लगे कि पियानो या वायलिन आप हाथ बढा कर छू सकते हैं. संपादन, सिनेमेटोग्राफी के साथ संगीत का इसमें बडा योगदान है, जो वाद्ययंत्रों की मरम्ती की मूल ध्वनि से ही सजाया गया है. डाक्यूमेंट्री में चार अलग अलग विधाओं के वाद्ययंत्र की मरम्मत करने वाले डाना एटिकनसन (स्ट्रिंग्स), पैटी मोरेना (ब्रास), दुआन मारकेलस (वुडविंड्स) और स्टीव बैगमनयान (पियानो) कलाकारों से विस्तार से बातचीत है, जिसमें फिल्म के अंदर कई फिल्में खुलती हैं. गुमनामी के अंधेरे में खोए इन कलाकारों ने किस तरह अपनी संगीत साधना को दूसरों के चेहरे पर खुशी देखने के लिए समर्पित कर दिया, फिल्म देखते हुए आप भींग जाते हैंयह सबसे अच्छा काम है जो मनुष्य कर सकता है. भले ही वे मुझे नहीं जानते, लेकिन मैं उनके जीवन का हिस्सा बन जाती हूं, पैटी मोरेना कहती हैं.

- **जिंदगी में आश्वासन, अनुशासन लाता संगीत**

पहले ही दृश्य में एक छोटी सी लडकी आती है, मैं वायलिन से प्यार करती हूं. फिर वह कहती है मेरे जीवन में मेरे परिवार का स्वास्थ्य सबसे बडी समस्या रही. उस समय इसी वायलिन ने मुझे भरोसा दिलाया कि मैं क्या कर सकती हूं. एक छात्रा कहती है, 9 साल की उम्र से स्कूल में सैक्सोफ़ोन बजाना शुरू किया तो उसका जीवन बदल गया. इस वाद्ययंत्र ने उसको अधिक अनुशासित बनाया. जब मैं तनाव महसूस करती हूं, जब मैं उदास या गुस्से में होती हूं, तब सैक्सोफ़ोन मुझे शांत करता है.

- **गर आपके अंदर कहीं बचा है संगीत**

वास्तव में 'द लास्ट रिपेयर शॉप' संगीत और मनुष्य के संबंध के साथ अगली पीढ़ी तक उसे पहुंचाने की जवाबदेही के प्रति सचेत करती है. यह सम्मान है वाद्ययंत्रों के उन कारीगरों का जिन्होंने अपनी पहचान खो कर हमारे जीवन के सुरों की चिंता की है. यह डाक्यूमेंट्री यूट्यूब पर भी उपलब्ध है, यदि आपके अंदर कहीं संगीत बचा है, तो यह डाक्यूमेंट्री आपको सुकून देगी.

# कान फिल्म फेस्टिवल में लहराया भारत का परचम

### अवनीत का डेब्यू



अवनीत कौर ने सोशल मीडिया पर अपने कान डेब्यू का वीडियो जारी किया है. वीडियो में अवनीत सफेद रंग के फ्लोरल-प्रिंटेड लैसी पारदर्शी जंपसूट में नजर आ रही हैं. फैंस को उनका यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है, हालांकि अभी तक उनका रेड कार्पेट लुक नहीं नजर आया है.

**77वें कान फिल्म फेस्टिवल में चिदानंद एस नाइक की कन्नड़ लोक कथा पर आधारित फिल्म 'सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो' को ला सिनेफ का प्रथम पुरस्कार मिला. एफटीआईआई की 'सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो' ने कान्स में फर्स्ट प्राइज अपने नाम कर लिया है. वहीं तीसरा पुरस्कार मानसी माहेश्वरी की एनीमेशन फिल्म 'बन्नीहुड' को मिला है.**






- **चार साल बाद मिला यह मौका**

इससे पहले साल 2020 में अपनी फिल्म कैटडॉग के लिए अश्मिता गुहा नियोगी ने ये पुरस्कार जीता था. अब चार साल बार एक बार फिर कान फेस्टिवल में भारत को यह गर्व करने का मौका मिला है.


- **यह है कहानी**

16 मिनट की एक शॉर्ट फिल्म एक बुजुर्ग महिला द्वारा मुर्गे की चोरी से शुरू होती है. यह चोरी उसके गांव को कभी न खत्म होने वाले अंधेरे में डाल देती है.

- **17 फिल्मों को हराया**

सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो ने इस अवॉर्ड के लिए 17 फिल्मों को हराया. ये फिल्में ग्लोबली 555 फिल्म स्कूलों से 2,263 सबमिशन के विशाल पूल में से चुनी गई 18 फिल्मों में से थीं. कान्स प्रथम पुरस्कार के लिए 15,000 यूरो, दूसरे के लिए 11,250 यूरो और तीसरे के लिए 7,500 यूरो देगा.

### प्रीति जिंटा का पहला कान 2024 लुक



सालों बाद कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रीति जिंटा रेड कार्पेट पर नजर आईं. डिजाइनर विविएना लोरिकीत के डिजाइन किए आइवरी कलर के इस बॉडीकॉन स्ट्रैट गाउन के साथ मेसी लुक बन और न्यूड कलर पैलेट मेकअप में प्रीति क्लासी वाइब देती हुई नजर आ रही हैं. इस गाउन की कीमत 5 लाख रुपए से भी ज्यादा बताई जा रही है. पूरे गाउन में पर्ल वर्क नजर आता है और इसके साथ प्रीति ने पर्ल इयररिंग्स को स्टाइल किया है.

इंटरव्यू : नाग अश्विन

## कल्कि 2898 एडी के सिक्कवल में दिखेगा बुज्जी का रियल अंदाज

*'कल्कि 2898 एडी' निर्देशक नाग अश्विन की तीसरी फीचर फिल्म है जो 27 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी. इस फिल्म का बजट 500 से 600 करोड़ रुपए बताया जा रहा जो अब तक की फिल्मों में सबसे ज्यादा है. नाग अश्विनी इतने कम समय में अपने काम की वजह से चर्चा में हैं. उनकी पिछली फिल्म 'महानटी' ने सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था. आइए, पिछले दिनों दिए गए एक इंटरव्यू के संपादित अंश के जरिए कल्कि 2898 एडी' के बारे में जानें-*



***प्रश्न : फिल्म के बारे में बताएं***

*फिल्म की कहानी महाभारत काल से शुरू होगी. उसके बाद अगले 6000 साल की घटनाएं दिखाई जाएगी.*

***प्रश्न : एक काल्पनिक कार बुज्जी भी इस फिल्म में अहम किरदार में है. यह कल्पना साकार कैसे हुई?***

*हाइसु वांग जिन्होंने हॉलीवुड की फिल्मों 'एवेंजर्स एंडगेम', 'बैटमैन', 'गार्जियन्स ऑफ गैलेक्सी' और 'अवतार' आदि में प्रयोग किए गए वाहनों के डिजाइन बनाए हैं, बुज्जी की डिजाइनिंग करने में हमें उनसे मदद मिली. फिल्म की शूटिंग के दौरान ही मुझे ये ख्याल आया कि क्या इस कार को वास्तव में बनाया जा सकता है? मैंने ट्वीट किया तो उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने इस कल्पना को साकार करने की व्यवस्था की और बुज्जी कार अब वाकई धरातल पर उतर आई. बुज्जी की लॉन्चिंग भी हुई.*

***प्रश्न : बुज्जी कार देखने में बहुत ही विशाल है, इसकी और क्या क्या खासियत हैं?***

*यह कार दरअसल हमारे काबिल भारतीय इंजीनियरों की कल्पना का कमाल है. आनंद महिंद्रा की टीम ने इसमें हमारी मदद की और हम इसे बना पाए, यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है. हम ये कार लेकर देश के कोने-कोने में जाएंगे और वहां इसे चलाकर दिखाएंगे. मकसद बस इतना कि देश के युवाओं के भीतर ऐसी ही नई कल्पनाएं जागें और वह ये समझ सकें कि जो सोचा जा सकता है, वह बनाया भी जा सकता है.*

***प्रश्न : क्या यही कार कल्कि 2898 एडी फिल्म में प्रभास ने चलाई है?***

*नहीं. यह कार तो फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की मेकिंग के साथ साथ बनती रही है. कल्कि 2898 एडी फिल्म में जो कार फिल्म में दिखाई है, वह मेरी कल्पना थी, जिसे फिल्म के लिए हमारे डिजाइनर्स ने तैयार किया. उसी काल्पनिक कार का जीवंत संस्करण को आनंद महिंद्रा की टीम ने तैयार किया है. इस असली कार का इस फिल्म में तो हम इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं, लेकिन फिल्म की सीक्वल में इसका उपयोग करने की बात हम सोच रहे हैं.*

***प्रश्न : तो 'कल्कि 2898 एडी' की सीक्वल भी तैयार होगी?***


*हां, फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा पार्ट भी बन रहा है.*



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# झक्कास होगा 'बिग बॉस ओटीटी 3' का नया होस्ट!

जियो के इंस्टाग्राम हैंडल पर जो नई अपडेट शेयर हुई है, उसके अनुसार फैंस मान रहे हैं कि 'बिग बॉस सीजन 3' एक नए होस्ट के साथ आएगा. इस प्रोमो में बिग बॉस के पुराने सीजन की झलकियां दिखाई गई हैं. एल्विश यादव, अभिषेक मल्हान, रुबीना दिलैक और शहनाज गिल को दिखाते हुए बताया गया कि आपने अब तक के पिछले सीजन में जो भी देखा है वो सब एक ट्रेलर ही था. इस बार का 'बिग बॉस सीजन 3' सबसे ज्यादा धांसू होने वाला है जिसे देखकर पिछला सब भूल जाओगे. बिग बॉस ओटीटी 3 जून में जल्द आएगा सिर्फ जियो सिनेमा प्रीमियम पर.




- **इससे मिला हिंट**

जाहिर है प्रोमो में कहीं यह लिखा या कहा नहीं गया कि इस बार बिग बॉस सीजन 3 को कौन होस्ट करेगा. हालांकि इस बाबत चर्चा कई दिनों से है कि अपनी फिल्म को लेकर सलमान व्यस्त हैं तो कोई और होस्ट हो सकता है. दरअसल प्रोमो के अंत में एक शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें नए होस्ट को लेकर हिंट दी गई है. प्रोमो में झक्कास बोला गया है. इसके बाद से सभी कयास लगा रहे कि इस बार शो में बतौर होस्ट सलमान खान नहीं बल्कि अनिल कपूर नजर आएंगे.

- **फ्री में नहीं देख पाएंगे 'बिग बॉस ओटीटी 3'**

बिग बॉस के अब तक के सभी सीजन को कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट किए गए थे. वहीं, 'बिग बॉस ओटीटी' के दोनों सीजन भी जियो सिनेमा पर फ्री में ही दिखाए गए, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा. आपको अगर बिग बॉस ओटीटी का मजा लेना है तो आपको 29 रुपये खर्च करने पड़ेंगे क्योंकि जियो सिनेमा पर एक महीने का सब्सक्रिप्शन 29 रुपए का है.





## ब्रीफ खबरें

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम डच से हारी

**ब्रेडा (नीदरलैंड)** । भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई. पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था. कप्तान रोहित (18वां मिनट), सौरभ आनंद कुशवाह (24वां मिनट), अंकित पाल (32वां मिनट) और अर्शदीप सिंह (58वां मिनट) ने भारत के लिये गोल दागे. मेजबान क्लब ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही मिनट में गोल दाग दिया था.

### टी20 विश्व कप के दूत बने शाहिद अफरीदी

**दुबई** । पूर्व आल राउंडर शाहिद अफरीदी को शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दो जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप का दूत बनाया गया. अफरीदी ने 2009 में पाकिस्तान की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभायी थी. इस तरह वह टूर्नामेंट दूत के उस ग्रुप में शामिल हो गये जिसमें भारत के युवराज सिंह, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और महान धावक उसेन बोल्ट मौजूद हैं. अफरीदी ने आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति में कहा किआईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मेरे दिल के काफी करीब है.

### सेंथिल कुमार 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में

**दोहा** । भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ 3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए. यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है. मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को 12-11, 11-3, 9-3 से हराया . चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया. एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को 11-5, 5-11, 10-12, 11-5, 9-3 से मात दी.

### नागल का सामना अब रूस के खाचानोव से

**पेरिस** । भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा. दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है. वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाड़ी बने. वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं.

### घुड़सवारी महासंघ के लिये समिति गठित

**नयी दिल्ली** । दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया. जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता. अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे.

पार्थिब व हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी, उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिये भारतीय टीम का ऐलान

**टीम तैयार**

- मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने टीम का ऐलान किया
- कुवैत से भारतयी टीम का सामना छह जून को होगा

भाषा । भुवनेश्वर



कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है. जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं. जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा. मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिये टीम का ऐलान किया. भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे. जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है.

स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं. इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है. पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है. बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जायेंगे. कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा. इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी. भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है. इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के अलविदा कह देंगे. जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किये हैं.

**टीम में शामिल खिलाड़ी**

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ
**डिफेंडर :** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर, निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस
**मिडफील्डर :** अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह,
**फॉरवर्ड :** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह.

# पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी । कुआलालंपुर



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त हान युइ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 55 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-12 से हराया. पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू का सामना अब इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी या थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान से होगा. अन्य मुकाबलों में अष्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21-10, 21-15 से हराया. आखिरी बार दो साल पहले सिंगापुर ओपन जीतने वाली सिंधू ने आक्रामक शुरूआत की और पहला गेम आसानी से जीत लिया. दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की लेकिन तीसरे गेम में सिंधू ने उसे कोई मौका नहीं दिया.

**आईपीएल क्वालिफायर 2:** तीसरी बार फाइनल में पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद

# राजस्थान का सपना टूटा, अब केकेआर से होगी आखिरी जंग

एजेंसी । चेन्नई

आईपीएल 2024 को उसकी दोनों फाइनलिस्ट टीम मिल चुकी है क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार रात राजस्थान रॉयल्स को क्वालीफायर-2 में हरा दिया. अब आईपीएल के 17वें सीजन का खिताबी मुकाबला पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इसी मैदान पर रविवार को होगा. फाइनल से पहले इस आखिरी लड़ाई में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने नौ विकेट खोकर 175 रन बनाए. राजस्थान रॉयल्स इस रन चेज में लगातार अंतराल में विकेट गंवाती रही. अंत में ध्रुव जुरेल ने 35 गेंद में 56 रन की साहसिक पारी जरूर खेली, लेकिन अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा पाए. इस तरह राजस्थान रॉयल्स 36 रन से मैच हार गई.

**केकेआर का चौथा तो एसआरएच का दूसरा फाइनल :** कोलकाता नाइटराइडर्स अपना चौथा फाइनल खेलने के लिए तैयार है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद अपना तीसरा फाइनल खेलेगी. केकेआर ने 2012, 2014 और 2021 में फाइनल खेला, जिसमें उसे सिर्फ 2021 में हार का मुंह देखना पड़ा जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 2016 में आरसीबी को फाइनल में हराया था तो 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स से पराजय झेलनी पड़ी थी. अब छह साल बाद फाइनल में पहुंची पिंक आर्मी दूसरी बार चैंपियन बनने के लिए पूरी ताकत लगा देगी.

**हेड ने संभलकर पारी बढ़ाई :** पहले बैटिंग करते हुएतीन विकेट जल्दी निकलने के बाद हैदराबाद के लिए ओपनर ट्रेविस हेड ने संभलकर बल्लेबाजी की. वह अपने उस प्रचंड अंदाज में नहीं दिखे जैसे बल्लेबाजी वह पूरे टूर्नामेंट में करते आए हैं. उन्होंने थोड़ा संयत तरीके से खेलना शुरू किया. हालांकि वह अपनी पारी ज्यादा लंबी नहीं खींच सके और 28 बॉल पर 34 रन (3 फोर, 1 सिक्स) बनाकर संदीप शर्मा का शिकार बने. इस मौके पर भी बोल्ट की तरह ही संदीप ने स्लो बाउंसर का इस्तेमाल किया और यह तरकीब काम कर गई. हेड और क्लासेन के बीच 30 बॉल पर 42 रनों की पार्टनरशिप हुई. राहुल त्रिपाठी (15 बॉल पर 37 रन, 5 फोर, 2 सिक्स) ने भी अच्छे हाथ दिखाए.

**हेनरिक क्लासेन की चौथी फिफ्टी :** हैदराबाद के बैटर हेनरिक क्लासेन ने मौजूदा टूर्नामेंट में चौथा अर्धशतक जमाया. क्लासेन अब इस सीजन 15 मैच में 42.09 के औसत से 463 रन बना चुके हैं. ट्रेविस हेड के आउट होने के बाद भी हैदराबाद के बल्लेबाज जूझते रहे और रन गति पर भी अंकुश लग गया. राजस्थान के एक अन्य तेज गेंदबाज आवेश खान ने पारी के 14वें ओवर की अंतिम दो लगातार बॉल पर नीतीश रेड्डी (5) और अब्दुल समद (0) को पविलियन की राह दिखाकर हैदराबाद के बड़े स्कोर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया.



**रविवार को होने वाले फाइनल मैच में कोलकाता के सामने हैदराबाद होगी**

### बेकार गया बोल्ट का ट्रिपल अटैक

हैदराबाद की आतिशी सलामी जोड़ी ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने लीग मैचों की ही तर्ज पर पावरप्ले में धुआंधार बल्लेबाजी की अपनी रणनीति नहीं छोड़ी, जबकि पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ उनका यह अप्रोच कामयाब नहीं रहा था. ट्रेंट बोल्ट पहला ओवर लेकर आए तो अभिषेक ने उनकी तीसरी ही गेंद पर सिक्स और चौथी बॉल पर फोर लगाकर अपने मंसूबे जताए. लेकिन, बोल्ट ने ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें आउट कर हैदराबाद को बड़ा झटका दे दिया. अभिषेक उनकी गेंद पर पुल करने के प्रयास में कवर क्षेत्र में कैडमोर को कैच थमा कर 13 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए.

**36** रन से राजस्थान रॉयल्स मैच हार गई

### संक्षिप्त स्कोर

सनराइजर्स हैदराबाद : 175/9
राजस्थान रॉयलस : 139/7

**प्लेयर ऑफ द मैच**
**शाहबाज अहमद**

पोंटिंग के दावे का बीसीसीआई सचिव ने किया खंडन, कहा

# किसी आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क नहीं किया गया है



भाषा । मुंबई

इधर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने संपर्क करने की बात कही, वहीं बीसीसीआई ने भी उसका तुरंत खंडन कर दिया. बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने साफ कर दिया है कि बोर्ड ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क नहीं किया है. जय शाह ने यह कहकर राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय कोच की नियुक्ति का संकेत दिया कि नये कोच को देश में खेल के ढांचे की गहरी समझ होनी चाहिये.

समझा जाता है कि द्रविड़ ने बोर्ड को बता दिया है कि वह कार्यकाल में और विस्तार नहीं चाहते. आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने दावा किया है कि उन्होंने इस पद की पेशकश ठुकरा दी है. कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर और पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को भी इस पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है. शाह ने एक बयान में कहा कि मैंने या बीसीसीआई किसी ने भी किसी आस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर से कोच के पद के लिये संपर्क नहीं किया है. मीडिया में चल रही इस आशय की खबरें सरासर गलत हैं. पोंटिंग और लैंगर इंडियर प्रीमियर लीग में क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच हैं.

### मेरी जीवनशैली से मेल नहीं खाता है : पोंटिंग

पोंटिंग ने कहा कि मैने अपने बेटे से इसके बारे में बात की तो उसने कहा कि आप यह पेशकश स्वीकार कर लो . हम कुछ साल वहां रह लेंगे . उन्हें भारत और भारत में क्रिकेट के कल्चर से इतना प्यार है . लेकिन फिलहाल यह मेरी जीवनशैली से मेल नहीं खाता है . वहीं लैंगर ने कहा कि यह शानदार काम होगा . मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं. लेकिन यह काफी थकाऊ होता है . लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता . उन्होंने कहा कि मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है . यह अच्छी सलाह थी . यह पद आकर्षक है . लेकिन अभी मेरे लिये नहीं . शाह ने कहा कि भारत का मुख्य कोच बनना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे प्रतिष्ठित काम है . इसमें उच्च स्तर का पेशेवरपन चाहिये .

# अमेरिका की बांग्लादेश पर ऐतिहासिक जीत

एजेंसी । ह्यूस्टन



पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज अली खान के आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट की मदद से अमेरिका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को छह रन से हराकर आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दर्ज की. पहले टी20 में पांच विकेट से जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका ने दूसरा मैच भी जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढत बना ली.

यह श्रृंखला अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिये अहम है. खान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई . उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिये. पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर अमेरिका ने शानदार शुरूआत की. स्टीवन टेलर ने 28 गेंद में 31 और कप्तान मोनांक पटेल ने 38 गेंद में 42 रन बनाये. अमेरिका ने छह विकेट पर 144 का स्कोर बनाया. जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई . पारी की चौथी गेंद पर सौरभ नेत्रवलकर ने सौम्या सरकार को आउट किया. नेत्रवलकर ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिये. बांग्लादेश ने नौ ओवर बाकी रहते तीन विकेट पर 78 रन बना लिये थे.

तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय टीम ने हान सियुंगियोन व यांग जाएवोन को 158-157 से हराया

# भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में

एजेंसी । येचियोन (दक्षिण कोरिया)

ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई.

कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी. ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था. युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं. विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया. अब उनका सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान से होगा. इससे पहले ज्योति और प्रियांश ने वियतनाम को 159-152 से हराया था . वहीं क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 156-155 से मात दी. दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने लगातार चार जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई. वह रिकर्व वर्ग में अकेली भारतीय बची हैं. उनका सामना दुनिया की नंबर दो तीरंदाज दक्षिण कोरिया की लिम सिहयिओन से होगा जिसने शंघाई में पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था.



**दीपिका सेमीफाइनल में**

**हॉकी** पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान फेलिक्स के फील्ड गोल पर बढ़त बना ली

# एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम से हारी भारतीय पुरूष हॉकी टीम

भाषा । एंटवर्प (बेल्जियम)



डिफेंस में चूक का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने उसे एफआईएच प्रो लीग में 4-1 से हरा दिया. हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में बुधवार को अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया था.

पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान फेलिक्स डेनायेर के फील्ड गोल पर बढत बना ली. हाफटाइम के चार मिनट बाद अलेक्जेंडर हेनड्रिक्स ने मेजबान के लिये पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया. बेल्जियम के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार पासिंग और बेहतरीन कौशल से भारतीय डिफेंस छितर बितर हो गया. बेल्जियम के लिये तीसरा गोल सेड्रिक चार्लियर ने 49वें मिनट में किया. भारत के लिये अभिषेक ने एकमात्र गोल किया लेकिन आखिरी मिनटों में हेंडरिक्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके बेल्जियम की जीत पर मुहर लगा दी. मैच में शुरू ही से भारतीय डिफेंस बिखरा हुआ दिखा और उसके पास बेल्जियम के हमलों का जवाब नहीं था.

### भारतीय महिला टीम लगातार दूसरा मैच हारी



**एंटवर्प (बेल्जियम)** । भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी . इस बार उसे बेल्जियम ने 2 - 0 से हराया . नये कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को बुधवार को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था . बेल्जियम के लिये दोनों गोल फील्ड गोल थे जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किये . भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था, लेकिन गोल नहीं हो सका . पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद रहा और बेल्जियम को गोल करने के मौके नहीं दिये . बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया . दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया . ब्रेक के बाद बेल्जियम ने हमले तेज कर दिये ओर तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा . इसके दो मिनट बाद ही डेवाएट ने दूसर गोल कर दिया . भारत ने चौथे क्वार्टर में कुछ प्रयास किये लेकिन कामयाबी नहीं मिली .

# आईसीसी ने टी20 विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल घोषित की

एजेंसी । दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को स्टार सुसज्जित कमेंटरी पैनल की घोषणा की. इसमें क्रिकेट और प्रसारण के कुछ बड़े नाम जैसे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर शामिल हैं.

टी20 विश्व कप दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जायेगा. मुख्य कमेंटेटरों में शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोंस, हर्षा भोगले और इयान बिशप शामिल हैं. आधुनिक खेल की जानकारी देने के लिए पूर्व पुरुष और महिला टी20 विश्व कप चैम्पियन जैसे कार्तिक, इबोनी रेनफोर्ड ब्रेंट, सैमुअल बद्री, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, आरोन फिंच और लिसा स्थालेकर शामिल हैं. पूर्व वनडे विश्व कप विजेता रिकी पोंटिंग, गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम अकरम भी अपना आकलन करेंगे. विश्व कप कमेंटरी में पदार्पण करने वालों में अमेरिकी कमेंटेटर जेम्स ओ ब्रायन शामिल हैं. कमेंटरी टीम के बड़े नामों में डेल स्टेन, ग्रीम स्मिथ, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, सिमोन डोउल, शॉन पोलाक और कैटी मार्टिन के साथ प्रसारण में मशहूर क्रिकेटर एमपुमेलेलो एमबांग्वा, नटाली जर्मानोस, डैनी मोरिसन, अलीसन मिचेल, एलन विल्किन्स, ब्रायन मुर्गाट्रोयड, माइक हेसमैन, इयान वार्ड, अथर अली खान, रसेल अर्नाल्ड व नियाल ओ ब्रायन शामिल हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### प्रधानाध्यापक ने छात्रा से की छेड़खानी

**नवादा ।** नवादा में गुरु-शिष्या की रिश्ता को शर्मशार करने का एक मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है, जहां एक वहशी शिक्षक ने नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित होकर शुक्रवार की दोपहर स्कूल पहुंचकर आरोपित शिक्षक को पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले भी कर दिया. मामला जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र का है. यहां उत्क्रमित मवि बलियारी के प्रधानाध्यापक कृष्ण चौधरी पर छात्रा ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है.

### सिलेंडर फटा, टीचर सहित तीन झुलसे

**भागलपुर ।** जिले के रंगरा प्रखंड स्थित प्राथमिक मध्य विद्यालय मदरौनी में शुक्रवार को खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया. इस घटना में विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए. सभी घायलों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया. घायलों में प्रधानाध्यापक इंद्रजीत कुमार, सहायक शिक्षक विपिन कुमार एवं रसोई सविता देवी हैं. बताया जा रहा है कि विद्यालय में बच्चे कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे.

### दो कारतूस तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भागलपुर ।** जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के टपुआ मोड़ के पास पुलिस ने दो अवैध कारतूस तस्कर को गिरफ्तार किया है. एकचारी थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार गुरुवार देर रात गश्ती टीम के साथ टपुआ मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे. तभी बुद्धुचक की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति को पकड़ा गया. तलाशी में उसके पास से पुलिस ने एक विन्डोलिया, 17 कारतूस, 2 मोबाइल और 1 ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया. गिरफ्तार तस्कर एकचारी थाना क्षेत्र का खवासपुर निवासी पिंटू कुमार तथा कहलगांव निवासी नंदन कुमार बताया जा रहा है.

शाह ने आरा में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह के पक्ष में की सभा, बोले-

# लालू ने पिछड़े वर्गों और यादवों के लिए कोई काम नहीं किया

- अगर घमंडिया गठबंधन का हिस्सा राजद जीतता है, तो बिहार में फिर से जंगल राज की वापसी हो जाएगी

**संवाददाता । आरा**





केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद प्रमुख ने न तो पिछड़े वर्गों और न ही 'यादव' समुदाय के लोगों के कल्याण के लिए कोई काम किया. शाह ने आरा संसदीय क्षेत्र से अपनी पार्टी के उम्मीदवार आरके. सिंह के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, अगर घमंडिया गठबंधन का हिस्सा राजद जीतता है तो बिहार में जंगलराज की वापसी होगी. लोग बिहार में जंगलराज, गैंगवार या अपहरण उद्योग की वापसी नहीं चाहते. लालू प्रसाद ने न तो पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम किया, न ही अपनी जाति (यादव समुदाय) के लोगों के लिए. यादव समुदाय के लोग गलत धारणा रखते हैं कि लालू उनके लिए (कोई विकास का) काम करेंगे. भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, लालू जी ने अपने दो बेटों को मंत्री बनाया, एक बेटी को राज्यसभा भेजा और दूसरी बेटी लोकसभा का चुनाव लड़ रही है, अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया... वह अपनी जाति के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते. उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को छीनकर इसे मुसलमानों को देने की कोशिश कर रहे हैं. मोदी जी के नेतृत्व वाला राजग ऐसा नहीं होने देगा. कांग्रेस के अलावा लालू और ममता सभी ओबीसी के आरक्षण-विरोधी हैं. कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में पश्चिम बंगाल में कई समुदायों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया. वे पूरी तरह से बेनकाब हो गए हैं.

शाह ने यह भी कहा, लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे होने के बाद, मैं आपको परिणाम बता सकता हूं. छठे चरण का मतदान कल होगा. मोदी जी पांचवें चरण तक 310 सीट पर जीत हासिल करते नजर आ रहे हैं. राजद अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी. इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ेगा. शाह ने कहा कि अगर आरा लोकसभा सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का उम्मीदवार जीतता है, तो एक बार फिर बिहार में नक्सलवाद लौट आएगा. आरा लोकसभा सीट के लिए एक जून को मतदान होना है और केंद्रीय मंत्री आरके. सिंह एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं. भाकपा (माले) के सुदामा प्रसाद आरा से महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं.

### मीसा के लिए राबड़ी देवी ने किया कैंपेन

**पटना ।** पूर्व सीएम राबड़ी देवी अपने बेटे पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव के साथ पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को चुनाव प्रचार करने पहुंची थीं. इस दौरान वो डोर टू डोर घूमकर बेटी मीसा भारती के लिए लोगों से वोट मांगी. इस सीट से राजद के टिकट से मीसा भारती चुनाव लड़ रही हैं. वहीं, दानापुर के फुलवारी शरीफ शहर में राबड़ी देवी को आम लोगों के सवालों का भी सामना करना पड़ा. लोगों ने कहा कि पांच साल में एक बार भी मीसा भारती घूमने नहीं आईं. क्या जीतने के बाद पांच साल आएंगी? इस पर राबड़ी जवाब देने से मुकरती नजर आईं. उन्होंने मीडिया के सवालों का भी जवाब नहीं दिया.

### नालंदा में भारी मात्रा में देसी शराब बरामद

**नालंदा ।** नालंदा में चंडी थाना की पुलिस ने शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना पर इलाके के नौली खंधा में छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी शराब के साथ शराब बनाने वाले कई उपकरण को बरामद किया है. सबसे बड़ी बात यह है कि पाउडर से शराब से बनाई जाती थी. वहीं, पुलिस ने छापेमारी कर शराब भट्ठी को ध्वस्त किया. छापेमारी के समय पुलिस को देख शराब माफिया मौके से फरार हो गए. बता दें कि यहां पुलिस को पाउडर से शराब निर्माण करने का पहला मामला मिला है. पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है. वहीं, पुलिस ने इस मामले में कई शराब माफिया को चिन्हित किया है और उसके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है.

बीजेपी नेता जीवेश मिश्रा ने लगाया आरोप

## बुर्के की आड़ में हो रहा वोट जिहाद, आयोग करे कार्रवाई

- बुर्के वाली महिलाओं की महिला कॉन्स्टेबल से जांच कराई जाए

**संवाददाता । पटना**

मधुबनी लोकसभा के जाले विधानसभा से पूर्व विधायक जीवेश मिश्रा ने शुक्रवार को मतदान को लेकर कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया है. वहीं चुनाव आयोग पर भी बड़े सवाल खड़े किए हैं. जीवेश मिश्रा ने कांग्रेस पर वोट जिहाद का गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बुर्के की आड़ में बोगस वोटिंग की गई है. मधुबनी लोकसभा के जाले विधानसभा स्थित 27 मतदान केंद्रों पर बुर्के में फर्जी वोटिंग की गई है. मिश्रा ने कहा कि सिर्फ जाले नहीं बल्कि समूचे देश भर में बुर्के की आड़ में वोट जिहाद चल रहा है. उन्होंने मांग की कि अब जो भी चुनाव हो तो बुर्के वाली महिलाओं को महिला कॉन्स्टेबल से जांच कराई जाए, क्योंकि पर्दानशीं की आड़ में बोगस वोटिंग चल रही है. ये बड़ा वोट जिहाद है. इसे रोकना होगा.

उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में लड़के बुर्का पहन कर वोट कर रहे थे. एक लड़का और तीन लड़की पकड़ी गई. मतदान केंद्रों पर जब वो पहुंचे तो उन्हें घर लिया गया. पुलिस बल ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला. उन्होंने कहा कि जब भी अली अशरफ फातमी चुनाव लड़ते हैं, बड़ी संख्या में विदेश से आकर लोग वोट करते हैं. इसमें बड़े पैमाने पर धांधली होती है. मैंने डीएम के पास भी शिकायत की.



**मोदी को रोकने के लिए भाड़े पर लोगों को लाया गया है**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रोकने के लिए भाड़े पर लोगों को लाया जा रहा है. बुर्के की आड़ में खुलकर वोट जिहाद चल रहा है. उन्होंने चुनाव आयोग से सख्ती बरतने की मांग की और कहा कि पर्दानशीं के साथ महिला कॉन्स्टेबल लगाया जाए. अभी तक हुए चुनाव की जांच होनी चाहिए. उन्होंने ये भी कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है. साथ ही जीवेश मिश्रा ने चुनाव आयोग से भी अपील की कि आप ऐसे पर्दानशी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, नहीं तो आप पर भी सवाल उठेंगे.

## एमडीएम खाने से कई बच्चे हुए बीमार

**संवाददाता । औरंगाबाद**



औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मिड डे मिल से 102 से अधिक बच्चे बीमार हो गए. जानकारी के मुताबिक मध्याह्न भोजन खाने के तुरंत बाद बच्चों को उल्टी और पेट में दर्द होने लगा. आनन-फानन में स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को इलाज के लिए कासमा स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र और रफीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां सभी बच्चों का इलाज चल रहा है. रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है. सभी बच्चे जल्द स्वस्थ हो जाएंगे. बच्चों को स्लाइन चढ़ाया गया है. उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है. डॉक्टर बच्चों की स्थिति पर पल-पल नजर बनाए हुए हैं. किसी भी बच्चे को हायर सेंटर रेफर नहीं किया गया है सभी का यही इलाज चल रहा है.

**सभी का इलाज कराया जा रहा है :** वही अस्पताल पहुंचे डीईओ ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के कारण विद्यालय के छात्र बीमार पड़े है. सभी का इलाज कराया गया है. मामले में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे, बक्शे नहीं जाएंगे. वही एसडीओ ने बताया कि सूचना मिली है कि फूड प्वाइजनिंग के कारण बच्चे बीमार पड़े है. मामले की जांच कराई जा रही है.

### स्वर्ण व्यवसायी से 14 लाख 24 हजार की ठगी

**दरभंगा ।** दरभंगा के कमतौल थाना क्षेत्र के कुसुमपट्टी गांव निवासी स्वर्ण व्यवसायी बेचन कुमार साहू से 14 लाख 24 हजार नौ रुपये की ठगी कर ली गई है. साइबर ठग ने यह ठगी ऑनलाइन गेमिंग में बिग विन के नाम पर की. इस मामले को लेकर पीड़ित ने दरभंगा के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित ने कहा कि उसने फेसबुक से बिग विन गेम डाउनलोड किया था. उस पर तीनपत्ती का गेम खेलना शुरू कर दिया था. इस खेल को खेलने के दौरान रिचार्ज का विकल्प आता था, जिसमें 20 से 50 हजार रुपये तक का विकल्प आता था. रिचार्ज करने के बाद कुछ रुपये भी मिला करते थे.

## ऑटो-पिकअप में टक्कर, बुआ-भतीजी सहित तीन लोगों की मौत, कई घायल

**संवाददाता । रोहतास**

रोहतास में एक ऑटो तथा पिकअप की टक्कर हो गई, जिसमें बुआ-भतीजी सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. इस घटना में तीन अन्य घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया है. घटना नोखा थाना क्षेत्र के जखनी पुल के पास की है. मृतकों की पहचान नोखा के पेनार निवासी अनिल सिंह की पत्नी मंजू (46), कछवा ओपी के कैथी गांव निवासी चुन्नू सिंह की पुत्री ख़ुशी कुमारी और जखनी निवासी छोटे लाल कुमार के रूप में की गई है. खुशी मंजू देवी की भतीजी थी.

**मृतकों में दो महिला व एक चालक शामिल**

इस मामले में ट्रैफिक डीएसपी आदिल बिलाल ने बताया कि सासाराम-आरा मुख्य पता पर ऑटो और पिकअप वैन के बीच सीधी टक्कर में चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई है. मृतकों में दो महिला सहित एक चालक शामिल है. दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल है, जिसका इलाज सासाराम सदर अस्पताल में कराया जा रहा है.

**सासाराम से नोखा जा रही थी ऑटो :** घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि सासाराम से नोखा की तरफ एक ऑटो जा रही थी. तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप वैन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया. वहीं प्रत्यक्षदर्शी रिशु सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल और सासाराम सदर अस्पताल पहुंचे.

**कारोबार**

### बिजली मांग 236.59 गीगावाट पर पहुंची

**नयी दिल्ली ।** देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग गुरुवार को 236.59 गीगावाट पर पहुंच गई जो इस मौसम में सबसे अधिक है. गर्मी से राहत के लिए घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है. बिजली मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति गुरुवार को 236.59 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है.

### अशोक लीलैंड का मुनाफा 16.73% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लीलैंड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.73 प्रतिशत बढ़कर 933.69 करोड़ रुपये रहा. कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 799.87 करोड़ रुपये था. समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 13,577.58 करोड़ रुपये रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 13,202.55 करोड़ रुपये थी. चौथी तिमाही में कुल व्यय घटकर 12,037.16 करोड़ रुपये रहा.

### अडाणी विप्रो की जगह सेंसेक्स में होगी शामिल

**नयी दिल्ली ।** गौतम अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन 24 जून से बीएसई के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी. एक आधिकारिक घोषणा में शुक्रवार को बताया गया कि अडाणी पोर्ट्स सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगी. इन बदलावों की घोषणा एसएंडपी डॉव जोन्स इंडेक्स और बीएसई के संयुक्त उद्यम एशिया इंडेक्स ने की. इसके अलावा टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड सेंसेक्स 50 में प्रवेश करेगी. वह डिवीज लैबोरेटरीज लिमिटेड की जगह लेगी. एशिया इंडेक्स ने कहा कि ये बदलाव सोमवार, 24 जून, 2024 से प्रभावी होंगे.

रक्षा मंत्रालय ने रियल्टी प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताते हुए काम रोकने की मांग की

## संकट में गोदरेज प्रॉपर्टीज का रियल्टी प्रोजेक्ट

**भाषा । नयी दिल्ली**




कुछ महीने पहले जब देश की प्रतिष्ठित गोदरेज ग्रुप ने मुंबई में रियल एस्टेट में हाथ डाला था, तो नहीं सोचा था कि उसे आनेवाले दिनों में नयी मुसीबत का सामना करना पड़ेगा. जबकि कंपनी के अनुसार सबकुछ नियम के तहत ही किया था. लेकिन प्रोजेक्ट शुरू करने के साथ ही रुकावटें होनी शुरू हो गईं. इससे गोदरेज प्रॉपर्टीज का मुंबई में 7,000 करोड़ रुपये का रियल्टी प्रोजेक्ट खतरे में पड़ गया है. इस बार कंपनी का सामना रक्षा मंत्रालय से हो रहा है. दरअसल रक्षा मंत्रालय ने इस पर आपत्ति जताते हुए काम रोकने की मांग की है. मंत्रालय ने कहा है कि यह परियोजना केंद्रीय आयुध डिपो के कांदिवली परिसर के बहुत करीब है. गोदरेज रिजर्व प्रोजेक्ट 18.6 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है. कंपनी की एफवाई24 नियामक फाइलिंग के अनुसार उसने पहले ही लगभग 1.91 मिलियन वर्ग फीट पर प्रोजेक्ट लॉन्च कर दिया है. उसे 1.51 मिलियन वर्ग फीट की बुकिंग के लिए 2,693 करोड़ रुपये मिल चुके हैं. डिफेंस मिनिस्ट्री की यूनिट ने प्रोजेक्ट के खिलाफ 'काम रोकने का नोटिस' मांग की है. उसने म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ ग्रेटर मुंबई (एमसीजीएम) के बिल्डिंग प्रपोजल डिपार्टमेंट को एक नोट भेजकर कहा है कि गोदरेज का प्लॉट उसके कांदिवली परिसर के 500 मीटर के भीतर स्थित है.

इस बारे में गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रवक्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार डेवलपर के रूप में, हमारी सभी परियोजनाएं संबंधित अधिकारियों से उचित और आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद शुरू होती हैं. इस मामले में भी, संबंधित अधिकारियों और रेरा से सभी अपेक्षित मंजूरियां ली गई हैं. हमें किसी भी संबंधित अथॉरिटी से किसी भी नियम के उल्लंघन के बारे में कोई नोटिस नहीं मिला है. सीओडी ने केंद्र सरकार के मई 2011 के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि किसी भी रक्षा प्रतिष्ठान के 100 मीटर के भीतर निर्माण गतिविधि की अनुमति नहीं है. इसके अलावा, रक्षा मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद रक्षा प्रतिष्ठान के 100-500 मीटर के दायरे में अधिकतम चार मंजिल तक के निर्माण की अनुमति है.

गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है. इसकी मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु संपत्ति बाजारों में उपस्थिति है. फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में कंपनी की सालाना सेल सबसे बेहतर रही. पिछले फाइनेंशियल ईयर में कंपनी की सेल्स बुकिंग 84% तेजी के साथ 22,527 करोड़ रुपये रही जो उससे पिछले साल 12,232 करोड़ रुपये थी. गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2024-25 में 27,000 करोड़ रुपये की सेल्स बुकिंग का टारगेट रखा है. इस लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी ने 21.9 मिलियन स्क्वायर फीट एरिया लॉन्च करने का प्लान रखा है. इसकी अनुमानित सेल्स बुकिंग वैल्यू 30,000 करोड़ रुपये है.

**बढ़ेगी परेशानी**

- यह प्रोजेक्ट केंद्रीय आयुध डिपो के करीब है
- 18 .6 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है
- 1.91 मि. वर्ग फीट पर प्रोजेक्ट लॉन्च हो चुका है

### सोना 74367 रुपये से गिरकर 71500 रुपये के करीब पहुंचा

**नयी दिल्ली ।** सिल्वर रिकॉर्ड स्तर और गोल्ड 75000 प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंचने के बाद हर दिन गिर रहा है. पिछले चार दिनों से गोल्ड और सिल्वर के रेट में गिरावट जारी है. हर दिन इन धातुओं के भाव में कमी आ रही है. सोना 74367 रुपये से गिरकर 71500 रुपये के करीब आ चुका है. सोने के भाव में यह गिरावट मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर देखी गई है. 20 मई 2024 को सिल्वर ने अपना ऑल टाइम हाई लगाया था. चांदी का भाव इस दिन 95,267 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया, लेकिन इसके बाद से इसके भाव में हर दिन गिरावट हुई है. हालांकि शुक्रवार को इसके दाम में 600 रुपये प्रति किलो का इजाफा हुआ है. एक किलो सोना 5 जून वायदा के लिए एमसीएक्स पर 91045 रुपये पर कारोबार कर रहा है. ऐसे में देखा जाए तो चांदी पिछले चार दिनों में 4,222 रुपये सस्ती हुई है. वहीं सोना एमसीएक्स पर 5 जून वायदा के लिए 71,526 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. इसके दाम में 51 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी आई है. वहीं 20 मई को गोल्ड के भाव 74367 रुपये प्रति 10 ग्राम थे, जो घटकर 71,526 रुपये पर आ चुके हैं.




ली जंग-जे गुरुवार को लॉस एंजिल्स में द एकोलाइट के लॉन्च इवेंट में पहुंचे.

**शेयर बाजार** तेजी के रथ पर सवार हो शुक्रवार को ऑल टाइम हाई बनाकर गिरा बाजार

## सेंसेक्स 75,636 और निफ्टी ने 23,026 का लेवल छुआ

**एजेसी । मुंबई**



तेजी के रथ पर सवार स्थानीय शेयर बाजारों के शुक्रवार को नए शिखर पर पहुंचने के बाद दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, आईटी और स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों में मुनाफावसूली हावी होने से मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 7.65 अंक यानी 0.01 प्रतिशत गिरकर 75,410.39 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 218.46 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 75,636.50 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर भी पहुंच गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में पहली बार 23,000 अंक के स्तर को पार कर गया. कारोबार के दौरान निफ्टी 58.75 अंक यानी 0.25 प्रतिशत चढ़कर 23,026.40 के अपने उच्चतम शिखर पर पहुंच गया. लेकिन बाद में बिकवाली के दबाव में यह 10.55 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,957.10 अंक पर बंद हुआ. लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड तोड़ तेजी रही. आम चुनावों के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे. सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईटीसी में प्रमुख रूप से गिरावट रही.

दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में बढ़त रही. विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की बिकवाली के बाद गुरुवार को फिर से खरीदार बन गए. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को 4,670.95 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए. यूरोप के अधिकांश बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे. अमेरिकी बाजार गुरुवार को नुकसान के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत गिरकर 80.77 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग के साथ अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे.

## फ्लिपकार्ट में छोटी हिस्सेदारी लेने की तैयारी में गूगल

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने ई-कॉमर्स विक्रेता फ्लिपकार्ट में वित्तपोषण के नए दौर में छोटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए निवेश का प्रस्ताव रखा है. वॉलमार्ट समूह की कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. फ्लिपकार्ट ने एक बयान में कहा, वॉलमार्ट की अगुवाई में होने वाले नए वित्तपोषण दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर अपने साथ जोड़ने की घोषणा की. यह कदम दोनों पक्षों की तरफ से नियामकीय एवं अन्य प्रक्रियागत अनुमोदनों के अधीन होगा.

हालांकि फ्लिपकार्ट ने गूगल की तरफ से निवेश की जाने वाली प्रस्तावित राशि का कोई ब्योरा नहीं दिया. इसके साथ ही उसने जुटाए जा रहे अपने कोष का आकार भी नहीं बताया. फ्लिपकार्ट ने कहा, गूगल के प्रस्तावित निवेश और उसके क्लाउड सहयोग से फ्लिपकार्ट को अपने कारोबार का विस्तार करने और देश भर में ग्राहकों को सेवा देने के लिए अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी.

# इंदौर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी



**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने के कारण जन-जीवन बेहाल है. इसके मद्देनजर पुलिस ने कुछ व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर लाल बत्ती का वक्त घटा दिया है, जबकि बिजली विभाग ट्रांसफार्मर के सामने 24 घंटे कूलर चलाकर इन्हें ठंडा रखने का जतन कर रहा है ताकि नियमित विद्युत आपूर्ति बरकरार रहे. सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) किरण शर्मा ने शुक्रवार को बताया, भीषण गर्मी को देखते हुए हमने अब तक तीन व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर लाल बत्ती के वक्त में आठ से 11 सेकंड की कटौती की है. शहर के अन्य ट्रैफिक सिग्नल पर भी यही प्रक्रिया दोहराने के लिए यातायात की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है. चश्मदीदों ने बताया कि शहर के कुछ व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर छांव के लिए हरी जाली लगाई गई है ताकि वहां लाल बत्ती पर रुकने वाले वाहन चालकों को तेज गर्मी से राहत मिल सके. चश्मदीदों के मुताबिक दोपहर के वक्त भीषण गर्मी के कारण शहर की सड़कों पर सन्नाटे का आलम रहता है. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के अलग-अलग बिजली केंद्र में ट्रांसफार्मर के सामने बड़े कूलर चलाए जा रहे हैं.

# केरल में भारी बारिश, तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



केरल में भारी बारिश जारी है. राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 200 मिमी से अधिक बारिश हुई है. भारी बारिश से कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में शुक्रवार को जलभराव हो गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से ज्यादा और बहुत ही भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है. छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर येलो अलर्ट जारी किया जाता है. राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने शुक्रवार को मीडिया से मुलाकात की और कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है. उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में पिछले 24 घंटों में 226.2 मिमी बारिश हुई.

## ब्रीफ खबरें

### वियतनाम में आग लगने से 14 की मौत

**हनोई ।** वियतनाम की राजधानी हनोई के एक छोटे अपार्टमेंट में गुरुवार आधी रात को आग लग जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए. सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सरकारी मीडिया ने बताया कि अपार्टमेंट मध्य हनोई की जिस गली में स्थित है, उसकी चौड़ाई मात्र दो मीटर है जिसके कारण दमकल वाहन वहां तक नहीं पहुंच सके और अग्निशमन कर्मियों ने पाइपों का उपयोग करके अंततः आग को काबू किया.

### तीन और बंधकों के शव गाजा से बरामद

**तेल अवीव (इजराइल)।** इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि सात अक्टूबर को मारे गए तीन और बंधकों के शव रात को गाजा से बरामद किए गए. सेना ने बताया कि हनान याब्लोंका, मिशेल निसेनबॉम और ओरियन हर्नांदेज के शव मिल गए हैं और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है. सेना के मुताबिक हमास द्वारा इजराइल पर हमले की शुरुआत वाले दिन मेफालिज्म चौराहे पर एक हमले में तीनों मारे गए थे और उनके शव गाजा ले जाए गए थे.

### ताइवान ने अपने तट के पास देखे युद्धक विमान

**ताइपे ।** ताइवान ने कहा कि उसके तट के पास चीन की सेना के व्यापक अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को दर्जनों चीनी युद्धक विमान और नौसैन्य पोत देखे गए. चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का कहना है कि उसका यह अभ्यास ताइवान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में है. चीन ने मीडिया को व्यापक फुटेज जारी किए हैं जिनमें ताइवान को 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के बलों से घिरा दिखाया गया है. ताइवान की आबादी 2.3 करोड़ है.

### भूस्खलन से 100 से अधिक लोगों की मौत

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ब्रॉड कास्टिंग कॉर्प (एबीसी) ने बताया है कि पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है. एबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन की घटना कथित तौर पर दक्षिण प्रशांत द्वीपीय देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में घटी. यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह 3 बजे के करीब हुआ. मृतकों की संख्या 100 से अधिक भी हो सकती है.

## नाहन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए पीएम बोले-

# कांग्रेस की 'तालाबाज सरकार' ने भर्ती आयोग पर ताला लगाया

एजेंसी। शिमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर हिमाचल प्रदेश के युवाओं को एक लाख नौकरियां देने के अपने वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी की 'तालाबाज सरकार' ने राज्य कर्मचारी चयन आयोग पर ताला लगा दिया है. शिमला लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप के समर्थन में सिरमौर जिले के नाहन में एक विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी 'घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी' हैं. उन्होंने कहा, मेरे लिए न तो नाहन नया है और न ही सिरमौर लेकिन मुझे कहना पड़ेगा कि आज का माहौल नया है क्योंकि मैंने नाहन में ऐसी ऐतिहासिक रैली नहीं देखी.

मोदी ने कहा, मैं यहां अपने या अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि एक विकसित राष्ट्र के लिए, भाजपा के तीसरे कार्यकाल के लिए आपका आशीर्वाद लेने आया हूं. उन्होंने कहा कि सीमा पर रहने वाले हिमाचल प्रदेश के लोग एक मजबूत देश की कीमत जानते हैं. हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी) को भंग करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि युवाओं को एक लाख नौकरियां देना तो दूर की बात है, कांग्रेस की तालाबाज सरकार ने भर्ती आयोग पर ताला लगा दिया है. पिछले साल फरवरी में, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने एचपीएसएससी को भंग कर दिया था. इसका कामकाज दिसंबर 2022 में पेपर लीक के एक मामले के सार्वजनिक होने के बाद निलंबित कर दिया गया था. मोदी ने कांग्रेस पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने का भी आरोप लगाया.



### आपदा पीड़ितों के लिए भेजी गई राशि चुनिंदा तरीके से बांटी गई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पिछले साल आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए केंद्रीय सहायता राशि चुनिंदा रूप से वितरित करने का आरोप लगाया और वादा किया कि सत्ता में लौटने के बाद यह पता लगाया जाएगा कि पैसा कहां गया. भाजपा के पालमपुर अधिवेशन में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पारित संकल्प का जिक्र करते हुए मोदी ने मंडी में एक चुनावी रैली के दौरान हिमाचल प्रदेश को राम मंदिर निर्माण के लिए संकल्प भूमि कहा. मोदी ने कहा, पालमपुर यहां से ज्यादा दूर नहीं है. मैं आज याद दिलाना चाहता हूं कि पालमपुर में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक थी, उसमें जो निर्णय हुआ था उससे एक इतिहास रचा गया था. इसी अधिवेशन में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था. यानी हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है. भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जून 1989 में पालमपुर की बैठक के दौरान राम मंदिर निर्माण के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था.

# प्रधानमंत्री बताएं हिमाचल में कांग्रेस की सरकार को अस्थिर क्यों किया : रमेश

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को जनसभा के मद्देनजर राज्य से संबंधित कुछ विषय पर उनसे सवाल किए और कहा कि प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर करने का प्रयास क्यों किया था.
प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के शिमला और मंडी संसदीय क्षेत्र में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा ने हिमाचल की जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को बेशर्मी से अस्थिर करने की कोशिश क्यों की? क्या निवर्तमान प्रधानमंत्री अग्निपथ योजना को ख़त्म करने का वादा करेंगे? मोदी सरकार ने रेलवे परियोजनाओं पर काम क्यों नहीं किया? कांग्रेस नेता ने कहा, अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की है. जो छह विधायक राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा के हाथों बिक गए थे, उन्हें विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था. उनके जाने से खाली हुई सीटों पर भाजपा ने बेशर्मी से उन्हें ही उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन के 10 वर्षों में यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के लिए गंदी राजनीति अपवाद नहीं है, बल्कि यह उनका सिद्धांत है. रमेश ने कहा, गोवा से सिक्किम, महाराष्ट्र से कर्नाटक और अब हिमाचल प्रदेश तक - कोई भी राज्य उनके हथकंडों से सुरक्षित नहीं है. उन्होंने ग़लत तरीक़े से हासिल किए गए चुनावी बॉण्ड से प्राप्त धन का इस्तेमाल करके देश के हर कोने में खुलेआम सरकारों को गिराया है या गिराने की कोशिश की है.

# कोर्ट ने विभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी। नयी दिल्ली



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपी विभव कुमार की पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होने से पहले दिल्ली पुलिस ने उन्हें तीस हजारी कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने विभव कुमार को चार दिनों यानी 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. विभव को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने चार दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. विभव 28 मई तक तिहाड़ जेल में रहेंगे. विभव के वकील ने एक बार फिर इस केस में आरोपी की गिरफ्तारी की जरूरत पर सवाल खड़ा किया. इस दलील के साथ विभव के वकील ने अरनेश कुमार मामले में दी गई कोर्ट की गाइड लाइन का हवाला भी दिया. कोर्ट ने विभव कुमार को चार दिनों की न्यायिक हिरासत में 28 मई तक तिहाड़ जेल भेज दिया.

### सुरक्षाबलों ने अब तक आठ नक्सली मार गिराये

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में शुक्रवार को एक नक्सली को मार गिराया. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी शुक्रवार को दी. अधिकारियों ने बताया कि एसटीएफ के जवान सुरक्षाबलों के एक संयुक्त दल का हिस्सा थे, जिसने गुरुवार को बीजापुर-नारायणपुर सीमा के पल्लेवाया-हांदावाड़ा इलाके में मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया था. इस कार्रवाई के साथ ही 21 मई को शुरू किये गये इस अभियान में कुल आठ नक्सली मारे गये हैं.

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दी आजम, पत्नी और बेटे को जमानत

एजेंसी। प्रयागराज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान के जन्म प्रमाणपत्र में कथित फर्जीवाड़ा मामले में आजम खान, उनकी पत्नी डॉक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को शुक्रवार को जमानत दे दी. न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने हालांकि केवल आजम खान की सजा पर रोक लगाई जबकि डाक्टर तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को राहत देने से इनकार कर दिया.

अदालत ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे द्वारा दायर तीन आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था. तीनों पर जन्म प्रमाणपत्र के कथित फर्जीवाड़ा मामले में रामपुर के सत्र न्यायालय द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को सुनाई गई सात साल की सजा को चुनौती दी थी. अभियोजन पक्ष के मुताबिक यह मामला तीन जनवरी 2019 का है. रामपुर के निवासी और मौजूदा समय में रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम खान के लिए दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के आरोप में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था. इसके बाद सत्र अदालत ने 18 अक्टूबर 2023 को इस मामले में तीनों को सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी.

### रईसी के हेलीकॉप्टर पर हमले का कोई संकेत नहीं मिला : ईरानी सेना

**तेहरान ।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे उसमें दुर्घटनाग्रस्त होते ही आग लग गई थी और इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि उस पर कोई हमला किया गया था. ईरानी मीडिया ने हादसे के जांचकर्ताओं के हवाले यह जानकारी दी. रविवार को हुई दुर्घटना में रईसी के अलावा देश के विदेश मंत्री और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी. दुर्घटना की जांच कर रहे सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का बयान गुरुवार देर रात सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया. दुर्घटना को लेकर जारी पहले बयान में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है लेकिन कहा गया है कि आगे की जांच के बाद और जानकारी मिलेगी. जनरल स्टाफ के बयान में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले नियंत्रण टॉवर और हेलीकॉप्टर के चालक दल के बीच स्थापित हुए संचार में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला. हेलीकॉप्टर ने हादसे से करीब 90 सेकंड पहले दो अन्य हेलीकॉप्टर से संचार स्थापित किया था.

# प्रमाण पत्रों के मामले को शीर्ष अदालत में देंगे चुनौती : ममता

एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 2010 के बाद से राज्य में जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देगी. ममता बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही.

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील करेगी. उन्होंने कहा, हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने संबंधी आदेश को नहीं मानते. हम ग्रीष्म अवकाश के बाद शीर्ष अदालत में अपील करेंगे. कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद्द कर दिया था. अदालत ने कहा था कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी की सूची में शामिल करना उनके साथ वोट बैंक की तरह बर्ताव करना है. बनर्जी ने चुनावी रैली में अपने संबोधन में मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी को एक भी वोट न दें ताकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' केंद्र में सरकार बना सके.

### हैं तैयार हम



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को नई दिल्ली में मतदान अधिकारी चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद गोल मार्केट स्थित एक वितरण केंद्र से निकलते हुए.

## कान फिल्म महोत्सव | एस नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो' को मिली सफलता

# मैसुरू के फिल्म निर्माता ने जीता प्रथम पुरस्कार

- पिछले पांच वर्षों में भारत में आया दूसरा पुरस्कार

एजेंसी। कान



कान फिल्म महोत्सव में चिदानंद एस नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो' ने ला सिनेफ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है. चिकित्सा पेशे से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में आए मैसुरू निवासी नाइक ने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के टेलीविजन विंग में अपने एक साल के पाठ्यक्रम के अंत में यह फिल्म बनाई थी. फिल्म की कहानी कन्नड़ भाषा की एक लोक कथा पर आधारित है. यह कहानी एक बूढ़ी महिला की है जो मुर्गे की चोरी करती है और इसके बाद उसका गांव अंधेरे में डूब जाता है. कान में ला सिनेफ प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार गुरुवार को भारत में जन्मी मानसी माहेश्वरी की एनिमेशन फिल्म 'बनीहुड' को दिया गया है.

मेरठ में जन्मी और निफ्ट, दिल्ली की पूर्व छात्रा माहेश्वरी ने ब्रिटेन के नेशनल फिल्म एंड टेलीविजन स्कूल में अपनी पढ़ाई के दौरान इस फिल्म का निर्माण किया था. ला सिनेफ प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार कोलंबिया विश्वविद्यालय की अस्या सेगालोविच द्वारा निर्देशित 'आउट ऑफ द विडो थ्रू द वॉल' और यूनान के थेसालोनिकी के अरस्तू विश्वविद्यालय के निकोस कोलीकोस द्वारा बनाई गई 'द कैओस शी लेफ्ट बिहाइंड' को दिया गया है. कान फिल्म महोत्सव में प्रथम पुरस्कार विजेता को 15000 यूरो, द्वितीय पुरस्कार के लिए 11,250 यूरो और तृतीय पुरस्कार के लिए 7,500 यूरो का अनुदान दिया जाता है. पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को 3 जून को सिनेमा डू पैंथियन में और 4 जून को एमके 2 क्वाई डी सीन में प्रदर्शित किया जाएगा. नाइक को मिला यह पहला पुरस्कार है जो पिछले पांच वर्षों में भारत में आया दूसरा पुरस्कार है.

## वैष्णो देवी जा रही मिनी बस दुर्घटनाग्रस्त

# एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

एजेंसी। अंबाला



हरियाणा के अंबाला छावनी के नजदीक शुक्रवार सुबह मोहरा गांव के पास वैष्णो देवी जा रही मिनीबस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गयी. इस हादसे में मिनी बस में सवार एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गयी. जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गये. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गयी. वहीं मिनी बस का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया.

**अंबाला से वैष्णो देवी जा रही थी बस :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि 30 श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस हरियाणा के अंबाला से माता वैष्णो देवी जा रही थी. दिल्ली-जम्मू नेशनल हाइवे पर पहुंचते ही बस की टक्कर एक ट्रक से हो गयी. इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गयी. हादसे में मिनी बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)